आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
15.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.39
सूर्यास्त 06.06

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी 11:10 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

रविवार, 22 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 189, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ राहुल भिवंडी की अदालत में पेश हुए सपकाल को नया जमानतदार बनाया- 12



■ कारपोरेट सामाजिक दायित्व को राष्ट्र निर्माण की पूंजी बनाने की जरूरत : सीपी राधाकृष्णन - 12



■ सर्वसम्मति पर आधारित होगा हिंद महासागर में संयुक्त समुद्री तंत्र - 13



■ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तिलक और सूर्यकुमार को संभालना होगा मोर्चा - 14

# ट्रंप ने 24 घंटे के भीतर ग्लोबल टैरिफ 10% से बढ़ाकर 15% किया

● राष्ट्रपति बोले- भारत से ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ 10% से बढ़ाकर 15% करने का ऐलान किया है। उन्होंने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार रात सभी देशों पर 10% टैरिफ लगाने की बात कही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने व्यापक शुल्क आदेशों को उच्चतम न्यायालय की तरफ से रद्द कर दिए जाने के बाद नया वैश्विक शुल्क लगाने की घोषणा की है। अब भारत को अब पहले के 25 प्रतिशत के बजाय केवल 15 प्रतिशत के जवाबी सीमा शुल्क का ही सामना करना होगा। ट्रंप की इस घोषणा के मुताबिक, यह अस्थायी आयात शुल्क 15 प्रतिशत का होगा। आयात शुल्क वह कर है जो कोई देश अन्य देशों से आयात की गई वस्तुओं पर लगाता है। आयातक को यह शुल्क सरकार को चुकाना होता है। आमतौर पर कंपनियां यह शुल्क अंतिम उपयोगकर्ता या उपभोक्ता पर डाल देती हैं। इस वजह से आयातित वस्तुएं उस देश में महंगी हो जाती हैं। जहां तक जवाबी शुल्क का सवाल है तो इस कर को अमेरिका ने पहली बार लगाया था। अप्रैल, 2025 में अमेरिका ने भारत सहित लगभग 60 देशों पर यह शुल्क लगाया था, ताकि अमेरिकी निर्यातकों को समान अवसर मिल सके। उदाहरण के लिए, यदि कोई देश अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाता है, तो अमेरिका भी उस देश की वस्तुओं पर उतना ही शुल्क लगाएगा। यह मौजूदा शुल्कों के अतिरिक्त लगाया जाता है। भारत के संदर्भ में अमेरिका ने अप्रैल, 2025 में 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। जुलाई में यह 25 प्रतिशत कर दिया गया और अगस्त में रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगाया गया। इस तरह भारतीय उत्पादों पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया।

फरवरी की शुरुआत में भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनने के बाद अमेरिका ने कहा कि भारत पर यह शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा और अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क हटा दिया जाएगा। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पहले की तरह आगे बढ़ेगी।

## भारतीय मूल के वकील नील ने अवैध टैरिफ के खिलाफ दलील दे पलटा ट्रंप का खेल



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापक प्रभाव वाले वैश्विक टैरिफ को निरस्त करने संबंधी ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में एक भारतीय मूल के वकील नील कात्याल हैं, जिन्होंने अमेरिका की शीर्ष अदालत में इन शुल्कों की अवैधता के खिलाफ दलील दी। भारतीय प्रवासी के पुत्र और राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में पूर्व अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल रहे नील कात्याल ने छोटे व्यवसायों की ओर से इस महत्वपूर्ण टैरिफ मामले में बहस की और जीत हासिल की। फैसला आने के तुरंत बाद कात्याल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, विजय। कात्याल ने एक साक्षात्कार में कहा, आज जो कुछ हुआ है वह अमेरिकी प्रणाली में बेहद खास है। मैं प्रवासी माता-पिता का बेटा हूं, मैं अदालत में गया और अमेरिका के छोटे व्यवसायों की ओर से यह दलील दी, देखिए, राष्ट्रपति अवैध तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अपना पक्ष रखने में सक्षम था, उन्होंने मुझसे बेहद कठिन सवाल पूछे। यह बहुत ही तीखी और गहन मौखिक बहस थी, और अंत में उन्होंने मतदान किया और हम जीत गए। उन्होंने आगे कहा, इस देश की यही बात असाधारण है। हमारे पास एक ऐसी व्यवस्था है जो स्वयं को सुधारती है, जो हमें यह कहने की अनुमति देती है कि आप दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति हो सकते हैं, लेकिन फिर भी आप संविधान का उल्लंघन नहीं कर सकते। कात्याल का जन्म शिकागो में चिकित्सक मां और अभियंता पिता के घर 1970 में हुआ था। उनके माता पिता भारत से यहां आये थे।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, त्योहार में मनमुटाव दूर कर लगाएं अपनों को गले व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### अंतर्राज्यीय नशा तस्करी गिरोह के 5 सदस्य पकड़े सभी बदायूं के रहने वाले

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में स्मैक की आपूर्ति करने वाले एक अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ गिरोह से जुड़े पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से लगभग 60 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। मुख्य आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी अमीन खान (24) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान खान ने खुलासा किया कि वह बदायूं के आपूर्तिकर्ताओं से स्मैक खरीदता था। इसके बाद पुलिस ने बदायूं से उसके दो आपूर्तिकर्ताओं राशिद (38) और बलबीर (34) को गिरफ्तार किया। खान के कॉल रिकॉर्ड की जांच के बाद उसके दो स्थानीय सहयोगियों आसिफ (27) और इकरार (42) का पता चला और गिरफ्तार कर लिया गया।

### नवजात की तस्करी वाले गिरोह का भंडाफोड़ पंजाब से दो गिरफ्तार

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने गोद लेने की सुविधा प्रदान करने के बहाने नवजात शिशुओं की तस्करी में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और पंजाब से दो लोगों को गिरफ्तार किया है तथा एक अन्य को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि अभियान के कांगड़ा पुलिस की एक टीम ने एक नाबालिग को भी बचाया। देहरा के पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने बताया कि रोहित राणा ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि दीपक आनंद नामक व्यक्ति ने नवजात शिशु को गोद दिलाने के बहाने उससे 23,500 रुपये की धोखाधड़ी की है। मामले में तत्काल प्राथमिकी दर्ज की गई।

# भारत-ब्राजील रिश्तों को नई मजबूती 20 अरब डॉलर का व्यापार समझौता

## प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के बीच खनिज, सुरक्षा को लेकर हुई वार्ता

● मोदी बोले- लातिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है ब्राजील

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा शनिवार को व्यापक वार्ता की। दोनों देशों ने अगले पांच वर्ष में 20 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य निर्धारित किया तथा महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने रक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा एवं डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना सहित कई अन्य क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने का भी संकल्प लिया, और साथ ही अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति से निपटने के लिए भारत-ब्राजील के बीच गहन रणनीतिक जुड़ाव पर जोर दिया।

मोदी ने कहा, भारत और ब्राजील इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद और उसके समर्थक मानवता के दुश्मन हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार आवश्यक है। राष्ट्रपति लूला पांच दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। उनकी यह यात्रा 18 फरवरी से शुरू हुई थी जिसका मुख्य उद्देश्य 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेना और मोदी के साथ वार्ता करना है। वर्ष 2024-25 में भारत-ब्राजील व्यापार 12 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें भारतीय निर्यात 6.77 अरब अमेरिकी डॉलर और ब्राजील से आयात 5.43 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। मोदी ने कहा कि जब भारत-ब्राजील मिलकर काम करते हैं, तो 'ग्लोबल साउथ' की आवाज मजबूत होती है।



नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

### राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमलों की निंदा की

वहीं, लूला ने अपनी टिप्पणियों में पहलगाम में हुई आतंकी हमलों की निंदा की और कहा कि आतंकवाद को किसी भी धर्म या राष्ट्रीयता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अशांत वैश्विक माहौल के लिए भारत और ब्राजील को अपने रणनीतिक संबंधों को गहरा करने की आवश्यकता है तथा दोनों शक्तियों के बीच संवाद सर्वोत्तम स्तर की बातचीत है। उन्होंने कहा, हम सिर्फ 'ग्लोबल साउथ' के दो सबसे बड़े लोकतंत्र ही नहीं हैं। यह एक डिजिटल महाशक्ति और नवीकरणीय ऊर्जा महाशक्ति का मिलन है। हम दोनों ही अत्यधिक विविधता वाले देश हैं और हम दोनों ही बहुपक्षवाद एवं शांति के समर्थक हैं।

### विकसित भारत के लिए 'मेड इन इंडिया' चिप अत्यंत महत्वपूर्ण : मोदी

**ग्रेटर नोएडा।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत की नींव आत्म-निर्भरता के आधार पर रखी जाएगी, जिसके लिए भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप का होना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम 'इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड' के सेमीकंडक्टर संयंत्र का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान छोटी चिप की कमजोर आपूर्ति शृंखला ने कई अर्थव्यवस्थाओं के विकास को रोक दिया था और विभिन्न कारखानों में काम ठप हो गया था। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए भारत में बनी चिप बहुत जरूरी हैं। (विस्तृत कारोबार पेज पर)

# योगी ने अन्नदाताओं के खाते में 460 करोड़ किए ट्रांसफर



लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में किसान को चेक प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी।

● 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ की बीमा राहत, 3500 परिवारों को 175 करोड़ सहायता
● पांच शहरों में लगेंगे डॉप्लर वेदर राडार, आपदा मित्रों को पांच लाख का बीमा कवर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ-2025) के तहत 2.51 लाख अन्नदाता किसानों को 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि वितरित की। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 3500 लाभार्थी परिवारों को 175 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। एक बटन दबाकर कुल 460 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर किए गए।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि डबल इंजन सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों के खातों में राशि हर हाल में अगले 24 घंटे में पहुंच जानी चाहिए। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख भी मौजूद रहे।

**2026-27 बजट का लाभ सीधे खातों में :** सीएम योगी ने कहा कि हाल ही में पारित 2026-27 के बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए कई योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों के खातों में पहुंचे।

**फसल बीमा से 2.51 लाख किसानों को संबल :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सूखा और अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल बीमा संकट की घड़ी में सुरक्षा कवच की तरह काम करता है। गत 16 जून 2025 को भी 11,690 किसानों और आश्रितों को 561.86 करोड़ वितरित किए गए थे।

**पांच शहरों में डॉप्लर वेदर राडार :** मुख्यमंत्री ने बताया कि लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी व आजमगढ़ में डॉप्लर वेदर राडार लगाए जाएंगे। इससे मौसम पूर्वानुमान के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावित जगह की सटीक जानकारी मिल सकेगी। प्रदेश में 450 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन और 2000 ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

**कई परियोजनाओं का शिलान्यास :** सीएम ने बागपत, शामली, कासगंज और भदोही में उप कृषि निदेशक कार्यालय व मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं, झांसी के मऊरानीपुर में 50 शैय्या छात्रावास तथा लखनऊ में स्मार्ट कृषि ब्यूरो स्टूडियो इकाई का शिलान्यास भी किया।

### दुर्घटना में मौत पर पांच लाख की सहायता

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत अब किसान के साथ-साथ उसके परिवार के सदस्य, बटाईदार और सह किसान भी कवर किए जा रहे हैं। दुर्घटना में मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये की सहायता दी जाती है। अब तक इस योजना में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक वितरित किए जा चुके हैं।

### आपदा के 24 घंटे में राहत पहुंचाने का लक्ष्य

सीएम योगी ने कहा कि पहले आपदा पीड़ितों को वर्षों तक मुआवजा नहीं मिलता था, लेकिन अब सरकार का लक्ष्य है कि बाढ़, आकाशीय बिजली या आगजनी जैसी घटनाओं में 24 घंटे के भीतर सहायता राशि खातों में पहुंच जाए। राज्य आपदा मोचक निधि में 2025-26 के लिए 876 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। फसल क्षति से प्रभावित 5 .14 लाख किसानों को 260 करोड़, जनहानि के 5398 मामलों में 216 करोड़ और मकान क्षति के 27,448 मामलों में 24 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश

● यौन शोषण मामले में एडीजे (पॉक्सो एक्ट) ने दिया आदेश

प्रयागराज, एजेंसी

प्रयागराज की एक विशेष अदालत ने ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) विनोद कुमार चौरसिया ने पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज कर विधिवत विवेचना करने के निर्देश दिए हैं।

अदालत के आदेश के बाद झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यह अर्जी शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173(4) के तहत दाखिल की गई थी। आरोप है कि संबंधित आश्रम में नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण हुआ। आवेदक ने अदालत में कथित साक्ष्य के रूप में सीडी भी प्रस्तुत करने का दावा किया है। गौरतलब है कि 13 फरवरी को आरोप लगाने वाले दोनों नाबालिगों के बयान अदालत में वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए गए थे।

### हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है, सच्चाई जल्द सबके सामने आएगी



**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। प्रयागराज के पाक्सो अदालत ने शंकराचार्य और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया है। शंकराचार्य ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "मेरे खिलाफ फर्जी केस दर्ज कराया गया है। हम मुकदमे का सामना करेंगे। आरोप लगाने वाले खुद हिस्ट्रीशीटर हैं। हमारी न्यायपालिका और सच्चाई पर पूरा भरोसा है।

## आतंकी खतराः प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों की बढ़ाई सुरक्षा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आतंकी खतरे की आशंका संबंधी खुफिया जानकारी मिलने के बाद शनिवार को लाल किले के आसपास के इलाके और चांदनी चौक के कुछ हिस्से सहित राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया था कि पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटीटी) ने कथित तौर पर भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को हमले वाले स्थानों की सूची में रखा है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने लाल किले के पास संभावित विस्फोट के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया है, जो प्रमुख पर्यटन स्थल और उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है। सूत्रों ने बताया कि ऐसी खुफिया सूचना है कि चांदनी चौक स्थित एक मंदिर को भी निशाना बनाया जा सकता है।

# 'पुलिस ने घेर लिया है, सरेंडर कर दो' कोर्ट- एसपी बहराइच हाजिर हों

विधि संवाददाता, लखनऊ

● पुलिस की एफआईआर में ऐसे फ़िल्मी डॉयलॉग पर हाईकोर्ट चकित

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पुलिस अधिकारियों द्वारा दर्ज कराई जाने वाली प्राथमिकी में फ़िल्मी डॉयलॉग के इस्तेमाल पर आश्चर्य जताया है। दरअसल, बहराइच जनपद के गो-हत्या के एक मामले में पुलिस द्वारा दर्ज कराई गई एक एफआईआर में लिखा है कि जब पुलिस टीम अभियुक्तों को गिरफ्तार करने पहुंची तो पहले चेतावनी दी कि तुम लोग पुलिस से घिर चुके हो, आत्मसमर्पण कर दो।

कोर्ट ने कहा कि यह अजीब है कि फिल्मों में ऐसे डॉयलॉग इस्तेमाल होते हैं, वही पुलिस की एफआईआर में भी हैं। कोर्ट ने एसपी बहराइच को सम्बंधित मामले में पाई गई विसंगतियों पर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही, याची अभियुक्त की गिरफ़्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन व न्यायमूर्ति पीके श्रीवास्तव की खंडपीठ ने अकबर अली की याचिका पर पारित किया। याची ने 22 जनवरी 2026 को बहराइच जिले के जरवल रोड थाने में दर्ज एफआईआर को चुनौती दी है।

मामले में अभियोजन के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर पुलिस दल ने गो-हत्या एवं हत्या के प्रयास के आरोप में तीन व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार किया था और घटनास्थल से फरार हो गये चौथे अभियुक्त के रूप में याची का नाम सामने आया। एफआईआर का अवलोकन करते हुए कोर्ट ने पाया कि घटना का समय प्रातः 10:45 अंकित है। जबकि एफआईआर में कहा गया है कि अभियुक्तगण आपस में बात कर रहे थे कि 'अब उजाला होने वाला है'। कोर्ट ने कहा कि पौने 11 बजे अभियुक्तगण यह कैसे कह रहे थे कि अब उजाला होने वाला है? एफआईआर की तमाम बातें फिल्मी पटकथा जैसी प्रतीत हो रही हैं

बढ़ते कदम | केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- दुनिया भर के देशों ने 'सभी के कल्याण और सभी की खुशी' के सिद्धांतों को मान्यता दी

# भारत के विजन पर 88 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

● हस्ताक्षर करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन डेनमार्क और जर्मनी भी शामिल



राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के घोषणापत्र पर कुल 88 देशों एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, डेनमार्क और जर्मनी भी शामिल हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रभावों पर आयोजित शिखर सम्मेलन को मिले वैश्विक समर्थन को दर्शाता है। इस घोषणा का मूल सिद्धांत 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' यानी 'सबके कल्याण के लिए, सबकी खुशी के लिए है। वैष्णव ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के मानव-केंद्रित एआई की दृष्टि को वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया गया है। एआई संसाधनों, सेवाओं और प्रौद्योगिकी को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का लक्ष्य सभी देशों ने स्वीकार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक वृद्धि के साथ सामाजिक भलाई को संतुलित करने को प्राथमिकता दी जा रही है। वैष्णव ने कहा, सिर्फ आर्थिक वृद्धि ही नहीं, सामाजिक सामंजस्य पर भी ध्यान देना जरूरी है। सुरक्षा और भरोसा इस योजना के केंद्र में हैं और इन्हें मुख्य बिंदुओं में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार और मानव संसाधन के विकास पर भी जोर दिया गया है। वैष्णव ने कहा, इन सभी क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर सभी देशों ने सहमति जताई है। एआई इंपैक्ट समिट में केवल एआई से संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए 250 अरब डॉलर से अधिक का निवेश सुनिश्चित किया गया।

### घोषणा को समर्थन में यह देश

इस घोषणा का 86 देशों और दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने समर्थन किया है। इनमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, भूटान, ब्राजील, कनाडा, डेनमार्क, एस्टोनिया, इथियोपिया, जापान, इटली, इजराइल और आयरलैंड शामिल हैं। समर्थन देने वाले अन्य देशों में इंडोनेशिया, ईरान, हंगरी, यूनान, जर्मनी, फिनलैंड, मेक्सिको, म्यांमार, नेपाल, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, ओमान, फिलीपींस, पेरू, रोमानिया, रवांडा, सेनेगल, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, स्पेन, श्रीलंका, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, तंजानिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और यूक्रेन शामिल हैं। इसके अलावा यूरोपीय संघ (ईयू) और अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) के रूप में दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भी इस घोषणा का समर्थन किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मेरठ में पीएम का कार्यक्रम ऐतिहासिक बने : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन स्थल, रेलवे स्टेशन और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नमो भारत रैपिड रेल के विस्तार और मेरठ मेट्रो सेवा की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों की सहभागिता संभावित है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं सुचारु और सुरक्षित रहें। उन्होंने पार्किंग, यातायात प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रविवार को प्रधानमंत्री करीब 12,930 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री शताब्दी नगर स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

### बिना कारण बताए हमारी एनएसजी सुरक्षा हटाई



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सुरक्षा से खिलवाड़ करती है। मुझे एनएसजी सिक्योरिटी और राहुल गांधी को एसपीजी सुरक्षा मिली थी। भाजपा सरकार ने उनकी एसपीजी सुरक्षा हटायी, उनका घर खाली कराया। बिना कारण बताए हमारे पास से एनएसजी सुरक्षा हटा ली। सरकार हमारे ड्राइवर और गेट खोलने वालों की भी गिनती कर बता रही कि इतनी सुरक्षा दे दी है। सुरक्षा का जो प्रोटोकॉल है, वह तो मिलेगा ही। सपा प्रमुख ने शनिवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब बुलडोजर से किसी का घर गिरता है तो मुख्यमंत्री आवास में बैठकर खुश होते हैं और कहते हैं, देखिए आज मैंने घर गिरवा दिया। मुख्यमंत्री दूसरों को उपद्रवी और माफिया कहते हैं।

### 'लखनऊ दर्शन' बस में फिर शामिल हुई विधानसभा की सैर

**अमृत विचार , लखनऊ :** उत्तर प्रदेश का बजट सत्र समाप्त हो चुका है, अब 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा के जरिए पर्यटक एक बार फिर से भव्य और ऐतिहासिक उप्र. विधानसभा भवन का भ्रमण कर सकेंगे। बजट सत्र के दौरान सुरक्षा कारणों से विधानसभा भ्रमण अस्थायी रूप से रोक दिया गया था, लेकिन अब लोकतंत्र का यह दरबार आम लोगों के स्वागत के लिए फिर से तैयार है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को दी।

# मतदाता बनाने को आज चलेगा प्रदेशभर में विशेष अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **सुबह 10.30 से 1.30 बजे तक बूथों पर बैठेंगे बीएलओ, डीएम करेंगे निगरानी**

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत रविवार को प्रदेश के सभी पोलिंग बूथों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसका मकसद अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना और उसे त्रुटिरहित बनाना है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी का दायित्व निभा रहे सभी डीएम कड़ी निगरानी रखेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि वर्ष 2026 का यह चौथा विशेष अभियान दिवस होगा। इससे पहले 11 जनवरी, 18 जनवरी और 31 जनवरी को भी प्रदेशभर में ऐसे अभियान आयोजित किए जा चुके हैं। 22 फरवरी (आज) को प्रत्येक बूथ पर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूद रहेंगे। उनके पास 6 जनवरी-26 को प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति तथा फॉर्म 6, 6 ए, 7 और 8 उपलब्ध रहेंगे।

हर मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था भी की जाएगी, जहां लोगों को फॉर्म भरने में सहायता दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। जिन युवाओं की आयु 1 जनवरी-26 को 18 वर्ष पूरी हो चुकी है और जिनका नाम सूची में दर्ज नहीं है। वह फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को जमा कर सकते हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग के मोबाइल एप और voters.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

# एआई इम्पैक्ट समिट में यूपी मॉडल की गूंज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **'इंडियाज एआई इम्पैक्ट स्टार्टअप्स रिपोर्ट' में शामिल हुए यूपी से जुड़े स्टार्टअप**
- **सरकारी स्कूलों में तकनीक आधारित लर्निंग मॉडल की हुई सराहना**

**अमृत विचार :** दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में उत्तर प्रदेश की एआई आधारित शिक्षा पहल को राष्ट्रीय पहचान मिली है। समिट में जारी 'इंडियाज एआई इम्पैक्ट स्टार्टअप्स रिपोर्ट' में देशभर के 110 स्टार्टअप और गैर-लाभकारी संगठनों को शामिल किया गया है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जरिए सामाजिक और आर्थिक बदलाव की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

रिपोर्ट को इंडिया एआई और कल्पा इंपैक्ट द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसमें प्रमुख क्षेत्रों में नवाचारों को रेखांकित किया गया है। उत्तर प्रदेश का उल्लेख एआई आधारित शिक्षा मॉडल के उदाहरण के रूप में किया गया है। प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में एआई संचालित प्लेटफॉर्म लागू किया गया है। इसके जरिए छात्रों के सीखने के स्तर का आकलन कर उन्हें व्यक्तिगत अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इससे लर्निंग गैप की पहचान कर समय पर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में एआई टूल्स के उपयोग को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया गया है।

राज्य सरकार का मानना है कि एआई जैसे उभरते तकनीकी उपकरणों का लाभ केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहकर ग्रामीण अंचलों तक पहुंचना चाहिए। यही वजह है, बजट 2026-27 में भी डिजिटल और एआई आधारित पहलों पर विशेष जोर दिया गया है।

### डिजिटल शिक्षा नीति को मिली मान्यता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लंबे समय से शिक्षा में डिजिटल हस्तक्षेप को प्राथमिकता दे रही है। बड़ी संख्या में सरकारी विद्यालयों और छात्रों वाले प्रदेश में तकनीक आधारित समाधान को व्यापक स्तर पर लागू करना चुनौतीपूर्ण रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय रिपोर्ट में यूपी मॉडल का जिक्र डिजिटल शिक्षा नीति की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है।

### पीपीपी मॉडल बना उदाहरण

रिपोर्ट में सरकार और स्टार्टअप के बीच सहयोग को प्रभावी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया है। 110 चयनित स्टार्टअप्स में शिक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन के उदाहरण के तौर पर उत्तर प्रदेश का उल्लेख प्रदेश की बढ़ती तकनीकी क्षमता को दर्शाता है।

# जेवर से उठी चिप क्रांति : योगी

## 3700 करोड़ की पहली सेमीकंडक्टर परियोजना का शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **एचसीएल-फॉक्सकॉन के संयुक्त निवेश से 2028 तक शुरू होगा उत्पादन**
- **3500 रोजगार और 45 हजार करोड़ जीडीपी योगदान का अनुमान**
- **'फियरलेस बिजनेस' और 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' मॉडल की चर्चा**




यीडा क्षेत्र में सेमीकंडक्टर परियोजना की आधारशिला रखते मुख्यमंत्री योगी, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने 'स्केल और स्पीड' के साथ विकास का नया मॉडल स्थापित किया है और जेवर में सेमीकंडक्टर परियोजना का शिलान्यास इसी परिवर्तन का प्रतीक है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में 3700 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर परियोजना की आधारशिला रखे जाने को उन्होंने प्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया।

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप भारत वैश्विक तकनीकी महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पीएम का कथन भी दोहराया "ऑयल वॉज ब्लैक गोल्ड, बट चिप इज डिजिटल डायमंड।" इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2017 से पहले जेवर क्षेत्र अराजकता और असुरक्षा के लिए जाना जाता था, लेकिन आज यह देश का 'जेवर' बनकर उभर रहा है।

सीएम ने कहा, उत्तर प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, डी-रेगुलेशन और डी-क्रिमिनलाइजेशन के माध्यम से निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है। 'फियरलेस बिजनेस' और 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' का इकोसिस्टम स्थापित हुआ है, जिससे प्रदेश निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बना है। यह परियोजना विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की आधारशिला है।

### देश की सेमीकंडक्टर महत्वाकांक्षा का नया केंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र का जेवर अब देश की सेमीकंडक्टर महत्वाकांक्षा का नया केंद्र बनने जा रहा है। इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड की डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट (डीडीआईसी) ओसैट यूनिट के शिलान्यास के साथ उत्तर प्रदेश में 'चिप क्रांति' की नई लहर उठी है। करीब 3,700 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित होने वाली यह अत्याधुनिक इकाई वर्ष 2028 तक परिचालन में आने की उम्मीद है। इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड, एचसीएल टेक्नोलॉजिस और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप का 60 :40 संयुक्त उद्यम है। यह देश की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट (डीडीआईसी) ओसैट सुविधा होगी, जहां स्मार्टफोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल सिस्टम और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स में उपयोग होने वाले डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का उत्पादन किया जाएगा। संयंत्र की प्रति माह 20,000 वेफर्स प्रोसेसिंग क्षमता होगी, जिससे देश में सेमीकंडक्टर कंपोनेंट्स की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस इकाई से भारत की आयात निर्भरता घटेगी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में देश की भूमिका मजबूत होगी। मोबाइल, टीवी और ऑटोमोबाइल डिस्प्ले में उपयोग होने वाले डीडीआईसी चिप्स के घरेलू उत्पादन से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र को नई गति मिलेगी।

परियोजना से 3,500 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है। साथ ही स्थानीय सप्लाई चेन विकसित होगी और वैश्विक साझेदारों का निवेश आकर्षित होगा। परियोजना से प्रतिवर्ष लगभग 45,000 करोड़ रुपये के जीडीपी योगदान की संभावना जताई गई है।

# कौशल प्रशिक्षण में सुधार को परफॉर्मेंस बेस्ड ग्रेडिंग नीति लागू

## गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रदेश सरकार का बड़ा कदम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **ग्रेडिंग सिस्टम से तय होगी संस्थानों की रैंकिंग, बेहतर प्रदर्शन पर मिलेंगे ज्यादा लक्ष्य**

**अमृत विचार :** प्रदेश में कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। उप्र. कौशल विकास मिशन द्वारा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए नई परफॉर्मेंस-बेस्ड ग्रेडिंग नीति लागू कर दी है।

नई नीति का उद्देश्य प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और युवाओं की रोजगार क्षमता को सशक्त बनाना है। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार कौशल विकास को सीधे रोजगार से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। गुणवत्ता आधारित प्रतिस्पर्धा से युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा इस व्यवस्था से बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को अधिक अवसर मिलेंगे, जबकि कमजोर संस्थानों में सुधार की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। नई व्यवस्था के तहत प्रशिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन हर वर्ष फरवरी के अंतिम दिन तक पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा। मार्च में ग्रेडिंग को अंतिम रूप दिया जाएगा और अप्रैल में प्रशिक्षण केंद्रों को नए लक्ष्य आवंटित होंगे। जैसे, वर्ष 2026-27 की ग्रेडिंग वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के औसत प्रदर्शन के आधार पर तय की जाएगी।

### 1712 संस्थान होंगे शामिल

नई नीति के दायरे में निजी प्रशिक्षण केंद्रों, राजकीय संस्थानों, दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्रों, स्टार्टअप्स और डीडीयू-जीकेवाई सहित कुल 1712 प्रशिक्षण प्रदाता शामिल किए गए हैं।

### 'ए' से 'डी' तक चार श्रेणियां

मिशन निदेशक पुलकित खरे के अनुसार, केवल वे संस्थान ग्रेडिंग प्रक्रिया में शामिल होंगे, जो फरवरी तक संबद्ध हों और डिबार या ब्लैकलिस्ट न हों। उन्होंने बताया कि 40 अंकों के मानक तय किए गए हैं, इनमें 36-40 अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षण संस्थानों को 'ए' ग्रेड में रखा जाएगा, इसी प्रकार 30-36 अंक पर 'बी' ग्रेड, 25-30 अंक होने पर 'सी' ग्रेड और 25 से कम अंक मिलने पर 'डी' ग्रेड में स्थान मिलेगा। ग्रेडिंग नामांकन, प्रशिक्षण पूर्णता और परिणाम आधारित प्रदर्शन पर केंद्रित होगी।

### वाराणसी जा रहे सपाई किए गए हाउस अरेस्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख के निर्देश पर दालमंडी वाराणसी जा रहे प्रतिनिधिमंडल को लखनऊ में ही प्रशासन ने रोक लिया। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव तथा कुछ अन्य नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। नेता विरोधी दल ने कहा है कि जब हक और इंसाफ की आवाज बुलंद होती है तो सत्ता के गलियारों में बैठे लोग बेचैन हो जाते हैं।

### कांग्रेस के प्रदर्शन को बताया अशोभनीय



**अमृत विचार, लखनऊ :** नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुई एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने को बसपा प्रमुख मायावती ने अभोभनीय करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह विदेशी प्रतिनिधियों के सामने इस तरह से प्रदर्शन करके देश की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोशल मीडिया प्लेट फार्म एक्स पर लिखा कि नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट हुई। इसमें देश व विदेश के काफी प्रमुख लोग आमंत्रित किए गए। यह इंवेट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में था। इस दौरान जिन कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न होकर अपना विरोध प्रदर्शन किया, अत्यंत अशोभनीय और निंदनीय हैं।




लखनऊ : राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करते भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### राहुल गांधी के खिलाफ भाजयुमो का प्रदर्शन, किया पुतला दहन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता वीवीआईपी गेस्ट हाउस के सामने एकत्र हुए और वहां से कांग्रेस कार्यालय की ओर कूच किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी, जिससे मार्ग पूरी तरह जाम हो गया। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी होश में आओ और मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए तथा कांग्रेस नेता का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का कारण इंटरनेशनल एआई समिट में कथित रूप से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए विरोध को बताया गया। भाजयुमो उपाध्यक्ष संजय शुक्ला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि धूमिल कर रहे हैं।

# शिक्षामित्र और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि से 1.68 लाख परिवारों को राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **अप्रैल से शिक्षामित्रों को प्रतिमाह मिलेंगे 18,000 और अंशकालिक अनुदेशकों को 17,000 रुपये**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने शिक्षामित्र और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में उल्लेखनीय वृद्धि करके लगभग 1.68 लाख कर्मियों और उनके परिवारों को राहत दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की थी कि आगामी 1 अप्रैल 2026 से प्रदेश में कार्यरत शिक्षामित्रों को 18,000 रुपये और अंशकालिक अनुदेशकों को 17,000 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। इस फैसले से दोनों वर्गों पर अनुमानित 1,480 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

प्रदेश में वर्तमान में 1,43,450 शिक्षामित्र कार्यरत हैं, जिन्हें अब तक 10 हजार रुपये प्रतिमाह मिलते हैं। नई नीति के अनुसार यह राशि बढ़ाकर 18,000 रुपये की गई है, जिससे प्रति शिक्षामित्र वार्षिक अतिरिक्त व्यय 88 हजार रुपये होगा। वहीं, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 24,781 अंशकालिक अनुदेशकों को 17हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा, जिससे इनके लिए वार्षिक अतिरिक्त व्यय लगभग 218 करोड़ रुपये होगा।

मानदेय वृद्धि से न केवल शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के जीवन स्तर में सुधार होगा, बल्कि विद्यालयों में उनकी कार्यक्षमता और मनोबल भी बढ़ेगा। इससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि की उम्मीद है।

विभिन्न जिलों के शिक्षामित्रों और अनुदेशकों ने इस फैसले का स्वागत किया। मुरादाबाद की एक शिक्षामित्र ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में 10 हजार रुपये में गुजारा करना कठिन था, अब आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद जगी है। अयोध्या के सुखजीत सिंह ने इसे लंबी समय से चली आ रही समस्याओं पर गंभीरता से लिया गया निर्णय बताया।



उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री एंड्रेज प्लेनकोविक का शनिवार को आगरा आगमन पर स्वागत किया। मंत्री उपाध्याय ने प्रधानमंत्री को ताजमहल और आगरा किले का भ्रमण कराया और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन क्षमता से अवगत कराया। अमृत विचार

**तैयारी** | तीन महीने में दो बार विधान सभा घेरने के आंदोलन से पार्टी में ऊर्जा लाने की हो रही कवायद

# प्रदेश में सियासी जमीन तैयार करने में जुटी कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मनरेगा बचाओ अभियान से अंतिम पायदान पर खड़े लोगों से जुड़ने की हो रही कोशिश**
- **बीते 36 साल से प्रदेश की सत्ता से बाहर रहने से बढ़ रही अकुलाहट**

**अमृत विचार:** विधान सभा चुनावों में महज एक वर्ष रह गया है तो कांग्रेस ने भी सत्ता का 36 साल से सूखा खत्म करने के लिए सियासी जमीन तैयार करने की कवायद शुरू कर दी है। पिछले तीन महीने के अंतराल में ही विधान सभा घेरने के इरादे से दो बड़े प्रदर्शन करके कार्यकताओं में जहां जोश भरने का प्रयास है, वहीं मनरेगा बचाओ अभियान और एसआईआर पर मुखर रुख अपनाकर प्रदेश के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को जोड़ने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि कांग्रेस के यह आंदोलन सियासी जमीन को कितना लहलहा पाते हैं, यह अभी भविष्य के गर्त में छिपा है।

देश आजाद होने के बाद उत्तर प्रदेश में गोविंद बल्लभ पंत के नेतृत्व में पहली सरकार बनी थी। इसके बाद कांग्रेस की सूबे में 11 बार सरकार बनी। इससे एक बारगी को माना जाने लगा कि कांग्रेस की सत्ता का सूरज उत्तर प्रदेश में शायद ही अस्त हो। वर्ष 1985 को हुए विधान सभा के चुनावों में कांग्रेस ने 269 सीटें जीत कर सरकार बनाई थी। लेकिन 1989 में हुए चुनाव में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई। उस समय कांग्रेस को महज 94 सीटें पाकर ही संतोष करना पड़ा था। उसके बाद कांग्रेस का प्रदेश में जो ग्राफ गिरने का सिलसिला शुरू हुआ, वह आज तक जारी है। हैरत की बात तो यह है कि वर्ष 2007 के बाद तो कांग्रेस की सीटें दहाई में भी नहीं आ पाई हैं। मौजूदा समय में कांग्रेस के बाद विधान सभा में दो सीटें हैं। एक विधायक अराधना मिश्रा हैं। वह प्रतापगढ़ की रामपुर खास चुन कर आईं हैं, जबकि दूसरे विधायक वीरेन्द्र चौधरी हैं। वह महाराजगंज के फरेंदा से विधायक हैं।

> कांग्रेस ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों के विरोध में प्रदर्शन और विधान सभा घेराव के कार्यक्रम किए हैं। इससे कार्यकर्ताओं में जोश पैदा होता है। वर्ष 2027 के चुनाव कांग्रेस पूरी दमदारी के साथ बेहतर परिणाम देगी।
>
> -अंशु अवस्थी, कांग्रेस प्रवक्ता

अब विधान सभा के 2027 के आम चुनावों की आहट शुरू हो गई है तो अब कांग्रेस ने जनता से जुड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। 18 दिसंबर -25 में कांग्रेस ने जहां संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की रक्षा के मुद्दे पर प्रदर्शन किया था। अब पांच दिन पहले 17 फरवरी को एक बार कांग्रेस मैदान में उतर गई। इस बार मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर विधान सभा घेरने की कोशिश की गई, वहीं प्रदेश के सभी जिलों में बड़े सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इन सम्मेलनों में राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय खुद शामिल हो रहे हैं।

# होली से पहले मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए एफएसडीए ने किया निरीक्षण और प्रवर्तन**
- **कई जिलों में हजारों किलोग्राम सामग्री जब्त व नष्ट**

**अमृत विचार :** आगामी होली पर्व के अवसर पर आम जनता को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य-पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने व्यापक अभियान चलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार बाजारों, इकाइयों, कोल्ड स्टोरेज, अस्थायी भट्ठियों और मंडियों में खाद्य पदार्थों की सतत निगरानी की गई।

यह जानकारी एफएसडीए की आयुक्त डॉ.रोशन जैकब ने दी, उन्होंने शनिवार को बताया कि अभियान के दौरान पूरे प्रदेश में 1,260 निरीक्षण किए गए, 432 छापों के माध्यम से 473 नमूने संग्रहीत किए गए और 80,552 किग्रा सामग्री जब्त की गई, जिसका मूल्य लगभग 1.56 करोड़ रुपये आंका गया। मानव उपभोग योग्य न होने पर 7,715 किग्रा सामग्री नष्ट कर दी गई। एफएसडीए ने जनता से अपील की है कि मिठाई या खाद्य सामग्री खरीदते समय बिल जरूर लें और संदिग्ध रंग, गंध या खुली मिठाई का उपयोग न करें। किसी भी मिलावट या संदिग्ध सामग्री की सूचना हेल्पलाइन 1800-180-5533, व्हाट्सअप नंबर 9793429747 या स्थानीय कार्यालय में दी जा सकती है।

आयुक्त ने स्पष्ट किया कि अभियान में छोटे या खुदरा कारोबारी उत्पीड़न का शिकार न हों और त्यौहार से दो दिन पूर्व सभी निरीक्षण कार्य पूरे कर दिए जाएं। अभियान का उद्देश्य होली के अवसर पर जनमानस को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।




# रामलला के दरबार में नतमस्तक हुए गुयाना के उपराष्ट्रपति

- दर्शन के दौरान हुए भाव-विभोर, एक घंटे रहे परिसर में
- निजी विमान से पहुंचे, शंखनाद से हुआ स्वागत परिसर में

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** गुयाना के उप राष्ट्रपति डॉ. भरत जगदेव शनिवार को रामनगरी पहुंचे। उन्होंने रामलला और राम दरबार के समक्ष माथा टेका। दर्शन पूजन के दौरान वह भाव विभोर हो गए। डॉ. भरत जगदेव का श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने परिसर में स्वागत सम्मान किया। लगभग एक घंटे के बाद गुजरात के लिए रवाना हो गए।

गुयाना के उपराष्ट्रपति डॉ भरत जगदेव लगभग 11:00 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर निजी विमान से पहुंचे। जहां शंखनाद के साथ महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक चंद्रभानु पासवान, जिला पंचायत सदस्य रोली सिंह व प्रमुख अधिकारियों ने स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला एयरपोर्ट से निकलकर सड़क मार्ग से जगद्गुरु आदि शंकराचार्य द्वार से राम मंदिर परिसर पहुंचा। इस दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने स्वागत करते हुए रामलला का प्रसाद और अंगवस्त्र भेंट किया। राम मंदिर में दर्शन पूजन के बाद कुबेर टीला, सप्त ऋषि मंदिर सहित अन्य स्थानों पर भी दर्शन पूजन संपन्न किया। इस दौरान लगभग एक घंटे से अधिक का समय परिसर में बिताया। उनके आगमन के दौरान वीवीआईपी प्रोटोकॉल के तहत अयोध्या-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सहादतगंज से नया घाट तक डायवर्जन लागू रहा।


एयरपोर्ट परिसर में गुयाना के उपराष्ट्रपति डॉ. भरत जगदेव को बुके देकर स्वागत करते मंडलायुक्त रोजश कुमार।


राम मंदिर दर्शन-पूजन के बाद मौजूद गुयाना के उपराष्ट्रपति डॉ. भरत जगदेव ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा व विधायक चंद्रभानु पासवसन।

## निहारी भव्यता, दिव्यता को किया आत्मसात

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक प्राण प्रतिष्ठा के बाद से बहुत सारे देशों से राम भक्त और वहां के विशेष अतिथि, मंत्री और राष्ट्र अध्यक्ष दर्शन के लिए आ चुके हैं। गुयाना के उपराष्ट्रपति राम मंदिर पहुंचे थे, जिन्होंने रामलला का दर्शन पूजन किया है। तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपतराय के साथ मन्दिर परिसर का भ्रमण किया। निर्माण की भव्यता निहारी और दिव्यता को आत्मसात किया। महासचिव ने उन्हें लंबे संघर्ष, आंदोलन, न्यायालय प्रक्रिया और निर्माण संबंधी वांछित जानकारी दी।

## गोसाईगंज में तीन दिन से जलापूर्ति ठप, लोग परेशान

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** गोसाईगंज नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले तीन दिन से पेयजल आपूर्ति बाधित होने से नगरवासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। पंप नंबर एक की मोटर जल जाने के कारण पूरे नगर में पानी की सप्लाई ठप हो गई है। फिलहाल दूसरे पंप से आंशिक आपूर्ति की जा रही है, लेकिन दबाव के कारण कई मोहल्लों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। तेलियागढ़, कटरा, गोसाईगंज और टेढ़ी गली सहित अनेक इलाकों में नलों में पानी नहीं आने से लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हो गए हैं। रोजा रखने वाले मुस्लिम समाज के लोगों में भी इस समस्या को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल ने बताया कि सुल्तानपुर स्थित दुकान बंद होने से समय पर नई मोटर नहीं मिल सकी, लेकिन जल्द ही मरम्मत या नई मोटर लगाकर आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मंडलीय समीक्षा 27 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** मंडलायुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में 27 फरवरी को दोपहर 2 बजे से किया गया है। संयुक्त विकास आयुक्त राजेश कुमार झा ने बताया कि राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा दो से साढ़े तीन बजे तक, विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा चार से छह बजे तक व कानून व्यवस्था की समीक्षा छह से सात बजे तक की जाएगी।

### करंट से मौत मामले में खेत मालिक पर केस

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना महाराजगंज क्षेत्र के ऐमी आलापुर निवासी कमला (58) की विद्युत करंट से हुई मौत के मामले में पुलिस ने खेत मालिक के खिलाफ केस दर्जकर उसे गिरफ्तार कर लिया है। ध्यान रहे कि उक्त गांव में किसान चिंतामणि ने अपने खेत की सुरक्षा के लिए नंगा तार फैलाकर उसमें करंट प्रवाहित किया था। शुक्रवार की सुबह खेत जाते समय कमला तार में फैले करंट की चपेट में आ गई थी। चौकी प्रभारी पूरा बाजार चित्रेश प्रताप सिंह ने बताया कि धर्मेंद्र कुमार की तहरीर पर चिंतामणि पुत्र रामदेव निवासी ऐमी आलापुर थाना महाराजगंज अयोध्या के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

### ताजनगरी में सराहा गया डॉ. जयदीप का शोध



**अयोध्या, अमृत विचार :** ताजमहल की नगरी आगरा में अयोध्या मेडिकल कॉलेज के ऑर्थो सर्जन डॉ. जयदीप पटेल चमक उठे। मौका था ऑर्थोपैडिक की नेशनल कॉन्फ्रेंस का। उन्होंने ज्यों ही निश्चित समयावधि में अपना शोध प्रस्तुत किया। वैसे ही तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा ऑडिटोरियम गूंज उठा। देश-विदेश से कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए पहुंचे डेलिगेट्स उनके शोध की सराहना करते दिखे। डॉ. जयदीप पटेल ने कॉन्फ्रेंस में डॉ. एके गुप्ता गोल्ड मेडल सेशन में डुपुयट्रेंस कांटैक्चर पर अपना शोध प्रस्तुत किया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया और अन्य फैकल्टी ने हर्ष व्यक्त किया।

### विधिक सहायता शिविर आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रंजिनी शुक्ला ने बताया कि आज रविवार को अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### एआई समिट से युवाओं को मिला ऐतिहासिक अवसर : कीर्तिवर्धन

**अयोध्या, अमृत विचार।** दिल्ली में आयोजित एआई समिट से देश के युवाओं को ऐतिहासिक अवसर मिला। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय का सबसे बड़ा सेक्टर बनने जा रहा है और भारत के युवा आईटी क्षेत्र में पहले से वैश्विक नेतृत्व कर रहे हैं। समिट से बड़े निवेश और रोजगार के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त होगा। यह बात केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री व गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने कही। वह शनिवार को अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह अपने गृह जनपद मनकापुर (गोंडा) के लिए रवाना हो गए। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित एआई समिट एक दूरदर्शी पहल रही। इसमें कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया और अरबों डॉलर के निवेश का वादा किया है।

# विधायक और अफसरों के सामने किसान ने किया आत्मदाह का प्रयास

**समाधान दिवस में पुलिस कर्मियों ने बचाया, शीशी में पेट्रोल लेकर पहुंचा था पीड़ित**

## विधायक ने एसडीएम को दिए विस्तृत जांच के निर्देश, पैतृक बाग की पैमाइश से संतुष्ट नहीं था किसान

रुदौली/मवई/पटरंगा, अयोध्या।

**अमृत विचार :** रुदौली तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान शनिवार दोपहर एक बजे के बाद सनसनीखेज घटना होते- होते बच गई।किसान शत्रोहन यादव (50) पुत्र छोटे लाल निवासी विचाला ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि उसे आग नहीं लगी, लेकिन घटना से तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने तत्काल उसे पकड़ कर अपने कब्जे में ले लिया। पीड़ित किसान पैतृक बाग की बीते दिनों हुई पैमाइश से संतुष्ट नहीं था. कई बार समाधान दिवस में पुनः पैमाइश की गोहार लगा चुका था।

वह जमीन की पैमाइश और शिकायतों के लंबित रहने से गुस्से और निराश था। उसने कई बार तहसील के लेखपाल शीला देवी और अन्य संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया, लेकिन सुनवाई न होने से उसने यह खौफनाक कदम उठाने कि कोशिश की । शत्रोहन ने आरोप लगाया कि तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर है और उसकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। घटना के समय तहसील दिवस में स्थानीय विधायक रामचन्द्र यादव, एसडीएम संतोष कुमार, तहसीलदार विजय गुप्ता, सीएमओ देवेंद्र कुमार भिटौरिया आदि अफसर मौजूद थे। बताया जाता है कि विधायक और अफसरों के सामने पहुंच किसान जोर-जोर से चिल्लाने लगा कि मेरी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मैं पेट्रोल डाल आत्मदाह करने जा रहा हूं। इतने में उसने पेट्रोल की शीशी निकाल खुद के ऊपर छिड़क लिया। तभी सजग पुलिस वालों ने उसको दबोच कर माचिस छीन ली। काफी देर तक किसान चीखता चिल्लाता रहा, तब पुलिस वाले उसे लेकर बाहर चले गए। जब घटना हुई तब तक केवल पांच शिकायतों को ही सुना गया था। बाद में प्रशासन ने शत्रोहन को सुरक्षित हिरासत में लेकर उसकी शिकायतों को गंभीरता से सुनने और शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। उपजिला अधिकारी रुदौली संतोष कुमार ने राजस्व टीम के साथ मौके पर जाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।


रुदौली तहसील दिवस में आत्महत्या का प्रयास करने वाले किसान शत्रोघन लाल को रोकते पुलिस कर्मी। अमृत विचार


किसान के आत्महत्या के प्रयास के बाद उसके गांव पहुंचे एसडीएम संतोष कुमार। अमृत विचार

### ये है पूरा मामला

एसडीएम संतोष कुमार ने बताया कि तहसील दिवस में अराजकता पैदा करने वाले शत्रोहन पुत्र छोटेलाल का नाम ग्राम विचाला की गाटा संख्या 469 भाइयों अनंतराम, सुरेश और राम प्रकाश के नाम संयुक्त रूप अंकित है। शत्रोहन ने राजस्व सहिता की धारा 24 के तहत पैमाइश का मुकदमा अपने नाम से किया था। पैमाइश आख्या की पुष्टि 30 जून 2023 को तत्कालीन न्यायाधिकारी उपजिलाधिकारी ने की थी। पैमाइश आख्या और न्यायिक अधिकारी के आदेश से व्यथित होकर शत्रोहन के भाई अनंत राम ने वाज दायरा प्रार्थना पत्र 19 अक्टूबर 23 को दिया था। अनंतराम के वाद की सुनवाई 18 फरवरी 26 को की गई। पूर्व में पारित आदेश को निरस्त कर राजस्व निरीक्षक को नई पैमाइश रिपोर्ट 27 फरवरी 26 को न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश पारित किया गया है। पत्रावली राजस्व निरीक्षक को भेजी गई है। शत्रोहन बिना पैमाइश और न्यायिक निर्णय के विवादित गाटा पर कब्जा चाहता है। घटना के पीछे लोगों के भी जांच की जा रही है।

> शत्रोहन लाल ने पैमाइश के लिए आवेदन किया था, जिसकी पैमाइश हो गई थी। वह पैमाइश से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने पुन: न्यायालय में वाद दायर किया, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। जल्द ही मामले का निस्तारण किया जाएगा। **-संतोष कुमार, एसडीएम, रुदौली**

> शत्रोहन को उसके घर पहुंचा दिया गया है। तहसीलदार और शत्रोहन की मौजूदगी में राजस्व टीम मुकदमे में पारित आदेश पर पैमाईश कर रही है। **-संजय मौर्य, कोतवाल रुदौली**

> शत्रोहन लाल का जमीन के मामले को लेकर न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। इसके पीछे सरकार को बदनाम करने की साजिश रची गई है। मैंने एसडीएम को पूरे प्रकरण की जांच करने के लिए निर्देशित किया है। कहा कि जो भी इस षड़यंत्र के पीछे साजिश रच रहे हैं। उन पर कठोर कार्रवाई हो। **-रामचंद्र यादव, विधायक, रुदौली**

## झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने से हुआ पैर खराब

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार।** सोहावल तहसील सभागार में एसडीएम सविता देवी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में झोलाछाप डॉक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से पति का पैर खराब होने की शिकायत आई। टड़वा गांव निवासी शर्मावती ने प्रार्थनापत्र देते हुए आरोप लगाया कि देवई निवासी झोलाछाप के पास अपने पति को लेकर पेट दर्द की दवाई लेने गई थी। डॉक्टर ने पता नहीं कौन सा इंजेक्शन लगाया कि उनके पति श्रीचंद्र का कुछ समय बाद पैर खराब हो गया। उनका इलाज लखनऊ में चल रहा है। उन्होंने उक्त डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। समाधान दिवस में 91 शिकायतें आई, जिनमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। अर्थर निवासी राम सुरेश सिंह बाबा ने आरोप लगाया कि तहसील के दो चार कर्मचारी प्रार्थना पत्र पर रसीद काटने के बहाने किसानों को बरगलाकर शिकायत वापस लौटा देते हैं। एसडीएम ने शिकायतों की जांच के लिए टीम का गठन किया। एसडीएम,तहसीलदार प्रदीप कुमार,नायब तहसीलदार रेशु जैन, बीडीओ सोहावल अनुपम वर्मा, सप्लाई इंस्पेक्टर पूजा सिंह,नगर पंचायत खिरौनी आरती श्रीवास्तव ,एडीओ कृषि रणजीत त्रिपाठी मौजूद रहे।

## आज श्रीरामलला की स्तुति करेगा आरएसएस का दल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रविवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में घोषवादन से प्रभु श्रीरामलला की स्तुति करेंगे। इस आयोजन को श्रीरामार्चनम् नाम दिया गया है। महीनों के श्रम से विशेष रूप से प्रशिक्षित घोष दल के 100 वादक शनिवार की दोपहर अयोध्या पहुंचे।

उन्होंने शनिवार को कारसेवक पुरम में अभ्यास भी किया। करीब 15 मिनट के अभ्यास में घोष दल ने वेणु (बांसुरी), श्रृंग (स्वरद, तुर्य , नागांग, गौमुख) और शंख (बिगुल) पर अलग-अलग रागों और भिन्न-भिन्न अवसरों के अनुरूप रचनाओं का वादन किया। इनमें से कुछ रचनाएं स्थिर अवस्था में और शेष पथ संचलन के साथ बजाई जाएंगी। तय कार्यक्रम के अनुसार 3:15 बजे से पथ संचलन के साथ वादन करते हुए स्वयंसेवक लता मंगेशकर चौक पहुंचेंगे। यहां लता जी के साथ ही बलिदानी कारसेवकों को 3:35 से 3:55 तक रागमयी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। रामपथ से स्वयंसेवक 4:20 पर हनुमानगढ़ी पहुंचेंगे। 4:35 बजे तक घोष पर स्तुति वादन होगा। 5:15 बजे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचकर यह दल 5:15 से 6:15 बजे तक प्रदक्षिणा और स्थिर वादन करेगा।


कारसेवकपुरम में अभ्यास करते वादक।

## मिलावटी 80 किलो खोया नष्ट कराया, 11 टिन फार्च्यून आयल जब्त

**अयोध्या, अमृत विचार:** मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर नकेल कसने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने कमर कस ली है। सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चन्द्र सिंह ने बताया कि शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पीके त्रिपाठी ने कंसल फूड्स, रामपथ नियांवा से दूध, सागर स्वीट्स एवं बेकर्स सिविल लाइन्स से खोया व छेना स्वीट का नमूना लिया। इसके अलावा 19200 रुपये का 80 किग्रा खोया नष्ट कराया। लक्ष्मी पशु चारा केंद्र से फार्च्यून सोयाबीन आयल का 1 नमूना संग्रहित किया। 30 हजार की लागत का 141 लीटर (11 टिन) जब्त किया गया। चन्द्रा स्वीट रेलवे स्टेशन से एक नमूना छेना का जाच के लिए आगरा भेजा गया। वाणी स्वीट्स एवं राजा स्वीट्स अयोध्या धाम में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाई गई कमियों के लिए सुधार सूचना जारी की गई।

# पिता की हत्या के आरोपी पुत्र को कोर्ट ने किया दोषमुक्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** तारुन थाना क्षेत्र में सात साल पहले अवैध संबंधों के चलते अपने पिता ओम प्रकाश पर बांके से हमला कर हत्या करने के बहुचर्चित मामले में आरोपी सूरज कुमार पर अपराध साबित न होने पर कोर्ट ने उन्हें दोषमुक्त कर दिया। यह फैसला प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र मोहन सहाय की अदालत से हुआ।



घटना तारुन थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 की है। बचाव पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता राम गोपाल शर्मा व मोहम्मद अहसान ने पैरवी करते हुए आरोपी सूरज कुमार को बेकसूर बताया है। तर्क दिया कि गवाहों के बयान में विरोधाभास है। हत्या का कोई चश्मदीद गवाह नहीं है। बताया कि 27 जून 2019 की रात 12 बजे अवैध संबंधों को लेकर ओम प्रकाश की बांके से नृशंस हत्या कर दी गई थी। मृतक झाड़ फूंक का काम करता था। दूसरे दिन मृतक के पुत्र ने अज्ञात हत्यारोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान विवेचक ने मृतक की पहली व दूसरी पत्नी सहित आधा दर्जन गवाहों का बयान तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुत्र सूरज को ही दोषी मानते हुए आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। मामले में अभियोजन पक्ष ने आधा दर्जन गवाहों को न्यायालय में पेश किया जहां कई गवाह मुकर गये, जिसका लाभ आरोपी को मिला।

## मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत दावा एवं आपत्ति अवधि में अधिक से अधिक संख्या में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित कराने तथा मतदाता सूची को शुद्ध करने के उद्देश्य से दावा एवं आपत्ति प्राप्त किये जाने हेतु चार विशेष अभियान दिवस आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में रविवार 22 फरवरी को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस विशेष अभियान दिवस को सफल बनाने के लिए निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे।



## निर्माणाधीन परियोजनाएं तय समय पर हो पूरी

- कमिश्नर, डीआईजी, डीएम ने किया राम की पैड़ी स्थित घाटों पर निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त राजेश कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक सोमेन बर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने शनिवार को राम की पैड़ी स्थित घाटों एवं गुप्तार घाट पर निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया।

ध्यान रहे कि सरयू नदी पर नयाघाट से लक्ष्मण घाट तक पर्यटन सुविधाओं का विकास के लिए 23.28 करोड़ की लागत से कार्य किया जा रहा है। राम की पैड़ी से राजघाट तक, राजघाट से भगवान राम मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए 22.82 करोड़ की राशि स्वीकृति की गई है। साथ ही 23.67 करोड़ की लागत से राम की पैडी पर विजिटर गैलरी, सेल्फी प्वाइंट और पर्यटन सुविधाओं के कार्य कराया जा रहा है। वहीं, गुप्तार घाट के सुंदरीकरण कार्य के लिए तृतीय चरण के अन्तर्गत 18.33 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य चल रहा है। राजघाट के निकट एम्पिलिथिएटर एवं फूड कोर्ट का कार्य 22.72 करोड़ की लागत से हो रहा है। इन सभी परियोजनाओं के तहत हो रहे कार्य का निरीक्षण करते हुए मंडलायुक्त ने सभी कार्यों को समय ये गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कर हस्तानांतरित करने के निर्देश दिए।


अयोध्या सरयू तट पर निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण करते मंडलायुक्त राजेश कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व अन्य।

**पहल** बीकापुर, मिल्कीपुर और रुदौली तहसील क्षेत्र में किए गए तय व भूमि और स्थल शीघ्र होगा चिह्नित, छात्रों के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम

# तीन तहसीलों में 56 करोड़ से हाईटेक स्टुडेंट वेलनेस सेंटर

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिले में छात्रों के मानसिक और शैक्षिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ी सकारात्मक पहल हुई है। रूदौली, मिल्कीपुर और बीकापुर तीन तहसीलों में कुल 56 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक स्टुडेंट वेलनेस सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह परियोजना छात्रों के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

इन वेलनेस सेंटरों का मुख्य उद्देश्य इंटरमीडिएट स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक पढ़ने वाले छात्रों को व्यापक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यहां छात्रों को व्यक्तिगत काउंसलिंग, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, तनाव प्रबंधन, कॅरिअर गाइडेंस और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित होंगे। ये केंद्र, जहां वे मानसिक दबाव से निपटने के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने वाले कार्यक्रमों से लाभान्वित होंगे।

ये सेंटर न केवल शैक्षिक प्रदर्शन सुधारने में मदद करेंगे, बल्कि युवाओं में डिप्रेशन, चिंता जैसी समस्याओं को भी कम करने में सहायक सिद्ध होंगे। सरकार की यह पहल 'समग्र शिक्षा' और 'मानसिक स्वास्थ्य' को प्राथमिकता देने की दिशा में सराहनीय है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है, जिससे हजारों छात्र-छात्राओं को सीधा लाभ मिलेगा। यह खबर अयोध्या जिले के युवाओं के लिए एक नई उम्मीद की किरण है, जो शिक्षा के साथ-साथ उनके व्यक्तिगत विकास को भी सुनिश्चित करेगी।



प्रतीकात्मक फोटो

### वेलनेस सेंटर के लिए प्रस्तावित हैं ये अत्याधुनिक सुविधाएं

- **व्यक्तिगत और ग्रुप काउंसलिंग :** प्रशिक्षित काउंसलरों द्वारा छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे तनाव, चिंता, डिप्रेशन और परीक्षा का दबाव दूर करने के लिए व्यक्तिगत सत्र। साथ ही ग्रुप थेरेपी और पियर सपोर्ट ग्रुप्स।
- **मानसिक स्वास्थ्य सहायता :** योग, मेडिटेशन, माइंडफुलनेस और रिलैक्सेशन तकनीकों के सत्र, जो रोजाना या साप्ताहिक आधार पर आयोजित होंगे। इससे छात्रों में भावनात्मक संतुलन और फोकस बढ़ेगा।
- **कॅरिअर गाइडेंस और काउंसलिंग :** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए विशेष करियर काउंसलिंग, मोटिवेशनल सेशन, स्टडी प्लानिंग और स्ट्रेस मैनेजमेंट वर्कशॉप।
- **एकेडमिक सपोर्ट :** स्टडी स्किल्स डेवलपमेंट, टाइम मैनेजमेंट, मेमोरी इंप्रूवमेंट और लर्निंग डिसऑर्डर की स्क्रीनिंग व सहायता
- **हेल्थ चेकअप और बेसिक मेडिकल सपोर्ट :** नियमित स्वास्थ्य जांच, न्यूट्रिशन काउंसलिंग, फिजिकल फिटनेस एक्टिविटी और यदि आवश्यक हो तो मनोचिकित्सक या डॉक्टर की रेफरल
- **सुरक्षित और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर :** आरामदायक काउंसलिंग रूम, योग/मेडिटेशन हॉल, लाइब्रेरी/स्टडी एरिया, डिजिटल संसाधन (ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए) और गोपनीयता सुनिश्चित करने वाली व्यवस्था

> अभी शासन की ओर से प्रस्ताव मांगा गया है। तहसील क्षेत्र ही चिह्नित किए गए हैं और धनराशि का आंकलन किया गया है। अप्रैल तक सभी तहसील के एसडीएम से भूमि का ब्योरा मांगा गया है। **-लवकुश त्रिपाठी, मंडलीय निदेशक, उच्च शिक्षा व योजना सलाहकार।**

## हादसे में युवा विकास कल्याण अधिकारी की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना कैंट अंतर्गत मऊशिवाला बाजार के पास शुक्रवार की रात करीब 9 बजे अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवा विकास कल्याण अधिकारी की मौत हो गई। मृतक अर्जुन कुमार कनौजिया निवासी दौलतपुर थाना पूराकलंदर गोंडा जिले के छपिया इलाके में युवा विकास कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात थे। वह ड्यूटी के खत्म करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। थाना कैंट प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटी के माध्यम से दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

# रिंग रोड के विरोध में उतरे ग्रामीण, निर्माण कार्य ठप

## रिंग रोड में अंडरपास निर्माण न होने पर फूटा गुस्सा, कार्यदायी संस्था ने तीन दिन का मांगा समय

पूराबाजार, अयोध्या।

**अमृत विचार :** निर्माणाधीन रिंग रोड परियोजना में ददेरा गांव के पास अंडरपास न बनने से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार दोपहर धरना प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे परियोजना के अधिकारियों ने काम बंद कर दिया और समस्या के निराकरण के लिए तीन दिन का समय मांगा।

ददेरा गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सचिन तिवारी और ग्राम प्रधान लल्लन प्रसाद पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने अंडरपास न बनने के कारण शनिवार दोपहर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि सर्वे के दौरान ही अंडरपास निर्माण की बात कही गई थी, लेकिन अब ऐसा नहीं किया जा रहा। अंडरपास न बनने के कारण तिवारी का पुरवा, पाठक का पुरवा, तुलसीतारा, साधौ पांडेय का पुरवा, सुखपुर, अलावलपुर, बहोरनपुर व राम वन गमन मार्ग का संपर्क मुख्य गांव से कट जाएगा। पंचायत मुख्यालय और आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में कई बार जनप्रतिनिधियों के समक्ष बात रखी गई, लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ हासिल नहीं हुआ। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए रिंग रोड कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक विकास तिवारी मौके पर पहुंचे व काम बंद करा दिया। उन्होंने समस्या के निराकरण के लिए तीन दिन का समय मांगा। सामाजिक कार्यकर्ता सचिन तिवारी ने बताया कि यदि तीन दिन के अंदर अंडरपास की समस्या का निदान नहीं हुआ तो 24 फरवरी को निर्माण कंपनी के उच्च अधिकारियों और ग्रामीणों के प्रतिनिधियों के मध्य एक बैठक की जाएगी, इसमें अंतिम निर्णय लिया जाएगा। धरना प्रदर्शन में सुभाष तिवारी, राजकुमार पांडे, पूर्व प्रधान अलावलपुर योगेश मिश्रा, राकेश तिवारी, बाबूराम, समरजीत पांडे, लालमणि गौड़, विजय प्रकाश सिंह, अमित कुमार, राम सुरेश पासवान, चंदन मौर्य, राकेश तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



ददेरा में अंडरपास की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन**

### 12 किमी की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी

ग्रामीण सचिन तिवारी ने बताया कि अंडरपास न बनने की दशा में मरीज ले जाने के लिए एंबुलेंस को 10 से 12 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। प्रधान प्रतिनिधि लल्लन प्रसाद पासवान ने बताया कि रिंग रोड बनने के बाद ग्रामीणों को मुख्य गांव व पंचायत भवन जाने के लिए करीब 10 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। वहीं, किसान सुभाष तिवारी ने कहा कि रिंग रोड के निर्माण से उत्तरी छोर के मजरों के किसानों को खेत में जाने के लिए व फसल बुआई करने तथा फसल की कटाई और ढुलाई के लिए करीब लंबी दूरी साधनी पड़ेगी एवं बाबूराम ने बताया कि रिंग रोड के कारण बच्चों को स्कूल जाने में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। यहां अंडरपास की जरूरत है, जिसे हर हाल में बनवाना चाहिए।

**न्यूज ब्रीफ**

### उधारी के पैसे मांगने पर युवक को पीटा

सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार। रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोला गांव में उधारी के पैसे के लेन-देन को लेकर एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में युवक के कान और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित सालम पुत्र नुरुल इस्लाम ने बताया कि उसने गांव के ही व्यक्ति को पूर्व में उधार दिए गए पैसे वापस मांगे थे। इसी बात से नाराज होकर उसने अपने साथियों के साथ पहले उसे गाली-गलौज करते हुए धमकाया और फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। थाना प्रभारी लाल चंद सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्जकर जांच की जा रही है।

### अवध इंटरनेशनल स्कूल में स्वास्थ्य मेला आज

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेला 2.0 का आयोजन रविवार को दर्शननगर स्थित अवध इंटरनेशनल स्कूल में नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन अवध प्रांत और श्रीगुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में होगा। आयोजन के मीडिया प्रमुख पवन पांडेय ने शनिवार को बताया कि मेले में एसजीपीजीआई, केजीएमयू, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान और कल्याण सिंह कैंसर संस्थान समेत विभिन्न संस्थानों के करीब 200 विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में सभी प्रमुख विशेषज्ञताओं के डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे और नि:शुल्क परामर्श, जांच व दवाओं की व्यवस्था रहेगी। दंत चिकित्सा के लिए सरदार पटेल डेंटल कॉलेज और बाबू बनारसी दास डेंटल कॉलेज की टीमें विशेष काउंटर संचालित करेंगी। अयोध्या मेडिकल कॉलेज और शहर के प्रमुख चिकित्सक भी शिविर में भाग लेंगे।

### प्रवर्तन दल ने प्रतिबंधित लकड़ियां की जब्त

अयोध्या, अमृत विचार : कुमारगंज वन रेंज में प्रतिबंधित हरे-भरे पेड़ों के अवैध कटान का मामला एक बार फिर गरमा गया है। वन विभाग के प्रवर्तन दल प्रभारी रवि शंकर प्रसाद ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मिल्कीपुर बाजार में अवैध भंडारण केंद्र से ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदी प्रतिबंधित महुआ की लकड़ी को जब्त किया है। बिना परमिट के काटे गए इस विशालकाय महुआ के पेड़ को पलिया लोहानी गांव से लाया गया था, जिसे रेंज कार्यालय को सुपुर्द कर दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि रेंज कार्यालय से महज कुछ ही दूरी पर अवैध लकड़ी के अड्डों का संचालन हो रहा है, लेकिन क्षेत्रीय अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं थी। इस घटना ने वन विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। प्रवर्तन दल प्रभारी रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि 1.10 लाख का जुर्माना किया गया है।

# टीईटी को लेकर अब प्राथमिक शिक्षक संघ का चरणबद्ध आंदोलन



बीकापुर विकास खंड पर प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी व अन्य शिक्षक। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर विकास खंड बीकापुर में ब्लॉक कार्यसमिति एवं संघर्ष समिति की बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित की गई। बैठक में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के खिलाफ आंदोलन की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अनिल सिंह ने की, जबकि संचालन ब्लॉक मंत्री रविंद्र गौतम ने किया। जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त कराने तक संगठन का आंदोलन जारी रहेगा। जिला मंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह ने बताया 22 फरवरी को ट्विटर (एक्स) पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। 23 से 25 फरवरी तक सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध जताएंगे और शिक्षण कार्य जारी रखेंगे। 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा, जिसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। कोषाध्यक्ष विद्या यादव, रमाशंकर, रमेश चंद यादव, शीलधर सिंह, ताहिर कुरैशी, छोटेलाल गुप्ता सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।

### 400 बूथों पर आज सुनी जाएगी 'मन की बात'

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के 'मन की बात' के 131वें संस्करण को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने महानगर क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की हैं। पार्टी द्वारा महानगर के लगभग 400 बूथों पर सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक एकत्र होकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुनेंगे। तैयारियों की समीक्षा के लिए शनिवार को सहादतगंज स्थित महानगर पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य सरोज कुमारी एवं महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि 400 बूथों पर सामूहिक श्रवण का आयोजन पार्टी की संगठनात्मक मजबूती को दर्शाता है। बैठक में तिलकराम मौर्या, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, डॉ राकेश मणि त्रिपाठी, रवि सोनकर, मुकेश तिवारी, दिव्य प्रकाश सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रतिभाओं के लिए खेल संसाधनों की उपलब्धता आवश्यक : रामचंद्र

मवई, अयोध्या।

**अमृत विचार :** रुदौली तहसील सभागार में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में युवा/महिला मंगल दल को खेल प्रतियोगिता सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए युवाओं और महिला मंगल दल की सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव ने प्रतिभागियों को खेल सामग्री वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेल संसाधनों की उपलब्धता बेहद आवश्यक है। सरकार गांव स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। विभागीय अधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अंत में उपस्थित युवाओं ने खेल सामग्री प्राप्त कर उत्साह व्यक्त किया और प्रतियोगिताओं को सफल बनाने का संकल्प लिया।



तहसील रूदौली में युवक मंगल दल की महिलाओं को सामाग्री वितरित करते विधायक रामचंद्र यादव। अमृत विचार

- युवा/महिला मंगल दल को वितरित की सामग्री

# रन फॉर राम आज, दौड़ लगाएंगे सैकड़ों प्रतिभागी



राम की पैड़ी पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** क्रीड़ा भारती के संयोजन में दो दिवसीय कार्यक्रम रन फॉर राम का भव्य शुभारंभ शनिवार को हुआ। राम की पैड़ी परिसर में आयोजित संवाद कार्यक्रम में भारत के युवा मामले व खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि रन फॉर राम जैसे आयोजनों को बढ़ावा देने की जरूरत है। युवा पीढ़ी को खेलों से जोड़ने की जरूरत है। रन फॉर राम कार्यक्रम अयोध्या और यूपी तक न सीमित रहे बल्कि यह वैश्विक स्तर पर विस्तारित हो। श्रीराम के आदर्श व विचार भी विश्व के युवाओं तक पहुंचें।

इस कार्यक्रम का यही उद्देश्य है। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस कार्यक्रम की शुरुआत नेपाल से करने पर विचार रखा गया। इससे पहले अतिथियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें अवध की होली गीत पर शामिल लोग झूठ उठे। रन फॉर राम कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को दौड़ का आयोजन किया जाएगा। दौड़ में 41 किलोमीटर, 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और तीन किलोमीटर की श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। दो हजार से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। 41 किलोमीटर में लगभग 100, 21 किलोमीटर में 800, 10 किलोमीटर में 300 और तीन किलोमीटर में करीब 900 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया है। विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। दौड़ का उद्घाटन प्रांत प्रचारक कौशल, प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश यादव, विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह और महापौर गिरीश त्रिपाठी की ओर से किया जाएगा। क्रीड़ा भारती से जुड़े अवधेश वर्मा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि युवाओं में राष्ट्रभाव, अनुशासन और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने का अभियान है।

- अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाएगी रन फॉर राम : रक्षा खडसे

### कुछ लोग नहीं चाहते कि भारत आत्मनिर्भर बने : गिरीश

**अयोध्या, अमृत विचार।** कुछ राजनीतिक दल आधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और विकसित भारत की अवधारणा से खुद को जोड़ना नहीं चाहते। देश तकनीकी रूप से सशक्त हो रहा है, लेकिन कुछ लोग नहीं चाहते कि भारत आत्मनिर्भर बने। यह बात प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश यादव ने कही। वह शनिवार को रामनगरी में क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित 'रन फॉर राम संवाद' कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अयोध्या में लंबे समय से निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही इसे खेल विभाग को हैंडओवर कर दिया जाएगा। परियोजना को पूर्ण करने के लिए करीब 49 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च किए गए हैं। कहा कि स्टेडियम बनने से स्थानीय युवाओं को उच्चस्तरीय खेल सुविधाएं मिलेंगी और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी संभव होगा।

### वन टाइम टैक्स के रूप में जमा हुए 4.76 लाख रुपये

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** संभागीय परिवहन कार्यालय में शनिवार को परिवहन मेले का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में वाहन स्वामी व ट्रांसपोटर्स मौजूद रहे।अधिकारियों ने उन्हें एकमुश्त टैक्स जमा करने के फायदे व शासन द्वारा दी जा रही छूट की जानकारी दी। इस दौरान 4.76 हजार रुपये टैक्स जमा कराया गया। एआरटीओ प्रशासन डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अब 7500 किलोग्राम तक के व्यावसायिक वाहनों के स्वामी केवल एक बार टैक्स जमा कर सकते हैं। वन टाइम टैक्स जमा करने से कई लाभ होंगे। इनमें हर महीने टैक्स जमा करने की बाध्यता समाप्त होना, बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने से राहत मिलना, समय और धन दोनों की बचत होना तथा कागजी प्रक्रिया का सरल होना शामिल है। बताया कि परिवहन मेला में वन टाइम टैक्स के रूप में 4.76 लाख रुपये ऑनलाइन तरीके से जमा कराया गया। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन गुलाबचंद, संभागीय निरीक्षक प्राविधिक राजीव कुमार, वरिष्ठ सहायक सरवर अहमद समेत बड़ी संख्या में वाहन स्वामी व ट्रांसपोटर्स ने भाग लिया।

# सादगी, सेवा और समर्पण के प्रतीक थे डॉ. त्रिपाठी : चंद्रभानु

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर के पूर्व विधायक स्व डॉ. बृजभूषण मणि त्रिपाठी की 25वीं पुण्यतिथि पर मिल्कीपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सभा को संबोधित करते हुए मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभानु पासवान ने कहा कि उनका जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने जनप्रतिनिधि की भूमिका को सेवा का माध्यम बनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया। पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा कि डॉ. बृजभूषण मणि त्रिपाठी केवल एक विधायक नहीं, बल्कि जनता के हर सुख-दुख के सच्चे साथी थे। इसके पूर्व हैरिंग्टनगंज बाजार में स्थित उनकी मूर्ति पर के सम्मुख सुंदरकांड का पाठ एवं हवन पूजन उनके ज्येष्ठ पुत्र राजेंद्र मणि त्रिपाठी, देवेंद्र मणि त्रिपाठी और महेंद्र त्रिपाठी तथा परिजनों द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, राधेश्याम त्यागी, संतोष सिंह घाटमपुर, अजय सिंह, विजय प्रकाश चौरसिया, बागीश पाठक, अवधेश पाठक, बबलू पासी, सुरेन्द्र रावत समेत अन्य मौजूद रहे।



लाभार्थियों को प्रमाणपत्र देते अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह।

### कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को दिया चेक

**अयोध्या, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट परिसर के एनआईसी सभागार में शनिवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सांकेतिक चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषक दुर्घटना योजना व आपदा प्रबंधन से संबंधित लाभार्थियों के लिए राहत एवं लाभ वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा गया। इसके उपरांत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 10 तथा कृषक दुर्घटना योजना के 8 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अनिरुद्ध प्रताप सिंह, डीडी कृषि, उप जिलाधिकारी सदर सहित कर्मचारी व लाभार्थी उपस्थित रहे।

# मां-बेटे पर चाकू से हमला बचाने आई बहनें भी घायल

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** थाना राम जन्मभूमि थाना क्षेत्र स्थित बरवारी टोला में शुक्रवार रात करीब नौ बजे एक युवक ने घर के बाहर खड़े मां-बेटे पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान बीच बचाव में दौड़ी दो बहनें भी घायल हो गईं। पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्ज किया है।

शुक्रवार की रात बरवारी टोला निवासी अंकित (20) पुत्र श्रीनाथ व उसकी मां पिंकी घर के बाहर खड़ी थीं। इस दौरान सौरभ निवासी संडीला जिला हरदोई वहां आया व चाकू से अंकित पर हमला कर दिया। पास में खड़ी मां ने जब बेटे को बचाना चाहा तो उस पर भी चाकू से वार कर दिया। शोर सुनकर घर से निकली अंकित की दो बहन व बुआ की लड़की भी घायल हो गई। जब तक आसपास के लोग दौड़े तब तक आरोपी भाग गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को श्रीराम चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अंकित और उनकी मां पिंकी की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें दर्शननगर स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। अन्य दो युवतियों का इलाज श्रीराम अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत खतरे से बाहर है। थाना प्रभारी राम जन्मभूमि अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि अंकित के पिता श्रीनाथ की तहरीर पर आरोपी सौरभ के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। दोनों में आपसी पारिवारिक विवाद है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

- थाना राम जन्मभूमि अंतर्गत बरवारी टोला की घटना, आरोपी पर केस

### टैक्स वसूली के विरोध में प्रदर्शन आज

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : जिले में स्थानीय निवासियों से नियमों के विरुद्ध टोल टैक्स वसूली के विरोध में शांतिपूर्ण सांकेतिक प्रदर्शन आज रविवार को किया जाएगा। जिसका नेतृत्व एडवोकेट दीपक सिंह एवं जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी अभिषेक सिंह 'टिंकू' करेंगे।


**श्री राघव कॉलेज ऑफ़ लॉ एंड लीगल स्टडीज खेमीपुर निधियावां, तारुन अयोध्या (उ0प्र0)**

आवश्यकता है

प्रवक्ता विधि– 12 पद

उक्त पदों हेतु यूजीसी/बीसीआई/डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुसार अर्ह अभ्यर्थी इस विज्ञप्ति के प्रथम प्रकाशन के 21 दिन के भीतर अपना आवेदन स्व प्रमाणित योग्यता प्रमाण पत्रों के साथ उपरोक्त पते पर 100.00 रुपए का बैंक ड्राफ्ट सहित प्रेषित करें।

प्रबंधक– 8009538258 ,6394721021



**सम्भागीय कार्यालय उप निदेशक (निर्माण)**

**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0**

**नवीन फल सब्जी मण्डी स्थल उतरौला रोड, देवीपाटन (गोण्डा)**

पत्रांकः नि0– देवी0 (गोण्डा) / (निविदा प0/2026–861 दिनांकः– 21.02.2026

ई–प्रोक्यूरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक– नि0 देवी0 (गोण्डा) (निविदा प0)/2025–461 दिनांकः 25.09.2025, पत्रांकः–542 दिनांकः– 17.10.2025, पत्रांकः 591 दिनांकः 04.11.26 पत्रांकः 642 दिनांकः–19.11.2025 एवं पत्राकः–551 दिनांकः 25.10.2025 पत्रांकः 615 दिनांकः– 14.11.2025 एवं पत्रांकः–657 दिनांकः– 01.12.2025 के द्वारा जनपद बहराइच के अन्तर्गत गड्ढा मुक्तिकरण योजनान्तर्गत सम्पर्क मार्गो के मरम्मत /अनुरक्षण कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) हेतु मण्डी परिषद में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ ठेकेदारों / फर्मो से अलग–अलग तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की गयी थी, आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदा प्राप्त न होने वैध निविदा प्राप्त न होने के कारण पुनः पाँचवी बार दिनांकः–06.03.2026 को आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते निविदादाता कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में एवं वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर जानकारी प्राप्त कर सकते है। ई–निविदा के माध्यम से आनलाइन निविदा वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर दिनांकः 23.02.2026 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांकः–05.03.2026 की सायं 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्यो की तकनीकी बिड दिनांकः–06.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मरम्मत/ 05 वर्षीय अनुरक्षण सहित कार्य की कुल लागत रू0 लाख में | निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) | धरोहर धनराशि (रु0लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत ठेकेदारो की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मण्डी समिति, मिहीपुरवा के क्षेत्रान्तर्गत | | | | | | |
| 1 | सम्पर्क मार्ग गूढ झाला पिच रोड से भोला कुण्डा तक मरम्मत कार्य। (ल0–1.50 किमी0) (Tender ID: 2025_RKUMP_1077477_5) | 25.12 | 4484.00 | 2.52 | 4 माह | ''द'' |

नोटः –

1. निविदादाता निविदा शुल्क की धनराशि का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) उपनिदेशक (निर्माण) के खाता भारतीय स्टेट बैंक की शाखा (नवीन फल एवं सब्जी मण्डी स्थल) गोण्डा के खाता संख्या 30394521872 आई0एफ0एस0सी0 कोड संख्या SBIN0014612 जो उप निदेशक (निर्माण) के नाम नेफ्ट /आर0टी0जी0एस0 कराना होगा। निविदा शुल्क की धनराशि नान रिफन्डेबल है,एवं धरोहर धनराशि जमानत खाता संख्या 30394522015 आई0एफ0एस0सी0 कोड संख्या SBIN0014612 जो उप निदेशक (निर्माण) के नाम नेफ्ट /आर0टी0जी0एस0 कराना होगा, जिसका बैंक से सत्यापित निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि का यू0टी0आर0 नम्बर निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा से सम्बन्धित सभी नियम एवं शर्ते तथा अन्य विवरण आनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है।
3. लोक निर्माण विभाग के पत्र संख्या 3689सी–UPRML/ मूल/2023 दिनांक 17.02.2024 के अनुसार सम्पर्क मार्ग के कार्यो में 05 वर्षीय अनुरक्षण हेतु भुगतान प्रक्रिया का पालन किया जायेगा।
4. मार्ग पर प्रीमिक्सिंग एवं सीलकोट का कार्य मिक्साल से कराया जायेगा।
5. –शेष नियम एवं शर्ते यथावत् रहेंगी।

**उप निदेशक (निर्माण)**
मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा)


# डिप्टी सेक्रेटरी ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सराहा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** भारत सरकार के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के डिप्टी सेक्रेटरी दीप पंत एनसीवीबीडीसी नई दिल्ली से अयोध्या पहुंचे। उन्होंने राष्ट्रीय फाइलेरिया रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में चल रहे आईडीए (इंटेंसिव ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) अभियान की प्रगति का जायजा लिया और संतुष्टि जताई। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. पी.सी. भारती ने बताया कि अभियान की समीक्षा के लिए डिप्टी सेक्रेटरी दीप पंत, रीजनल कार्यालय से आशीष बाजपेई व राज्य मलेरिया मुख्यालय लखनऊ से अमित शुक्ला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार के साथ बैठक में शामिल हुए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद के दो ब्लॉक-तारुन और मया बाजार में आईडीए अभियान संचालित है। यह कार्यक्रम 28 फरवरी 2026 तक निर्धारित लक्ष्य पूर्ण कर लेगा। दोनों ब्लॉकों में सुपरवाइजर एवं टीमें सक्रिय हैं तथा जिला स्तर से प्रतिदिन सुपरविजन किया जा रहा है।

समीक्षा बैठक के बाद डिप्टी सेक्रेटरी पंत ने ब्लॉक मया बाजार का भौतिक सत्यापन किया। वे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अभिलेखों की जांच की। तत्पश्चात ग्राम जागापुर में स्थानीय निरीक्षण किया, जहां आशा कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर दवा वितरण कर रहे थे। आशा बहुओं द्वारा फैमिली रजिस्टर अपडेट और वॉल मार्किंग का कार्य किया जा रहा था। एक लाभार्थी ने खाली पेट दवा न लेने की बात कही, जिस पर आशा ने स्वयं उसके घर पर खाना बनाकर दवा खिलाई, ताकि लोग दवा ग्रहण में संकोच न करें। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि डब्ल्यूएचओ प्रमाणित फाइलेरिया रोधी दवाएं सुरक्षित हैं। गंभीर बीमार, गर्भवती महिलाओं और दो वर्ष से छोटे बच्चों को छोड़कर सभी पात्र व्यक्तियों को सामने दवा दी जा रही है। कार्यक्रम की प्रगति देखकर डिप्टी सेक्रेटरी पंत खुश नजर आए। भ्रमण के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. पी.सी. भारती, सहायक मलेरिया अधिकारी विचित्र मढ़ी त्रिपाठी, डब्ल्यूएचओ के डॉ. नित्यानंद ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह अभियान फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में जनपद की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



मया ब्लॉक में अभियान के भौतिक सत्यापन के दौरान डिप्टी सेक्रेटरी दीपपंत।

- अभियान की प्रगति का जायजा ले जताई संतुष्टि

# सोलह संस्कार शारीरिक विकास के लिए मील के पत्थर

अयोध्या कार्यालय



कार्यक्रम के समापन अवसर पर मौजूद गणमान्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के श्रीराम शोध पीठ सेमिनार हॉल में कुलपति कर्नल बिजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 'रोल ऑफ इंडियन नॉलेज सिस्टम फॉर अचीविंग द गोल ऑफ इंडिया 2047' के समापन सत्र के मुख्य अतिथि सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. रमेश कुमार शर्मा रहे।

मुख्य अतिथि के तौर पर सहायक नगर आयुक्त ने कहा कि भारत की शिक्षा ऋषि परंपरा आधारित रही है। भारतीय ज्ञान प्रणाली एक सशक्त विधा है। ऋग्वेद में 1026 सूत्र है जो कंठस्थ कर आगे लाए गए हैं। भारतीय शिक्षण परंपरा में ज्ञान जहां से भी प्राप्त हो उसे आत्मसात किया जाना है। यही हमारी परंपरा का मूल सूत्र भी है।

विशिष्ट अतिथि प्रो. रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षण व्यवस्था केवल जानकारी प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और आत्म-साक्षात्कार का मार्ग मानी गई है। प्राचीन भारत में शिक्षा 'सा विद्या या विमुक्तये' विद्या वही है जो मुक्ति दिलाए के सिद्धांत पर आधारित थी। भारतीय ज्ञान परंपरा की शिक्षण व्यवस्था के मुख्य स्तंभों में गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित रही। भारतीय शिक्षण पद्धति की आधारशिला गुरु और शिष्य का पवित्र संबंध है। गुरु केवल एक शिक्षक नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक और आध्यात्मिक पिता होता था।

सातवें तकनीकी सत्र की अध्यक्षता अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक एवं डॉ. राजेश कुमार सिंह ने किया। प्रो. नीलम पाठक ने तकनीकी सत्र के उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल आध्यात्मिक या धार्मिक परंपरा नहीं है, बल्कि यह गहन वैज्ञानिक, तार्किक और अनुभवाधारित चिंतन पर आधारित है। डॉ. राजेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में 16 संस्कारों का विस्तृत वर्णन है जिसके तहत भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म में 'सोलह संस्कार' केवल रीति-रिवाज नहीं हैं, बल्कि ये एक व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक के आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक विकास के मील के पत्थर हैं। ये संस्कार व्यक्ति को अनुशासित बनाते हैं और समाज के प्रति उसके कर्तव्यों का बोध कराते हैं। वैज्ञानिक आधार के तहत कई संस्कार (जैसे कर्णवेध या मुंडन) स्वास्थ्य और मस्तिष्क के विकास से जुड़े हैं। ये संस्कार पूर्व जन्मों के दोषों को दूर कर जीवन को पवित्र बनाते हैं। आठवें तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो. फर्रुख जमाल एवं कार्यक्रम निर्माता दूरदर्शन केंद्र, नई दिल्ली चंद्रकांत शर्मा ने किया। प्रो फारूक जमाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का स्पष्ट उल्लेख नई शिक्षा नीति में इसीलिए दिया गया है कि सभी भारत की प्राचीन समृद्ध शिक्षा का आत्मसात कर सके। प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला प्रो संग्राम सिंह, डॉ. दिवाकर त्रिपाठी, डॉ अनिल कुमार यादव, डॉ. राणा रोहित, डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, वैज्ञानिक पत्रकार डॉ. राजकिशोर, डॉ. अनुराग सिंह, डॉ. जैनेंद्र कुमार, रुद्र प्रताप सिंह, डॉ. डॉ नमिता गुप्ता अदिति बरनवाल, राजकुमार प्रजापति, सूरज, शुभम सिंह राजावत आदि उपस्थित रहे।

- अवध विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

### 100 से अधिक शोधार्थियों ने प्रस्तुत किए शोध

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संगोष्ठी समन्वयक डॉ. विनोद चौधरी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित संगोष्ठी में 100 से अधिक शोधार्थियों ने वैज्ञानिक शब्दावलियों एवं प्राचीन शिक्षण पद्धति पर अलग-अलग दृष्टिकोण से अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। प्रो. शैलेंद्र कुमार ने तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को और अधिक प्रासंगिक बताते हुए नई शिक्षा व्यवस्था में शामिल करने का उपयुक्त अवसर बताया।

## किशोरी को परेशान कर रहा युवक घर से निकलना हुआ दूभर, केस

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार।** रामनगरी में किशोरी को परेशान करने का मामला सामने आया है। आरोपी इतना मनबढ़ है कि वह किशोरी के पिता को धमकी दे रहा है कि वह उनकी बेटी को जबरन उठा ले जाएगा व दुष्कर्म करेगा। पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाना रामजन्म भूमि क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले पिता ने कोतवाली अयोध्या पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह नयाघाट पर दुकान लगाता है। आरोप लगाया कि कांशीराम कॉलोनी थाना रामजन्म भूमि निवासी प्रकाश आए दिन उनकी नाबालिग बेटी को परेशान करता है। वह बेटी को जबरन उठाकर ले जाने व उसके साथ दुराचार करने की धमकी भी दे रहा है। विरोध करने पर वह गोली मारने की भी धमकी दे रहा है। बताया कि 19 फरवरी की दोपहर करीब एक बजे प्रकाश उनकी दुकान पर आया और गाली गलौज देते हुए धमकी दी। भय से मेरी बेटी का घर से निकलना दुश्वार है। वह घर से निकलती है तो वह उसका पीछा किया करता है तथा अश्लील शब्द कहता रहता है। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के ख्रिलाफ केस दर्जकर उसकी तलाश की जा रही है।





## अभियान के तहत कराएं एक्टिव श्रमिकों के जॉबकार्ड का ई-केवाईसी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** परियोजना अधिकारी डीआरडीए जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत समस्त एक्टिव श्रमिकों के जॉबकार्ड का ई-केवाईसी कराए जाने का अभियान जनपद में चलाया जा रहा है। जिसके द्वारा जॉबकार्ड नवीनीकरण प्रक्रिया को समय पर पूरा करते हुये नियमित आधार पर नवीनीकरण प्रक्रिया को तेज और सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। जनपद में अभी तक कुल 76.11 प्रतिशत ई-केवाईसी हो गया है। उन्होंने बताया कि मनरेगा में अब वही श्रमिक कार्य करने के पात्र होंगे, जिसके जाबकार्ड का ई-केवाईसी हुआ रहेगा। ई-केवाईसी कराने के लिए सभी एक्टिव श्रमिक अपने ग्राम पंचायत के सम्बन्धित रोजगार सेवक, महिला मेट, ग्राम प्रधान, सचिव, एपीओ एवं बीडीओ से सम्पर्क करें। सभी ग्राम पंचायतों में ई-केवाईसी कराने के लिये शिविर भी लगाया जा रहा है।

## वाहन मालिकों को परिवहन टैक्स में किए संशोधनों की दी गई जानकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के उपसंभागीय परिवहन कार्यालय में दो दिवसीय परिवहन मेले का आयोजन किया गया। यह मेला शासन के निर्देशों के अनुसार एकमुश्त कर समाधान योजना और परिवहन टैक्स में हुए परिवर्तनों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

मेले के दौरान वाहन स्वामियों और ट्रांसपोर्टर संगठनों के साथ एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें बडी संख्या में वाहन स्वामी शामिल हुए, जिन्हें शासन की एकमुश्त समाधान योजना के तहत बकाया करों के निपटान और परिवहन टैक्स में किए गए संशोधनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर 12 वाहन स्वामियों ने अपना बकाया टैक्स जमा किया। इसके अतिरिक्त मेले में परिवहन विभाग द्वारा एक जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इसमें पंजीकरण कर भुगतान और अन्य परिवहन संबंधी सेवाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उप संभागीय परिवहन अधिकारी सत्येंद्र कुमार यादव ने बताया कि शासन के दिशा-निर्देशों के तहत 20 और 21 फरवरी को परिवहन कार्यालय में एकमुश्त समाधान योजना के प्रचार-प्रसार के लिए मेले का आयोजन किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक वाहन स्वामियों को इस योजना का लाभ पहुंचाना है।

## एनटीपीसी टाइम एशिया-पैसिफिक की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में शामिल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** एनटीपीसी ने एक महत्वपूर्ण वैश्विक उपलब्धि हासिल करते हुए घोषित प्रतिष्ठित टाइम एशिया-पैसिफिक बेस्ट कंपनी की सूची में स्थान प्राप्त किया है। यह सूची टाइम द्वारा स्टीस्टा के साथ साझेदारी में प्रकाशित की जाती है, जो बाजार एवं उपभोक्ता डेटा तथा रैंकिंग का एक अग्रणी अंतरराष्ट्रीय प्रदाता है।

टाइम एशिया-पैसिफिक बेस्ट कंपनी की रैंकिंग एशिया-प्रशांत क्षेत्र की शीर्ष प्रदर्शन करने वाली कंपनियों की पहचान करने के लिए एक व्यापक विश्लेषण है। यह रैंकिंग तीन प्रमुख आयामों- कर्मचारी संतुष्टि, वित्तीय प्रदर्शन और स्थिरता पारदर्शिता पर आधारित है। इस विशिष्ट सूची में एनटीपीसी का शामिल होना इन सभी मानकों पर उसके मजबूत और संतुलित प्रदर्शन तथा उत्कृष्टता के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दुनिया की अग्रणी पावर कंपनी बनने तथा भारत की विकास यात्रा और ऊर्जा परिवर्तन को गति देने की अपनी दृष्टि के अनुरूप एनटीपीसी निरंतर विश्वसनीय, किफायती और सतत ऊर्जा समाधान प्रदान कर रही है। नवाचार, परिचालन दक्षता और जिम्मेदारी की मजबूत भावना से प्रेरित होकर कंपनी देश की प्रगति को किफायती, प्रभावी और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से ऊर्जा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनटीपीसी का मानना है कि उसका मूल व्यवसाय, ऊर्जा उत्पादन, सामाजिक प्रगति और पर्यावरण संरक्षण से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह प्रतिष्ठित सम्मान एनटीपीसी की उत्कृष्टता की निरंतर खोज और वैश्विक मंच पर उसकी बढ़ती सशक्त उपस्थिति का प्रमाण है। यह पूरे एनटीपीसी परिवार के समर्पण, उत्साह और सामूहिक प्रयासों का उत्सव है, जिनकी साझा दृष्टि और प्रतिबद्धता संगठन को निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर कर रही है। कंपनी ने मानव संसाधन विकास और प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर प्रक्रिया सुधार के माध्यम से एक संवेदनशील, समावेशी और सीखने को प्रोत्साहित करने वाला कार्यस्थल विकसित करते हुए नए मानक स्थापित किए हैं। कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देते हुए, सहभागिता को बढ़ावा देकर और प्रगतिशील मानव संसाधन नीतियों को व्यावसायिक उद्देश्यों के साथ जोडक़र एनटीपीसी ने एक सार्थक, सहयोगात्मक और सशक्त कर्मचारी अनुभव निर्मित किया है।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय प्रताप समेत तीन दोषी, 24 को सुनाई जाएगी सजा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



**अमृत विचार।** जनपद के महरुआ क्षेत्र में हुई मंशाराम की हत्या में एडीजे प्रथम कोर्ट ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख कटेहरी अजय प्रताप सिंह उर्फ अजय सिपाही समेत तीन को दोषी पाया है। तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। सजा पर सुनवाई के लिए 24 फरवरी की तारीख तय की गई है। इस मामले में एक आरोपी को दोषमुक्त किया गया है।

बता दें कि सुल्तानपुर जनपद के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के किशनागरपुर गांव निवासी चंद्रावती ने महरुआ पुलिस को बीते 24 मार्च 2016 को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि 23 मार्च 2016 को उनके घर सुबह करीब 8 बजे गांव के मुलायम यादव व अजय कुमार आए थे। यह लोग उनके भतीजे मंशाराम को अपने साथ महरुआ स्थित पान की दुकान पर चलने की बात कहकर ले गए थे। दोपहर 12 बजे तक मंशाराम घर नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू की गई। महरुआ चौराहे पर पता चला कि तीनों लोग लोकनाथपुर एक दावत में शामिल होने गए हैं। लोकनाथपुर पहुंचने पर भी तीनों का कुछ पता नहीं चला। इस बीच कुछ लोगों से पता चला कि लोकनाथपुर गांव में गोली चली है। 24 मार्च की सुबह महरुआ क्षेत्र में भेवापार माइनर नहर के पास मंशाराम का शव मिला। पेट में गोली मारकर उसकी हत्या की गई थी।

## रोज़ा रहमत, सब्र और रूहानी सुकून का पैगाम : मौलाना सैयद नूरुल हसन



**सम्मनपुर, अंबेडकर नगर अमृत विचार :** मज़हब-ए-इस्लाम में रोज़ा को रहमत और राहत का सबसे बड़ा जरिया माना गया है। रहमत से तात्पर्य अल्लाह की असीम मेहरबानी से है, जबकि राहत इंसान के दिल को मिलने वाले सुकून और रूहानी तसल्ली का प्रतीक है। जब बंदे पर अल्लाह की रहमत नाज़िल होती है तो उसके दिल को सच्चा सुकून नसीब होता है, जो नेकी, परहेज़गारी और नेक अमल से जुड़ा होता है। शनिवार को रमज़ान और रोज़े की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए सम्मनपुर मछली गांव के इमाम-ए-जुमा मौलाना सैयद नूरुल हसन ने कहा कि रोज़ा केवल भूख और प्यास सहने का नाम नहीं है, बल्कि यह आत्मसंयम, आत्मशुद्धि और रूहानी तरक्की का माध्यम है। रोज़ा इंसान को बुराइयों से दूर रहने, अपने नफ़्स पर काबू पाने और अच्छाइयों को अपनाने की प्रेरणा देता है। मौलाना ने आगे कहा कि नेकनीयत से रखा गया रोज़ा नूर की निशानी और सच्चे मुसलमान की पहचान है।

## ट्रॉली के पहिए से दबकर युवती की मौत

महराजगंज, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के महराजगंज–बिलरियागंज मार्ग स्थित बासथान मोड़ पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवती की मौके पर ही मौत हो गई। गन्ना लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवती ट्रॉली के नीचे गिरकर पहिये से कुचल गई।

जानकारी के अनुसार शोभा पुत्री शिवबचन अपने चचेरे भाई के साथ मोटरसाइकिल से बिलरियागंज से महराजगंज की ओर जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे गन्ना लदे ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवती असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ी और ट्रॉली के पहिये की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद चचेरे भाई का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी केदार नाथ मौर्या ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ब्लॉक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ विकास योजनाओं पर की चर्चा





अकबरपुर ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ बैठक करतीं ब्लॉक प्रमुख देविका वर्मा।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** अमृत विचार। जनपद के अकबरपुर विकास खंड सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख देविका वर्मा ने बैठक की अध्यक्षता किया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास योजनाओं और बजट पर गहन चर्चा हुई। बैठक में मनरेगा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के श्रम बजट को अनुमोदित किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। पंचम राज्य वित्त आयोग और पंद्रहवें केंद्रीय वित्त आयोग के वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना पर भी सदस्यों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि भी की गई और अध्यक्ष की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा संपन्न हुई।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** बूढ़नपुर तहसील अंतर्गत बाबा प्रथम बहिरादेव के मैदान में स्वर्गीय चंद्रेश सिंह की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को सात दिवसीय राज्य स्तरीय "स्व. चंद्रेश सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता" का मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेंद्र सिंह ने पिता काटकर भव्य शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच बेसिक शिक्षा विभाग आजमगढ़ की टीम और हर्ष 11 के बीच खेला गया। निर्धारित सात ओवरों के मुकाबले में हर्ष 11 ने रोमांचक संघर्ष में बेसिक शिक्षा विभाग की टीम को 3 रनों से पराजित किया। दूसरा मुकाबला शाहपुर और गनपतपुर के बीच हुआ, जिसमें गनपतपुर की टीम ने 49 रनों से शानदार जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि डा. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि यह प्रतियोगिता क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर है, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखार कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं। विशिष्ट अतिथि लालगंज जिलाध्यक्ष विनोद राजभर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करता है और खिलाड़ी अपने क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को 2 लाख रुपये तथा उपविजेता टीम को 1 लाख रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।




फीता काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि डॉ. धर्मेंद्र सिंह।

### जलालपुर में घर में घुसकर युवती से मारपीट

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर थाना क्षेत्र में घर में घुसकर युवती से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि लारपुर दक्षिण निवासी अंकिता पुत्री सुरेश कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके पड़ोसी मोनू, विजय, शैलेन्द्र कुमार, संगीता पत्नी शैलेन्द्र तथा खुशी पुत्री शैलेन्द्र अक्सर गाली-गलौज करते और धमकी देते थे। आरोप है कि 17 फरवरी को शाम करीब 7:45 बजे सभी लोग एकजुट होकर उसके घर पहुंचे और विरोध करने पर घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसके सिर में चोट आई। शोर सुनकर उसका भाई बचाने आया तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घटना के बाद पीडिता ने उपचार कराने के पश्चात 20 फरवरी को थाना जलालपुर में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बीमा पॉलिसी के नाम पर 18 लाख की धोखाधड़ी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से जीवन बीमा पॉलिसी का पैसा वापस दिलाने के नाम पर 18 लाख 70 हजार 947 रुपए की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। बता दें कि मालीपुर के जफरपुर गांव निवासी रमेशचंद्र शर्मा जो मुंबई में रहते हैं, उन्होंने वर्ष 2018-19 में एक जीवन बीमा पॉलिसी ली थी। पॉलिसी का पूरा भुगतान न होने के कारण यह बीच में ही बंद हो गई थी। इसके बाद साइबर ठगों ने अलग-अलग मोबाइल नंबरों से रमेशचंद्र को फोन करना शुरू किया। उन्होंने बंद पड़ी पॉलिसी की जमा रकम वापस दिलाने का आश्वासन दिया। पिछले 10 वर्षों से ठग नए-नए नंबरों से फोन करते रहे और अलग-अलग बैंक खातों में पैसे मंगवाते रहे। पैसा वापस मिलने के लालच में रमेशचंद्र लगातार ठगों द्वारा बताए गए खातों में रुपए भेजते रहे। बाद में जब उन्होंने सीधे बीमा कंपनी से संपर्क किया, तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। रमेशचंद्र शर्मा ने साइबर क्राइम थाने में तहरीर दी, जिसमें उन्होंने कुल 18 लाख 70 हजार 947 रुपए की ठगी का उल्लेख किया है।



कलेक्ट्रेट स्थित आंबेडकर प्रतिमा प्रांगण में राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजयुमो कार्यकर्ता।

### भाजयुमो ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका है। यह प्रदर्शन एआई समिट के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा की गई कथित अभद्रता और विरोध प्रदर्शन के खिलाफ किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजयुमो के जिलाध्यक्ष आकाश वर्मा ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने आरोप लगाया कि एआई समिट जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अनुशासनहीनता और अभद्र व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। आकाश वर्मा ने कहा कि ऐसी घटनाएं लोकतांत्रिक परंपराओं को आहत करती हैं और इनके खिलापु कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि युवा मोर्चा समाज और राष्ट्रहित के खिलाफ किसी भी कृत्य का लगातार विरोध करता रहेगा। इस प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा, जिला महामंत्री अतुल मिश्रा, नगर अध्यक्ष सत्यम ओझा, राहुल चौधरी, बृजेश तिवारी, अभिषेक उपाध्याय, चंद्रपाल वर्मा, मोनू वर्मा, कृष्णा दुबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सडक़ हादसे में मजदूर की मौत, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर।** कटका थाना क्षेत्र में सडक़ दुर्घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग किया है। बता दें कि गुडिय़ा पत्नी अवरार ने बताया कि उनके पति अवरार लगभग 38 वर्ष 15 फरवरी को मजदूरी करने गए थे और काम से लौटते समय पैदल आ रहे थे। आरोप है कि रतना स्थित शराब के ठेके के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे मोटरसाइकिल चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद चालक मोटरसाइकिल सहित मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## 10 बर्खास्त शिक्षकों से होगी वसूली

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

- वेतन वसूली के लिए भू-राजस्व की तरह की जाएगी सख्त कार्रवाई

**अमृत विचार।** जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग से बर्खास्त किए गए 10 शिक्षकों से अब 2 करोड़ 30 लाख रुपए के वेतन की वसूली की जाएगी। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने इस संबंध में आजमगढ़ और संत कबीरनगर के जिलाधिकारियों तथा संबंधित उपजिलाधिकारियों को पत्र लिखा है। यह वसूली भू-राजस्व की तरह की जाएगी।

बता दें कि जनपद में वर्ष 2013 से 2018 के बीच कुल 18 शिक्षकों को फर्जी दस्तावेजों और दूसरों के नाम पर नौकरी करते हुए पकड़ा गया था। इन सभी की सेवा समाप्त करने के साथ ही उनके विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। अब विभाग ने उन्हें वेतन के रूप में दी गई सरकारी राशि को वसूलने की कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में संत कबीरनगर के घनघटा क्षेत्र स्थित ग्राम मटौली निवासी राम प्रसाद ने दीपक कुमार के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फरवरी 2009 में प्राथमिक विद्यालय नंदापुर टांडा में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यभार संभाला था। वर्ष 2018 में बर्खास्तगी तक उन्होंने कुल 36 लाख 15 हजार 204 रुपए वेतन के रूप में प्राप्त किए। अब जिलाधिकारी संत कबीरनगर को पत्र लिखकर इसकी वसूली भू.राजस्व की भांति कराने का अनुरोध किया गया है। इसी प्रकार आजमगढ़ के पवई स्थित मित्तूपुर निवासी सुरेश कुमार की नियुक्ति 25 जुलाई 2013 को प्राथमिक विद्यालय परकौलिया जलालपुर में हुई थी।

सत्यापन के दौरान उनके अंकपत्र और प्रमाणपत्र फर्जी पाए जाने पर वर्ष 2014 में उन्हें सेवामुक्त कर दिया गया था। अब उनसे 2,68,705 रुपए की रिकवरी के लिए जिलाधिकारी आजमगढ़ को पत्र भेजा गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पटेल ने बताया कि बर्खास्त शिक्षकों को कई बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद उन्होंने अब तक धनराशि जमा नहीं की है। इसके चलते जिलाधिकारी ने संबंधित डीएम और एसडीएम को पत्र लिखकर बकाया राशि की वसूली भू-राजस्व की तरह करने के निर्देश दिए हैं।

**संपूर्ण समाधान दिवस** | जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनसामान्य की समस्याएं, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

## संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 297 शिकायतें, 30 का निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



अकबरपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर।

**अमृत विचार।** शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को समस्त तहसीलों में जनपद के उच्चाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के क्रम में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने शनिवार को तहसील अकबरपुर में जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में जनपद की सभी तहसीलों में से कुल मिलाकर 297 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मौके पर सिर्फ 30 शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं शेष बची हुई शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। तहसील अकबरपुर में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर की उपस्थिति में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 35 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। इसी प्रकार तहसील टांडा, भीटी, जलालपुर एवं आलापुर में भी उच्च अधिकारियों की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजित किया गया, जहां कुल 262 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 26 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया तथा शेष प्रकरणों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### प्रार्थना पत्रों का करें निस्तारण

जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही निस्तारित किया। वहीं शेष बची हुई शिकायातें के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें इसलिए समस्त शिकायतों का पारदर्शी, निष्पक्ष एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

### गायब मिले सीएमओ समेत 21 अधिकारी, रोका वेतन

**अंबेडकरनगर।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होती है। शासन स्तर पर इसे मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है। इसके बावजूद शिनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल व उप निदेशक कृषि अश्विनी कुमार सिंह समेत 21 अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए एक दिवस का वेतन अवरुद्ध करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों से 03 दिवस के भीतर अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

न्यूज ब्रीफ

### जेल में निरुद्ध आरोपी को मिली राहत

सुलतानपुर, अमृत विचार : मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के दियरा बाजार निवासी आरोपी राजेश पांडेय को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्मृति चौरसिया की अदालत ने जमानत मंजूर कर राहत दी है। आरोपी के वकील अभय तिवारी ने बताया आरोपी के खिलाफ 19 मार्च 1992 को मोतिगरपुर के दरोगा रामनाथ यादव ने तमंचा व कारतूस बरामद कर जेल भेजा था जिसमें आरोपी जमानत पर था । कोर्ट मे पेशी पर न हाजिर होने से उसके खिलाफ गैर जमानतीय वारंट जारी था जिसके बाद आरोपी सरेंडर कर न्यायिक हिरासत में जेल गया था।

### अधिवक्ता हत्याकांड में डॉक्टर तलब

सुलतानपुर, अमृत विचार : अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में अभियोजन गवाह डॉक्टर वैभव जायसवाल को फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय न्यायाधीश विजय गुप्ता ने गवाही के लिए तलब कर सुनवाई के लिए 25 फरवरी की तारीख नियत की है। अभियोजन पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया छह अगस्त 2023 को शहर से सटे भुलकी चौराहे पर अधिवक्ता आजाद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भाई मुनव्वर गोली लगने से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने सिराज अहमद समेत कई अन्य के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

### रात से लापता युवक का कुएं में मिला शव

सुलतानपुर, अमृत विचार : जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के करसा गांव में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब 22 वर्षीय ज्ञान बहादुर का शव उसके घर के सामने स्थित कुएं में उतराता मिला। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक ज्ञान बहादुर शुक्रवार शाम से ही लापता था। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका था। सुबह ग्रामीणों की नजर कुएं में पड़े शव पर पड़ी तो परिवार में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। जयसिंहपुर कोतवाल प्रमोद मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में युवक के शराब के नशे में होने की बात सामने आई है और आशंका है कि पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गया। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया।

# अपहरण व छेड़छाड़ में 4 साल कैद

## 10 हजार का अर्थदंड भी लगा, अमेठी के शुकुल बाजार में 3 वर्ष पूर्व किशोरी संग हुई थी घटना



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अमेठी जिले के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन साल पूर्व किशोरी के अपहरण व छेड़छाड़ के आरोपी सर्वेश यादव को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट नीरज श्रीवास्तव की अदालत ने शनिवार को दोषी ठहराते हुए चार साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने दोषी पर 10 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया है। कोर्ट ने पीड़िता को अर्थदंड की सम्पूर्ण राशि बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता विवेक सिंह के मुताबिक 3 मार्च 2023 की रात्रि की घटना में दर्ज हुए केस मे पीड़िता के मां ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर छेड़छाड किया। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण व छेड़छाड के आरोप में चार्जशीट दाखिल की । अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये छह गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी सर्वेश को अपहरण व छेड़छाड का दोषी ठहराते हुए चार साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

### पूर्व मंत्री के केस में अभियोजन साक्ष्य समाप्त

- छह मार्च को पूर्व मंत्री समेत अन्य आरोपियों के दर्ज होंगे बयान

संवाददाता, सुलतानपुर : एमपी-एमएलए की स्पेशल सेशन कोर्ट में पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह व अन्य के खिलाफ चल रहे हत्या के मुकदमे में शनिवार को सुनवाई हुई। विशेष लोक अभियोजक कालिका मिश्र ने बताया मामले में स्पेशल जज एमपी-एमएलए न्यायाधीश राकेश की अदालत में अभियोजन साक्ष्य की कार्रवाई समाप्त हो गई है । अगली नियत तारीख 6 मार्च पर आरोपियों के बयान दर्ज होंगे। अमेठी जिले के जगदीशपुर के पूरे मतऊ गौरा निवासी शिवकुमार यादव ने सात अप्रैल 2001 की घटना बताते हुए अपने भाई राजकुमार यादव की साजिशन हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में पूर्व मंत्री जंग बहादुर, रामविलास, अशोक कुमार व विजय बहादुर आरोपी है।

### लंभुआ विधायक के केस में बहस 6 मार्च को

संवाददाता, सुलतानपुर : विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जन सभा कर प्रचार आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोपों में एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा के केस में शनिवार को प्रस्ताव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने बहस के लिए 6 मार्च की तारीख नियत की है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय के मुताबिक 23 फरवरी 2022 को विधानसभा चुनाव प्रचारके दौरान सीताराम वर्मा ने लंभुआ क्षेत्र केशवपुर महात्मा गांधी मनरेगा खेलकूद मैदान ग्राम खड़ुआन में बिना प्रशासन की अनुमति के चुनावी सभा की थी। जिस पर उड़न दस्ता प्रभारी विपुल कुमार उपाध्याय ने किस दर्ज कराया था।

### प्रधान के घर बमबारी में किशोर की सुनवाई टली

जुड़ारा प्रधान के घर पर हुई बमबारी के मामले में बाल अपचारी की जमानत पर सुनवाई सोमवार के लिए टल गई है। पीड़ित प्रधान के अधिवक्ता सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि पुलिस शनिवार को प्रपत्र नहीं पेश कर सकी जिस कारण किशोर न्याय बोर्ड में सुनवाई नहीं हो सकी। कोतवाली देहात थाने के जुड़ारा गांव के प्रधान अनिल मिश्रा ने बीती 10 फरवरी की रात लोहरामऊ के सूदापुर स्थित घर पर बम से हमला करने के आरोप में एक पूर्व प्रधान के पुत्र समेत दो नामजद एवं कुछ अज्ञात पर केस दर्ज कराया था। पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया था। प्रकाश में आए तीसरे बाल अपचारी के पिता की ओर से जमानत याचिका दायर है जिस पर 23 फरवरी को सुनवाई होगी।

### संविदा चिकित्सक हत्याकांड में बहस 23 को

चर्चित संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में शनिवार को एडीजे प्रथम संध्या चौधरी की अदालत में बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बहस के लिए मौका मांगा। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी पवन दूबे व वादिनी निशा तिवारी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट में बचाव पक्ष के मौके की मांग स्वीकृत कर शेष बहस के लिए 23 फरवरी की तारीख नियत की है। 23 सितंबर 2023 को कोतवाली नगर क्षेत्र के नरायनपुर में संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी की हत्या कर दी गई थी। मामले में अजय नारायण सिंह, दीपक सिंह के खिलाफ विचारण चल रहा है।

### रत्नेश हत्याकांड में आरोपी की जमानत खारिज

अमेठी जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के पिंडारा ठाकुर गांव निवासी शिवपूजन यादव की जमानत जिला जज सुनील कुमार की अदालत ने खारिज कर दी। युवक रत्नेश की हत्या के गंभीर मामले में निरुद्ध शिवपूजन यादव की रिहाई पर अभियोजन पक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई।अभियोजन पक्ष की ओर से डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र के मुताबिक 23 दिसंबर 2025 को रत्नेश मिश्र उर्फ शिवा की नहर की पटरी पर धारदार हथियार से निर्मम हत्या की गई थी। मामले में मृतक के पिता संतोष मिश्र की तहरीर पर शिवपूजन यादव समेत राहुल यादव, अमित यादव, ललित यादव, पंकज यादव और अंकित यादव उर्फ लालू यादव के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। गंभीर आरोपों और परिस्थितियों को देखते हुए अदालत ने जमानत अर्जी को निरस्त कर दिया।

### साक्ष्य के अभाव में अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी बरी

सुलतानपुर, अमृत विचार : गौरीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से दो साल पूर्व किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म करने के आरोपी अभय प्रताप चौहान को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता रविवंश सिंह पंकज ने बताया कोर्ट ने पीड़िता व गवाहों के पुलिस व कोर्ट के समक्ष दिए गये विरोधाभासी बयान के चलते साक्ष्य के अभाव में आरोपी को बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष ने छह गवाहो की गवाही दर्ज कराई पर आरोप साबित नही हो सके ।26 नवम्बर 2024 की घटना में पीड़िता के पिता ने कालेज पढ़ने गई किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म करने के आरोप में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी पर चार्जशीट दाखिल की थी जिस पर विचारण चला।

# भाजयुमो का प्रदर्शन, राहुल गांधी का फूंका पुतला

- कांग्रेस के कथित अभद्र प्रदर्शन के विरोध में सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कांग्रेस के विरोध में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंका और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस द्वारा नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कथित अभद्र प्रदर्शन कर देश की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया। इसी के विरोध में कलेक्ट्रेट गेट के सामने प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह ने किया, जबकि प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह की अगुवाई में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ आक्रोश जताया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को ज्ञापन सौंपकर घटना के कथित जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। साथ ही भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान नगर कोतवाली पुलिस सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई।

# एक ही रात दो दुकानों व दो घरों में चोरी

- गोसाईगंज थाना क्षेत्र में एक ही रात हुई चार चोरियों से लोगों में दहशत का माहौल

गोसाईगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मोतीगंज बाजार में शुक्रवार रात चोरों ने दो दुकानों को निशाना बनाकर नकदी व सामान पार कर दिया। वही एक ही गांव में दो घरों को निशाना बना नगदी व जेवरात उठा ले गए। चोरी की घटना से व्यापारियों व ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, दिव्य हाल मेडिकल स्टोर के संचालक रामानंद शुक्ला पुत्र राधेश्याम शुक्ला निवासी सोनारा, मोतीगंज शुक्रवार रात करीब 8 बजे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो पीछे का दरवाजा टूटा मिला। दुकान के अंदर देखने पर 5 हजार रुपये नकद और कुछ दवाइयां गायब थीं।



चोरी के बाद घर में बिखरा सामान। ● अमृत विचार

इसी रात चोरों ने पंकज ज्वैलर्स को भी निशाना बनाया। दुकान मालिक पंकज सोनी पुत्र श्याम सुन्दर निवासी अलहदादपुर, पोस्ट मोतीगंज के अनुसार चोर पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए और वहां से सामान चोरी कर लिया। शुक्रवार की ही रात चोरों ने त्रिलोकीपुर डीहढग्गूपुर गांव निवासी शेर बहादुर वर्मा के घर को निशाना बनाया। शेर बहादुर वर्मा के मुताबिक रात में चोर घर में घुसे शनिवार सुबह चोरी की जानकारी हुई। चोरों ने आलमारी, बक्सा व सूटकेस का ताला तोड़ दस हजार नकद, एक सोने की चेन,एक कान की झुमकी उठा ले गए। इसी गांव के सुजीत वर्मा के घर पर भी चोरों ने धावा बोला। सुजीत वर्मा के मुताबिक चोरों ने उनके घर से आठ चांदी के पायल, दो चांदी के कमरबंद, एक सोने की माथबेदी, दो दो सोने की चेन, तीन जोड़ा सोने के कान का झुमका व पांच सोने की अंगूठियां उठा ले गए। घटना की सूचना पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। व्यापारियों व ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। गोसाईगंज थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच पड़ताल की जा रही है।

# रासेयो के माध्यम से छात्रों को मिलता है राष्ट्रसेवा का प्रशिक्षण

- रासेयो के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ग्राम पंचायत भवन सौरमऊ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गनपत सहाय पीजी. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह रहे।

मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को समाजसेवा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रासेयो के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा का प्रशिक्षण मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संजय सिंह ने युवाओं की सामाजिक सहभागिता को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। प्रबंधक बाल चंद्र सिंह ने शिविर के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों से ग्राम विकास गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डी.के. त्रिपाठी ने एनएसएस को व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम बताते हुए स्वयंसेवकों के उत्साह और समर्पण की सराहना की। प्रो. एम.पी. सिंह ने सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता को विद्यार्थी जीवन के आवश्यक गुण बताया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ. प्रभात श्रीवास्तव ने किया तथा आभार ज्ञापन डॉ. विभा सिंह ने किया।

# आईडीए कार्यकारिणी की बैठक आज

- सतत दंत चिकित्सा कार्यक्रम व पदाधिकारियों का होगा पदग्रहण समारोह

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** इंडियन डेंटल एसोसिएशन की उत्तर प्रदेश राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक एवं सतत दंत चिकित्सा (सीडीई) कार्यक्रम का आयोजन रविवार को अमहट स्थित महल रिजॉर्ट में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मनोज श्रीवास्तव करेंगे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. टी.पी. चतुर्वेदी, उत्तर प्रदेश राज्य अध्यक्ष डॉ. सुधाकर सिंह, राज्य सचिव डॉ. सचिन प्रकाश, सह सचिव डॉ. आर.एस. मौर्य, नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. संदीप शुक्ला, सीडीई चेयरमैन डॉ. सोरस सिंह चौहान तथा राज्य कोषाध्यक्ष डॉ. आशुतोष सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा, जिसमें डॉ. पावन रिबेलो उद्घाटन एवं उद्बोधन देंगे। सीडीई कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश सोनी (एमडीएस) द्वारा किया जाएगा। सीडीई कार्यक्रम के बाद राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित होगी। इसके उपरांत पदस्थापन समारोह में सुल्तानपुर शाखा के नव निर्वाचित पदाधिकारी पद ग्रहण करेंगे।

### डा. पावन अध्यक्ष पद पर हुए निर्वाचित

अध्यक्ष डॉ. वी.के. यादव, सचिव डॉ. एम. रजा, अध्यक्ष निर्वाचित 2027 डॉ. पावन रिबेलो तथा कोषाध्यक्ष डॉ. सुनील गुप्ता चुने गए हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में डॉ. कुलदीप पांडेय, डॉ. रंजीश मल्होत्रा, डॉ. रवि जायसवाल, डॉ. सी.डी. सिंह, डॉ. जय प्रकाश, डॉ. आदित्य शाश्वत, डॉ. अवनीश मिश्रा, डॉ. भरत सिंह, डॉ. अभिनव सिन्हा, डॉ. अमित सिंह, डॉ. एस.के. तिवारी तथा डॉ. आलोक साहू शामिल हैं। बैठक में सुलतानपुर शाखा के कई दंत चिकित्सकों के साथ ही प्रतापगढ़, गाजियाबाद, आगरा, वाराणसी, अलीगढ़, मुरादाबाद, प्रयागराज, देवरिया, कुशीनगर, अयोध्या, लखनऊ, बाराबंकी, गोरखपुर और रायबरेली सहित विभिन्न जनपदों से चिकित्सकों के शामिल होने की संभावना है।

# वैदिक मंत्रों से गूंजा धनपतगंज ब्लॉक परिसर

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को विकास खंड धनपतगंज परिसर में 108 जोड़ों का सामूहिक विवाह विधि-विधान से संपन्न कराया गया। समारोह के दौरान पूरे परिसर में उत्साह, सामाजिक समरसता का माहौल देखने को मिला।

पुरोहितों ने वैदिक रीति-रिवाज से विवाह संस्कार संपन्न कराए। नवदंपतियों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए और एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया। वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा ब्लॉक परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य





नवविवाहित जोड़े को प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि विधायक विनोद सिंह।

- सामूहिक विवाह योजना में 108 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

अतिथि विधायक विनोद सिंह और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि त्रिनेत्र पांडेय ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है और बेटियों के विवाह की चिंता कम कर सामाजिक समरसता को बढ़ावा दे रही है। इस मौके पर डीएसडब्ल्यूओ अमित सिंह, प्रधान सहायक समाज कल्याण आरजू नैय्यर, बीडीओ दिव्या सिंह, एडीओ समाज कल्याण विपिन यादव आदि मौजूद रहे।

### गुलाब के साथ दिया सुरक्षा का संदेश

सुलतानपुर, अमृत विचारः जिला मुख्यालय पर कटका क्लब सामाजिक संस्था द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था के सदस्यों ने हेलमेट पहनकर चलने वाले दो पहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया वही बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र 'विनम्र' ने किया। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनना केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे जरूरी उपाय है। चालान के डर से नहीं, बल्कि अपनी और परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट जरूर पहनें।

# लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी आशीष सम्मानित

- मिशन कर्मयोगी पोर्टल पर उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला प्रशस्ति पत्र

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः राष्ट्रीय मार्ग खंड, लोक निर्माण विभाग में कार्यरत सीनियर असिस्टेंट आशीष कुमार श्रीवास्तव को विभागीय उत्कृष्ट कार्य के लिए विभागाध्यक्ष (एचओडी) द्वारा लखनऊ में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मिशन कर्मयोगी भारत पोर्टल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन, कर्तव्यनिष्ठा और विभागीय दायित्वों के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया।

सम्मान समारोह के दौरान आशीष कुमार श्रीवास्तव ने विभागाध्यक्ष को अपनी हस्तलिखित पुस्तक "कहानी बनके मिट" भेंट की। आशीष कुमार श्रीवास्तव ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अधिशाषी अभियंता विकास सिंह, सहायक अभियंता, अवर अभियंता तथा प्रशासनिक अधिकारी रिज़वान अहमद के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के विश्वास और प्रेरणा से ही वे विभागीय कार्यों में बेहतर प्रदर्शन कर सके। उन्होंने सहकर्मियों के सहयोग को सफलता का आधार बताते हुए टीम भावना को महत्वपूर्ण बताया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मै रजनी सिंह पत्नी रंजीत सिंह मकान नं0 2/172 आवास विकास कालोनी नवाबगंज बाराबंकी उ0प्र0 का एलाटमेन्ट लेटर की मूल प्रति खो गयी है।.जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा।

**सूचना**
मैं, प्रदीप कुमार पटेल पुत्र राम जीवन सिंह यह निवेदन करता हूँ कि मेरी 10वीं की मार्कशीट और प्रमाण पत्र की मूल एवं द्वितीय प्रति (वर्ष 2005, रोल नंबर 1411092, उत्तर प्रदेश बोर्ड,प्रयागराज), इंटरमीडिएट की मार्कशीट (वर्ष 2007, रोल नंबर 0829018), बी.टेक की डिग्री (वर्ष 2013, एनआईटी श्रीनगर, नामांकन संख्या 554/2009, प्रमाण पत्र संख्या 782) और बी.टेक का अनतिम प्रमाण पत्र (वर्ष 2013) वास्तव में खो गए हैं। **निवासी: सोनेपुर रोड, शत्रुघ्नपुरी, कर्वी, चित्रकूट 210205, उत्तर प्रदेश। मोबाइल नंबर:** 8287155962

**सूचना**
मै **श्रीमती मीरा गुप्ता पत्नी स्व0 महेश चंद्र गुप्ता निवासी नौनिहाल गंज बांगरमऊ उन्नाव** , मै शपथ पूर्वक श्रीमती मीरा गुप्ता पत्नी स्व0 महेश चंद्र गुप्ता अपने पुत्र अभिषेक गुप्ता पुत्र स्व0 महेश चंद्र गुप्ता का चाल चलन ठीक न होने के कारण मैं उसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रही हूं इसके द्वारा किए गए अच्छे बुरे कार्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना-देना नहीं रहेगा।

**सूचना**
मैं **चन्द्रसेन नायक पुत्र स्व0 साहबजादा नायक निवासी- ग्राम-चवरिया खुर्द, थाना- गगहा, जिला-गोरखपुर, उ0प्र0**, मैं उत्कर्ष नायक (Utkarsh Nayak) का पिता एवं संरक्षक हूँ। मेरे पुत्र की कक्षा 10 की मार्कशीट में मेरा नाम त्रुटिवश Chandrsen Nayak अंकित हो गया है। जो कि गलत है। उपरोक्त दोनों नाम Chandrsen Nayak व Chandrasen Nayak मेरे ही हैं। जिसे भविष्य में Chandrasen Nayak के नाम से जाना जाये व माना जाये।

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHD ASLAM था अब बदलकर MOHAMMAD ASLAM रख लिया है। भविष्य मे मुझे MOHAMMAD ASLAM के नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHAMMAD ASLAM S/0-MOHAMMAD HANEEF ADD-652/405 KURSI ROAD, SABOULI, SECTOR-C DIST-LUCKNOW-226021 (U.P.)

**सूचना**
मैं **शषांक वर्मा पुत्र उमा शंकर वर्मा निवासी ग्राम खरकपुर, पोस्ट हरिपुर जलालाबाद मानपुर जिला अयोध्या** , मेरे जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 216888196 मे मेरा उपनाम सचिन कुमार वर्मा (Sachin Kumar Verma ) अंकित है। परन्तु स्कूली दस्तावेजों में शषांक वर्मा (Shashank Verma ), आधार कार्ड सं0 - 7116 तथा बैंक खाते में नाम शषांक वर्मा (Shashank Verma ) अंकित है। शषांक वर्मा व सचिन कुमारं वर्मा दोनों नाम मेरे ही है। अत: मेरी पॉलिसी संख्या - 216888196 में मेरा नाम सचिन कुमार वर्मा के स्थान पर शषांक वर्मा संसोधित कर भुगतान किया किया जाय।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे इंडियन बैंक के दौलतपुर शाखा में बचत खाता मोहम्मद करीम पुत्र मोहम्मद कयूम अंकित है, जबकि अन्य पहचान अभिलेखों में अब्दुल करीम पुत्र अब्दुल कयूम अंकित है। अत: यह स्पष्ट किया जाता है कि मोहम्मद करीम एवं अब्दुल करीम दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं तथा मुझे इन दोनों नामों से जाना और पहचाना जाता है। **अब्दुल करीम पुत्र अब्दुल कयूम निवासी ग्राम- कूकनगर ग्रंट, थाना- खोंडारे, तहसील-मनकापुर जनपद - गोंडा**

**सूचना**
मैंने अपने विवाहित पुत्र प्रदीप एवं पुत्रवधू रूपादेवी के समाज विरोधी कृत्यों में लिप्त होने से परेशान होकर उन दोनों से अपने सम्बन्ध विच्छेद करके उनदोनों को अपनी समस्त चल - अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज की तिथि से उन दोनों द्वारा किए गए किसी अच्छे बुरे कार्य, सरकारी व गैरसरकारी लेनदेन आदि की जिम्मेदारी मेरी व मेरे अन्य परिवारीजनों की न होगी। **राधेश्याम पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम भिठारी थाना कोतवाली शहर जिला हरदोई।**

**सूचना**
मैं **नजमा पुत्री तैयब अली निवासिनी ग्राम भीखनपुर, पोस्ट रानीगंज, थाना जगदीशपुर, तहसील मुसाफिरखाना, जिला-अमेठी उ0प्र0** मेरा वास्तविक नाम नजमा पुत्री तैयब अली है परन्तु हिन्दू धर्म के व्यक्ति राजेन्द्र से विवाह कर अपना नाम बदलकर मंजू रख लिया था जो मेरे आधार कार्ड में अंकित है परन्तु अपने पति राजेन्द्र से छाड़ी छूटा हो चुका है जिसके पश्चात् शपथिनी ने पुनः इस्लाम धर्म में आकर अपना पूर्व नाम नजमा रख लिया है। यह कि मैं सार्वजनिक रूप से घोषणा करती हूँ कि मुझे नजमा पुत्री तैयब अली के नाम से माना व जाना जावे।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं Amit kumar Maurya S/o Ramjee Rath Maurya, M/o Suman, Add-Village-Mallpur, post Para Ramnagara, Rampur Mathura, Mahmudabad, Sitapur, 261204 मेरा हाई स्कूल सर्टिफिकेट जिसका रोल नं0-4119744 वर्ष 2009 रास्ते में कहीं गिर गया है।

**नीलामी सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मोतीलाल विद्यामंदिर इंटर कालेज मालीपुर तहसील जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर में एक शीशम और दो सागौन का पुराना पेड़ है।सूचना प्रकाशित होने के बाद इसकी नीलामी किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था 24 फरवरी को विद्यालय कार्यालय में उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते है। अधिक बोली लगाने वाले को मौका दिया जायेगा।बोली को निरस्त करने का अधिकार प्रधानाचार्य और प्रबंधक को होगा।
प्रधानाचार्य — पुरुषोत्तम ओझा
प्रबंधक — आनंद कुमार यादव

खुशी की लहर

## सालों की जद्दोजहद के बाद राहत, विधानसभा में सीएम योगी की घोषणा से शिक्षामित्रों के चेहरे खिले

# 2,152 शिक्षामित्र और 446 अनुदेशकों की होली होगी रंगीन

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में बढ़ोतरी की घोषणा की तो जिले में भी खुशी की लहर दौड़ गई। करीब नौ वर्षों से आर्थिक अस्थिरता और आंदोलन के दौर से गुजर रहे शिक्षामित्र अब खुद को सम्मान और स्थायित्व की ओर बढ़ता हुआ देख रहे हैं। इस आदेश के बाद अब जिले के 2,152 शिक्षामित्र और 446 अनुदेशकों की होली रंगीन होने वाली है।

शिक्षामित्र संगठन सुलतानपुर के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षामित्रों के स्थानांतरण, कैशलेस चिकित्सा सुविधा तथा मानदेय वृद्धि संबंधी लिए गए निर्णय अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने जिले के 2152 शिक्षामित्रों की ओर से मुख्यमंत्री के प्रति हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उच्च प्राथमिक अनुदेशक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन सुल्तानपुर के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष आशुतोष यादव ने कहा कि जिले में कार्यरत 446 अनुदेशक मुख्यमंत्री की मानदेय वृद्धि की घोषणा से अत्यंत आह्लादित हैं। लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार कर सरकार ने अनुदेशकों को बड़ी राहत दी है। इस निर्णय से अनुदेशक परिवारों में खुशी का माहौल है और उनका मनोबल भी बढ़ा है। शिक्षामित्र बेबी सिंह ने कहा कि महिला शिक्षामित्रों के लिए यह निर्णय अत्यंत महत्वपूर्ण है। नियमित और बढ़ा हुआ मानदेय मिलने से उन्हें आर्थिक स्थिरता मिलेगी तथा



संदीप पांडेय। बेबी सिंह। शांती पांडेय। धर्मेंद्र शुक्ल। किरन वर्मा। रीना उपाध्याय। आशुतोष यादव। दिनेश चंद्रा।

पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना पहले की अपेक्षा अधिक सरल हो जाएगा। इससे उनके मनोबल में भी वृद्धि होगी और वे अपने कार्य को और अधिक समर्पण के साथ कर सकेंगी। शिक्षामित्र शांति पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया भरोसा निभाया जाना शिक्षामित्रों के लिए अत्यंत संतोष और गर्व का विषय है। यह निर्णय केवल मानदेय वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षामित्रों के सम्मान, आत्मविश्वास और वर्षों की सेवा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अनुदेशक संघ बल्दीराय के विकास खंड मंत्री संदीप पांडेय ने कहा कि सरकार द्वारा अनुदेशकों के हित में उठाया गया यह कदम सराहनीय और स्वागतयोग्य है। इससे जिले के 446 अनुदेशक परिवारों को बड़ी राहत और संबल मिलेगा। शिक्षामित्र धर्मेंद्र शुक्ल ने शिक्षामित्रों के मानदेय में 80 प्रतिशत की वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने तथा शासनादेश के अनुसार मनचाही तैनाती देने के लिए लोकप्रिय योगी सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। साथ ही यह मांग भी उठाई गई है कि मानदेय 11 महीने के स्थान पर पूरे 12 महीने दिया और प्रत्येक वर्ष महंगाई के अनुसार उसमें वृद्धि का प्रावधान किया जाए। रीना उपाध्याय, जिला मंत्री आदर्श शिक्षामित्र एसोसिएशन सुलतानपुर ने कहा कि एक अप्रैल से लागू होने वाली मानदेय वृद्धि से शिक्षामित्रों का मनोबल ऊँचा होगा। जिला प्रमुख महिला मोर्चा, शिक्षामित्र एसोसिएशन सुलतानपुर की किरन वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शिक्षामित्रों की पीड़ा को समझते हुए सकारात्मक निर्णय लिया है। इससे शिक्षामित्रों बड़ी राहत मिली है और पूरे शिक्षामित्र समुदाय में खुशी की लहर है।

# मंडी में व्यापार का सपना होगा साकार, 21 दुकानों की होगी नीलामी

- मंडी समिति के किसान विश्राम गृह में कल लगेगी बोली

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** गल्ला एवं फल मंडी में व्यवसाय की राह देख रहे व्यापारियों के लिए राहत भरी खबर है। नवीन गल्ला व सब्जी मंडी परिसर में नवनिर्मित व रिक्त पड़ी 21 दुकानों के आवंटन की बाधा दूर हो गई है। 23 फरवरी को इन दुकानों के लिए खुली बोली लगाई जाएगी।

इस प्रक्रिया से न केवल मंडी के राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि नए व्यापारियों को भी व्यापार से जुड़ने का अवसर मिलेगा। मंडी प्रशासन के मुताबिक, नीलामी की प्रक्रिया गल्ला मंडी स्थित किसान विश्राम गृह में संपन्न कराई जाएगी। प्रशासनिक देखरेख में होने वाली इस नीलामी को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की एक टीम गठित की गई है, जिसकी मौजूदगी में व्यापारियों द्वारा बोलियां लगाई जाएंगी। इस नीलामी की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पात्रता शर्तें हैं। अमूमन मंडी की दुकानों के लिए लाइसेंसी व्यापारियों को वरीयता दी जाती है, लेकिन इस बार सुपर मार्केट की 4 दुकानों के लिए नियम लचीले रखे गए हैं गल्ला और फल मंडी की मुख्य दुकानों की बोली में भाग लेंगे। जिनके पास फिलहाल मंडी का लाइसेंस नहीं है, वे सुपर मार्केट की चार दुकानों के लिए अपना दांव लगा सकेंगे। कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव राजेश यादव ने बताया कि बोली प्रक्रिया पूरी तरह से 'पहले आओ-पहले पाओ' और उच्चतम बोली के मानकों पर आधारित होगी। दुकानों के आवंटन के बाद संबंधित व्यापारियों को तय समय सीमा के भीतर औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी।



मंडी परिसर में बनीa दुकानें। ● अमृत विचार

### व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगी रफ्तार

मंडी में दुकानों का आवंटन लंबे समय से प्रतीक्षित था। व्यापारियों का कहना है कि नई दुकानें आवंटित होने से परिसर में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिसका सीधा लाभ किसानों को उनकी उपज के बेहतर दाम के रूप में मिलेगा। उपनिदेशक प्रशासन अयोध्या के अगुवाई में चार अधिकारियों की कमेटी गठित की गई है जो बोली के दौरान मौजूद रहेंगे। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यापारी को दुकान मिलेगी।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से छेड़छाड़ और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। महिला ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे गांव का एक युवक उसकी बेटी से मोबाइल नंबर मांगने लगा। मना करने पर उसने कथित तौर पर छेड़छाड़ की और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## मीना मंच की कार्यशाला आयोजित



कार्यशाला से पूर्व बीआरसी पर जुटे शिक्षक। ● अमृत विचार

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** विकास खंड कटरा बाजार स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में शनिवार को स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत मीना मंच एवं पावर एंजिल सशक्तिकरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंजनी कुमार सिंह (खंड शिक्षा अधिकारी) की उपस्थिति रही। कार्यशाला का उद्देश्य बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, जीवन कौशल शिक्षा का विकास तथा सेल्फ एस्टीम को बढ़ावा देना रहा। इसमें विकास खंड के सभी कंपोजिट व उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा के.जी.बी.वी. के कुल 48 सुगमकर्ताओं ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण सत्र में संदर्भदाता निवेदिता द्विवेदी एवं पंकज चौधरी ने प्रगति के पंख, आधा फूल कॉमिक सीरीज, अरमान मॉड्यूल, सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण, सामाजिक व्यवहार परिवर्तन, मीना मंच का गठन व उद्देश्य, टूल-10, वीरांगना पोर्टल सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान आत्मरक्षा क्लब के गठन तथा सुगमकर्ताओं की भूमिका और जिम्मेदारियों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में रवि कुमार तिवारी, सूर्य प्रकाश तिवारी, मो. सऊद, सुशील कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

## बुआ के यहां वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रहे थे

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** जिले के खरगूपुर थाना क्षेत्र में गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर शिवगढ़ पौधशाला के पास हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों युवक बलरामपुर में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, तभी रास्ते में रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों की पहचान देहात कोतवाली क्षेत्र के धनौली गांव निवासी 19 वर्षीय आकाश और 20 वर्षीय दीपांशु साहू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक एक ही मोटरसाइकिल से बलरामपुर जनपद स्थित अपनी बुआ गीता देवी के घर मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि आकाश इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहा था और परीक्षा न होने के कारण वह दीपांशु के साथ कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। दीपांशु साहू दिल्ली में रहकर कारपेंटर का काम करता था और शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर आया हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही खरगूपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और अज्ञात रोडवेज बस की तलाश की जा रही है।

**हादसा**



आकाश और दीपांशु की फाइल फोटो

- मृतकों में इंटर का एक छात्र भी शामिल, परिजनों में कोहराम
- गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर शिवगढ़ पौधशाला के पास हुआ हादसा

## वैवाहिक समारोह से युवक की बाइक चोरी

**कटरा बाजार, अमृत विचार:** कटरा बाजार थाना क्षेत्र के कस्बा में शादी समारोह में आए व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। पीड़ित व्यक्ति ने कटरा बाजार थाने में तहरीर दी है।

थाना कौडिया क्षेत्र के दुबहा बाजार निवासी राजेश गुप्ता ने बताया कि बीती 19 फरवरी को बाइक से कटरा बाजार के वार्ड नंबर चार नाई टोला स्थित जायसवाल मैरिज लॉन रिश्तेदार के यहां विवाह समारोह में शामिल होने गया था। मैरिज लॉन के अंदर बाइक खड़ी करने के बाद वह वैवाहिक समारोह में शामिल हुआ। रात लगभग 11 बजे जब वह वापस लौटा तो उस जगह उसे बाइक नहीं मिली।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज मिली है। इस घटना की जांच की जा रही है।

# पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने सीईसे से की जांच की मांग

- एस. आई. आर. प्रक्रिया में धांधली का लगाया आरोप



बैजनाथ दूबे।

**बालपुर, गोंडा, अमृत विचार:** विधानसभा क्षेत्र कटरा बाजार के पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र भेजकर जनपद गोंडा व कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में कथित धांधली की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

अपने शिकायती पत्र में श्री दूबे ने आरोप लगाया है कि कुछ कर्मचारी एवं अधिकारी कथित रूप से सत्तारूढ़ दल के लोगों के प्रभाव में आकर फर्जी फॉर्म-07 भरवा रहे हैं, जिसके माध्यम से जीवित मतदाताओं को मृतक अथवा स्थानांतरित दर्शाया जा रहा है। उनका कहना है कि कई बार जिला अधिकारी से शिकायत के बावजूद कुछ बीएलओ द्वारा एक विशेष वर्ग के मतदाताओं के नाम काटने के लिए लगातार फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। दूबे ने उदाहरण देते हुए बताया कि दुबहा बाजार निवासी मोहर्रम अली, जो पूर्व जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं और जीवित हैं, उनका नाम भी कथित रूप से फर्जी तरीके से मतदाता सूची से हटा दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग के निर्देशों की अनदेखी की जा रही है तथा लगभग 80 प्रतिशत मतदाताओं को नोटिस जारी कर दी गई है, जबकि कई लोगों ने एसआईआर में अपना फॉर्म सही तरीके से जमा किया था। पूर्व विधायक ने मांग की है कि एसआईआर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जांच कर दोषी कर्मचारियों एवं संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## डॉ. नेहा को नेपाली संस्था से मिला सम्मान



डॉ. नेहा अग्रवाल।

**गोंडा, अमृत विचार :** कवयित्री तथा शिक्षिका डॉ. नेहा अग्रवाल को नेपाल के काठमांडू में सम्मानित किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा डॉ. नेहा को मातृभाषा रत्न मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया है। नेपाल भारत मैत्री विकास, देवनागरी लिपि के संरक्षण संवर्द्धन, नेपाल भारत की मैत्री भाषा हिंदी/नेपाली के वैश्विक प्रचार प्रसार तथा देश विदेश के कवि, लेखक, साहित्यकार और शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के पर नेपाल, भारत सहित 5 देश के एक हजार प्रतिभाओं को मातृभाषा रत्न मानद उपाधि सम्मान, तथा मातृभाषा गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया है। उन को प्रशस्ति पत्र सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया है। संस्था के अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु ने कहा - शब्द प्रतिभा का उद्देश्य है प्रतिभाओं का प्रोत्साहन कर उनमें नव ऊर्जा का विकास करना है।

## लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश

**गोंडा, अमृत विचार :** एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत ने कार्यालय में नगर, सदर एवं मनकापुर सर्किल के विवेचकों का अर्दली रूम आयोजित किया। इस दौरान विभिन्न थानों में लंबित पड़ी विवेचनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक विवेचक से प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और विवेचना में आ रही बाधाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गंभीर अपराधों, महिला एवं बालिका संबंधी मामलों तथा न्यायालय से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए।उन्होंने कहा कि विवेचना में गुणवत्ता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यह भी कहा गया कि विवेचक नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें और लंबित मामलों को अभियान चलाकर कम करें।

## अवैध लकड़ी लदी ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** शोभापुर के पास वन विभाग ने अवैध लकड़ी की बिक्री एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया।

वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात मुखबिर की सूचना पर टीम ने छापेमारी की। इस दौरान शोभापुर के समीप एक ट्रैक्टर-ट्राली पर आम की लकड़ी लदी मिली। चालक से जब लकड़ी के संबंध में वैध प्रपत्र मांगे गए तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दस्तावेज न मिलने पर वन विभाग ने लकड़ी सहित ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। वाहन स्वामी की पहचान की जा रही है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल का पुतला

- एआई समिट पर नेता प्रतिपक्ष की टिप्पणी से आक्रोश

**गोंडा, अमृत विचार :** 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की टिप्पणी पर भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला जलाया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजकर राहुल गांधी बयान को राष्ट्रविरोधी बताया।

ज्ञापन में कहा गया कि समिट भारत की एआई क्षमता, नवाचार और वैश्विक नेतृत्व को प्रदर्शित करने का ऐतिहासिक अवसर था, जिसमें देश-विदेश के वैज्ञानिक, उद्योगपति व नीति-निर्माता शामिल हुए। आरोप है कि राहुल गांधी ने इसे डिसआर्गेनाइज्ड पीआर स्पेक्टेकल बताकर भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि धूमिल करने का प्रयास किया तथा सोशल मीडिया मंच एक्स पर भारतीय डेटा बिक्री और चीनी उत्पादों के प्रदर्शन संबंधी टिप्पणी कर भ्रम फैलाया। भाजपा पदाधिकारियों का कहना है कि यह बयान देश की प्रतिष्ठा पर आघात है। साथ ही समिट स्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कथित अनुशासनहीन प्रदर्शन कर कार्यक्रम की गरिमा भंग करने का भी आरोप लगाया गया। इस दौरान जिला शोध प्रमुख अभिषेक शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी, नीरज मौर्य, विद्याभूषण द्विवेदी, के के श्रीवास्तव, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, जिला मंत्री मनीष शुक्ला, युवा मोर्चा के पदाधिकारी अमर पाठक, विवेक वर्मा, वेद प्रकाश सिंह, आनंद तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने राष्ट्रपति से संवैधानिक व विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि भविष्य में कोई भी जनप्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि धूमिल न कर सके।



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देते भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## चौराहे से ट्रांसफार्मर हटाने की मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिशुनापुर बेलभरिया के कस्बा बिशुनापुर में चौराहे पर लगा बिजली का ट्रांसफार्मर अन्यत्र हटाए जाने की मांग प्रधान अफसर अली ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिशासी अभियंता से की है। उन्होंने बताया कि कस्बे में लगे ट्रांसफार्मर से आए दिन कस्बा वासियों के लिए खतरा बना रहता है। ऐसी स्थिति में उक्त ट्रांसफार्मर को कस्बे से बाहर लगवाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि यदि बिजली का ट्रांसफार्मर अन्यत्र नहीं हटाया गया। तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं त्योहार



शांति समिति की बैठक करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** आगामी त्योहारों के मद्देनज़र शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत एवं क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय की अध्यक्षता में थाना कोतवाली देहात परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से अपील की कि त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा, सौहार्द और सामाजिक समरसता बनाए रखें। अपर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सीओ नगर आनंद कुमार राय ने कहा कि त्योहार खुशियों और मेल-मिलाप का प्रतीक होते हैं, इसलिए सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# इंजेक्शन लगते ही रामकरन को आया था हार्टअटैक

**अमृत विचार Follow UP**

- पोस्टमार्टम में हुई पुष्टि

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** क्षेत्र में एक कथित झोलाछाप के यहां इलाज कराने गए अधेड़ की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नया मोड़ आ गया है। रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है, लेकिन बिना जांच इंजेक्शन लगाने और फिर पंचायत के जरिए समझौते की चर्चाओं ने पूरे प्रकरण को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है।

किशुनदासपुर के शुकुल पुरवा निवासी रामकरन वर्मा (55) की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर चर्चाओं का दौर है। परिजनों का आरोप है कि रामकरन दर्द और बुखार की दवा लेने बहादुरा के पसियन पुरवा के पास क्लीनिक चलाने वाले कथित चिकित्सक मानिक चंद पासवान के पास गये थे। मृतक के पुत्र सुजीत वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि बिना जांच के इंजेक्शन लगाया गया। हालत में सुधार न होने पर दूसरा इंजेक्शन लगा दिया गया, जिसके बाद स्थिति गंभीर हो गई। परिजन उन्हें अयोध्या इलाज के लिए ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्टअटैक बताया गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि आगे की कार्रवाई के लिए परिजन दोबारा थाने नहीं पहुंचे हैं। सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. देवेंद्र सिंह का कहना है कि यदि मरीज को उच्च रक्तचाप रहा होगा और बिना ब्लड प्रेशर जांच के इंजेक्शन लगाया गया, तो हार्टअटैक की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों के मुताबिक, घटना के बाद कथित चिकित्सक ने कुछ लोगों और एक प्रधान के बेटे की मौजूदगी में पंचायत की। चर्चा है कि आर्थिक लेनदेन के जरिए मामला शांत कराने की कोशिश हुई, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का दावा है कि संबंधित व्यक्ति के पास कोई मान्यता प्राप्त चिकित्सीय डिग्री नहीं है। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी इंजेक्शन के बाद एक महिला की मौत और एक युवक के पैर में गंभीर सूजन की घटना सामने आई थी, जिन्हें आपसी समझौते से दबा दिया गया।



राम करन वर्मा फाइल फोटो

### स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी पर सवाल

घटना को कई दिन बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों में नाराजगी है। क्षेत्रवासियों ने अवैध रूप से क्लीनिक चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय झोलाछाप चिकित्सकों की भूमिका और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



डॉ. पंकज श्रीवास्तव का स्वागत करते एडीएम आलोक कुमार। ● अमृत विचार

## हृदय स्वास्थ्य शिविर में 85 लोगों की जांच

**गोंडा, अमृत विचार :** संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति एवं उत्तर प्रदेश कर्मचारी संघ, गोंडा के संयुक्त तत्वावधान में पेंशनर्स कक्ष (डीएम कार्यालय के निकट) नि:शुल्क हृदय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जैनस इनीशिएटिव संस्था के संस्थापक व हिंद मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने 40 वर्ष के बाद नियमित हेल्थ चेकअप कराने की सलाह दी। मुख्य अतिथि एडीएम आलोक कुमार ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। शिविर में डॉ. राहुल वर्मा के साथ 85 लोगों की जांच कर परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य कोषागार अधिकारी श्याम लाल जायसवाल सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने सहयोग किया। अंत में डॉ. पंकज श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## सातवीं बार अध्यक्ष बने राम सजीवन तिवारी



निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते साथी। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर में शनिवार को सफाई कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुआ। सभी पदों पर पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया। चुनाव में लगातार सातवीं बार राम सजीवन तिवारी को संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया। मस्तराम यादव महामंत्री, रामचंद्र मौर्या कोषाध्यक्ष, शिवानंद मौर्य संगठन मंत्री तथा वंशीधर तिवारी को संगठन के सम्प्रेक्षक पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रधान संघ अध्यक्ष लाल जी सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भानु सिंह ने माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में समाजसेवी परमहंस सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कमलेंद्र पांडे, जिलाध्यक्ष घनश्याम यादव, सुभाष यादव, यदुनंदन यादव, सतीश सिंह, संत कुमार यादव, मकबूल अहमद, गंगा प्रसाद, संत बख्श, शफीक अहमद, अमीर अहमद, दर्शन यादव, दीपराज आदि मौजूद थे।

**संपूर्ण समाधान दिवस** | सख्त रहे डीएम के तेवर, अधिकारियों को तलब कर दिया निर्देश

# 155 शिकायतों में से मौके पर 24 का हुआ निस्तारण

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जनसमस्याओं की सुनवाई के दौरान सख्ती दिखाई। प्रत्येक शिकायत पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही तलब कर निस्तारण के निर्देश दिए गए। तहसील दिवस में कुल 155 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 24 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

कादीपुर में तालाब पर अतिक्रमण की शिकायत सामने आने पर डीएम ने राजस्व विभाग, एडीओ पंचायत और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। लालेमऊ प्रधान राज कुमार ने बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में अनियमितता की शिकायत की, जिस पर संबंधित अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम झौंनहा निवासी सीता देवी ने खतौनी में पति स्व. जमुना प्रसाद के नाम में त्रुटि की शिकायत की, जिस पर लेखपाल को अभिलेख दुरुस्त करने को कहा गया। गौरा सिंहपुर निवासी लालचंद ने रास्ते की जमीन पर कब्जे की शिकायत की। समाधान दिवस के बाद डीएम प्रियंका निरंजन, सीडीओ अंकिता जैन, एसपी विनीत जायसवाल व एसडीएम नेहा मिश्रा ने संयुक्त रूप से मछुआरा समुदाय के लाभार्थियों को पट्टा अभिलेख व राशन कार्ड वितरित किए। समीक्षा बैठक में डीएम ने लापरवाह कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी। इस मौके पर सीएमओ डॉ संतलाल, सहायक पुलिस अधीक्षक अभिषेक दावाच्या सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



करनैलगंज तहसील में आयोजित समाधान दिवस में जन सुनवाई करतीं डीएम, सीडीओ व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

## मानदेय बढ़ने पर जताई प्रसन्नता

**रुपईडीह, अमृत विचार :** आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन की शाखा ब्लॉक रुपईडीह के शिक्षामित्रों की बैठक संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित कुमार तिवारी की देखरेख में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित की गई।

इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षामित्र का मानदेय 18 हजार रुपए प्रतिमाह किए जाने की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गयी। इस मौके पर ओम प्रकाश तिवारी, आनंद कुमार पाठक, राजेश चौबे आदि उपस्थित रहे।

## पुल निर्माण की मांग के समर्थन में मांगी भीख

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** बिसुही पुल निर्माण की मांग को लेकर राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने 15वें दिन भी आंदोलन जारी रखा। बुधवार को कार्यकर्ताओं ने इटियाथोक बाजार में दुकान-दुकान जाकर भीख मांगकर अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि कई दिनों से आंदोलन चल रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि बाजार में एकत्र की गई धनराशि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा जाएगी साथ ही पुल निर्माण की मांग की जाएगी। पारासराय निवासी बृजेश पांडेय ने बताया कि वह प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरते हैं और जाम की समस्या से जूझते हैं। इस दौरान सूरज शुक्ला, संदीप मिश्रा, जीशान, सोनू शुक्ला, अवधेश मिश्रा, सोनू मिश्रा, अमन सिंह, आलोक कुमार, आदिलोक आदि मौजूद रहे।

## मीना मंच सुगमकर्ताओं की कार्यशाला संपन्न

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय बीआरसी पर स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजिल सशक्तिकरण के लिए आयोजित मीना मंच सुगमकर्ताओं की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। संदर्भदाता रामायण प्रसाद मिश्र ने 'प्रगति के पंख' एवं कॉमिक बुक सत्र संचालन पर चर्चा की, जबकि दुर्गा प्रसाद ने अरमान मॉड्यूल, वीरांगना पोर्टल, नवाचार एवं प्रगति कार्यक्रम तथा डाटा टूल-10 के नियमित भरने पर विस्तार से जानकारी दी। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षण में सरजू प्रसाद, मोहम्मद जैद, रंजना तिवारी, गीता श्रीवास्तव, वंदना तिवारी व रामभूषण वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में दिखी सांस्कृतिक एकता

## इमलिया कोडर स्थित थारू जनजाति संग्रहालय में किया गया कार्यक्रम का आयोजन, सरहद पर गूंजा भाईचारे का संदेश

पचपेड़वा, बलरामपुर

**अमृत विचार :** भारत और नेपाल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व सामाजिक रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से इमलिया कोडर स्थित थारू जनजाति संग्रहालय में भव्य भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दोनों देशों के सैकड़ों लोगों की सहभागिता ने सीमा क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया।

संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश तथा थारू जनजाति संग्रहालय इमलिया कोडर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में भारत और नेपाल के कलाकारों ने लोकगीत, पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक जनपद-एक उत्पाद प्रदर्शनी में स्थानीय हस्तशिल्प और उत्पादों को प्रदर्शित किया गया, जिससे क्षेत्रीय कला और उद्यमिता को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम में निकाली गई भव्य संस्कृत शोभायात्रा में दोनों देशों के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू', जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, रामकृपाल शुक्ला, रामसरन गुप्ता, मदन लाल जायसवाल (अध्यक्ष, महाराणा प्रताप जनजातीय सेवा संस्थान), पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोहर लाल थारू, लक्ष्मी देवी, विश्राम चौधरी, तारा चौधरी, ए.के. शुक्ला, ब्लाक प्रमुख जगदम्बा सिंह 'शक्ति', वैभव सिंह, अमित जायसवाल, धनीराम थारू, परमजीत सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशासनिक स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, उप जिलाधिकारी राकेश जयंती, खंड विकास अधिकारी मोहित दुबे तथा भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों के जवान भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने संबोधन में शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' ने कहा कि भारत और नेपाल के रिश्ते केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और पारिवारिक भी हैं। ऐसे आयोजन आपसी विश्वास, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को नई ऊर्जा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन आरती थारू ने किया। महोत्सव ने सीमा पर बसे लोगों के दिलों में एकता और भाईचारे का संदेश मजबूती से स्थापित किया।



भारत-नेपाल मैत्री सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू। • अमृत विचार

## माई भारत योजना की जिला चयन समिति में शिवांजलि पांडेय नामित


शिवांजलि पांड़ेय।

**महदेईया बाजार, बलरामपुर, अमृत विचार :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तहत मेरा युवा भारत (माई भारत) राष्ट्रीय युवा कोर योजना में स्वयंसेवकों के चयन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति में शिवांजलि पांडेय को सदस्य नामित किया गया है। 19 फरवरी को जारी पत्र के माध्यम से उनके मनोनयन की सूचना दी गई। समिति प्रत्येक विकासखंड से दो-दो युवाओं के चयन की संस्तुति करेगी। जिला युवा अधिकारी को चयन प्रक्रिया, योजना की रूपरेखा तथा स्वयंसेवकों की भूमिका संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। शिवांजलि पांडेय ने कहा कि वे युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से पूर्ण निष्ठा के साथ दायित्व निभाएंगी। उनके मनोनयन पर भाजपा पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## बोर्ड परीक्षाओं के बीच देर रात डीजे पर रोक की मांग

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र देर रात्रि तक तेज ध्वनि में डीजे बजाए जाने पर रोक लगाने की मांग उठी है। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस ने कहा कि इस समय हजारों विद्यार्थी अपने भविष्य के लिए तैयारी में जुटे हैं और तेज ध्वनि उनके अध्ययन में बाधा बन रही है। उन्होंने प्रशासन से निर्धारित ध्वनि सीमा और समय सीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की। उनका कहना है कि अत्यधिक शोर-शराबा न केवल छात्रों बल्कि आम नागरिकों, कर्मचारियों और मरीजों के लिए भी परेशानी का कारण बनता है। विशेषकर हृदय रोगियों, बुजुर्गों और अस्पतालों में भर्ती मरीजों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। डीपी सिंह बैस ने कहा कि विवाह और सामाजिक कार्यक्रम खुशी के अवसर होते हैं, लेकिन इन्हें सामाजिक जिम्मेदारी के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि निर्धारित समय के भीतर कार्यक्रम समाप्त करें और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि विद्यार्थियों और आमजन को असुविधा न हो।


देर रात बजता डीजे। • अमृत विचार

# हादसे में पति की मौत, पत्नी गंभीर

**रफ्तार की मार**

- हरैया क्षेत्र में पेड़ से टकरायी कार शादी से लौट रहे थे

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** हरैया थाना क्षेत्र के हरिहरगंज-बरदौलिया-ललिया मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में रामपाल श्रीवास्तव (63) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और एक अन्य सहयोगी गंभीर रूप से घायल हो गए।

रामपाल श्रीवास्तव निवासी मैनडीह थाना हरैया अपनी पत्नी किरन श्रीवास्तव (60) और सहयोगी सुरेश कुमार यादव निवासी टेंगनवार के साथ बलरामपुर में एक शादी समारोह से कार द्वारा घर लौट रहे थे। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखचे उड़ गए।

घटना की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने रामपाल श्रीवास्तव को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल किरन श्रीवास्तव और सुरेश यादव को प्राथमिक उपचार के बाद संयुक्त जिला अस्पताल बलरामपुर रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।


दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। • अमृत विचार

## बुजुर्गों को मिलेंगे निःशुल्क उपकरण

**बलरामपुर, अमृत विचार :** वयोश्री योजना के अंतर्गत पंजीकृत लाभार्थियों को निःशुल्क सहायक उपकरण दिये जाएंगे। डीएम विपिन कुमार जैन और सीडीओ हिमांशु गुप्ता के निर्देशन में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा ब्लाक स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 26 फरवरी को विकासखंड बलरामपुर में बलरामपुर (91), हरैया सतघरवा (28) व तुलसीपुर (44) के लाभार्थियों को उपकरण दिए जाएंगे। 27 को गैसड़ी (168) व पचपेड़वा (54) के लिए गैसड़ी में शिविर लगेगा। 28 को रेहरा बाजार में उतरौला (48), रेहरा बाजार (126) व गैड़ास बुजुर्ग के लाभार्थी लाभान्वित होंगे। 1 मार्च को श्रीदत्तगंज (136) के लिए शिविर आयोजित होगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. राहुल गुप्ता ने पात्रों से निर्धारित तिथि पर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने की अपील की है।

## चोरी व गंभीर चोट पहुंचाने के 3 दोषियों को 12-12 वर्ष की सजा

**बलरामपुर अमृत विचार :** घर में सेंध लगाकर चोरी करने और विरोध करने पर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय, बलरामपुर ने तीन अभियुक्तों को 12-12 वर्ष के कठोर कारावास तथा प्रत्येक को 20-20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय के इस फैसले से पीड़ित पक्ष को न्याय मिला है।

घटना 14 अगस्त 2012 की है, जब थाना तुलसीपुर क्षेत्र के खैरी निवासी धनीराम मौर्य ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि सागर, रामसागर मौर्य उर्फ कुन्ने व गोमती प्रसाद उर्फ गादर ने उनके घर में सेंध लगाकर चोरी की और विरोध करने पर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना पूरी करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान प्रभावी पैरवी और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने तीनों अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में इस प्रकरण की सतत निगरानी की गई। इसी क्रम में ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को दंडित कराने की कार्रवाई की जा रही है। अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) कुलदीप सिंह, जिला शासकीय अधिवक्ता नरेंद्र प्रताप पाण्डेय तथा संबंधित अधिकारियों ने पैरवी की।

## जनसमस्याओं को लेकर भाकियू भानू का धरना


मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी।

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के कार्यकर्ताओं ने तहसील तुलसीपुर परिसर में मासिक किसान पंचायत धरना आयोजित कर विभिन्न समस्याओं को उठाया। किसानों ने सीमावर्ती थारू बाहुल्य गांवों—चंदनपुर, भुसहर ऊंचवा, नरिहवा, बड़का भुकुरआ और कंचनपुर क्षेत्र में मोबाइल टावर स्थापित करने की मांग प्रमुखता से रखी, ताकि संचार सुविधा बेहतर हो सके। इसके अलावा नगर पंचायत पचपेड़वा कार्यालय में गृहकर व जलकर बकाया दर्शाकर जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न किए जाने की शिकायत भी उठाई गई। किसानों ने प्रधानमंत्री को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी राकेश कुमार जयंत को सौंपा। उपजिलाधिकारी ने ज्ञापन प्राप्त करते ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर ही संज्ञान लिए जाने से किसान संतुष्ट नजर आए। तहसील उपाध्यक्ष आलम खान ने कहा कि यदि प्रत्येक कार्यालय में इसी प्रकार संवेदनशील अधिकारी हों तो किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान संभव है। धरने में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# खाद-कीटनाशक के अंधाधुंध इस्तेमाल पर लगेगी लगाम

- धरती माता बचाओ समिति का किया गया गठन

**बलरामपु, अमृत विचार :** अधिक उत्पादन की होड़ में रासायनिक उर्वरक व कीटनाशकों का बढ़ता उपयोग अब कृषि विभाग की निगरानी में रहेगा। खेतों की बिगड़ती सेहत को सुधारने के लिए जिले में 'धरती माता बचाओ समिति' गठित की गई है। समिति ने ऐसे 100 गांव चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है जहां खाद और रसायनों का जरूरत से ज्यादा प्रयोग हो रहा है। समिति के सदस्य और कृषि वैज्ञानिक गांव-गांव पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद करेंगे। उन्हें मिट्टी की जांच रिपोर्ट के आधार पर संतुलित मात्रा में खाद देने की सलाह दी जाएगी। जिला कृषि अधिकारी उपेंद्र नाथ खरवार ने बताया कि यह पहल कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के प्रयास से शुरू की गई है। चिन्हित पंचायतों में बैठक कर किसानों को सही विधि से उर्वरक प्रयोग की जानकारी दी जाएगी।

# शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** तहसील सभागार में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और निस्तारण ऐसा हो जो शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करे।

भूमि विवाद और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर विवाद निपटाने के निर्देश दिए गए। जिन ग्रामों में भूमि संबंधी मामले अधिक हैं, वहां विशेष चौपाल आयोजित कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया।

समाधान दिवस के अंत में प्राप्त प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की गई, जिनमें से कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों में अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनते डीएम और अन्य अधिकारी।

# आज विशेष अभियान दिवस

- मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का अवसर

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर आज (22 फरवरी रविवार) को "विशेष अभियान दिवस" आयोजित किया जाएगा।

इस दिन सभी बूथ स्तर अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन करने तथा नाम विलोपन से संबंधित दावे व आपत्तियां प्राप्त करेंगे।

01 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूर्ण कर चुके पात्र नागरिकों से प्रपत्र-6 भरवाकर उनके नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर सहायता कक्ष स्थापित किया जाएगा, जहां मतदाताओं को प्रपत्र भरने और प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लाउडस्पीकर व अन्य माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन ने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे अपने बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची में नाम की जांच करें और यदि नाम दर्ज न हो तो तत्काल पंजीकरण कराएं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे।

# माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

**पीस कमेटी की बैठक**

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में शनिवार की शाम होली व रमजान को लेकर शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नेहा मिश्रा ने की।

बैठक में सभी समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि दोनों समुदाय शांतिपूर्ण तरीके से अपने-अपने त्योहार मनाएं और एक-दूसरे के पर्व में शामिल होकर आपसी भाईचारे का संदेश दें। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था में अराजकता, अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो उसके गंभीर परिणाम होंगे। ऐसे तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस या प्रशासन को दें, दोषियों को सीधे जेल भेजा जाएगा। राधेश्याम राय ने कहा कि दोनों त्योहार एक-दूसरे की खुशियों के पूरक बनें, तभी त्योहार का वास्तविक आनंद आएगा। उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील की। अभिषेक दावाच्या ने कहा कि पुलिस हर स्तर पर तैयार है। सभी जुलूसों की निगरानी ड्रोन व वीडियो कैमरों से कराई जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि शराब पीकर हुड़दंग करने वाले पहले ही सोच लें, नशे में की गई हरकत का परिणाम भुगतना पड़ेगा। इस अवसर पर ईओ नगर पालिका सुरभि पाण्डेय, कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय सहित मोहित पांडेय, अशोक सिंघानिया, धर्मपाल सिंह, मुकेश वैश्य, डॉ. मुख्तार आजाद, कन्हैयालाल वर्मा, मोहम्मद शाहिद, डॉ. रामतेज, यावर हुसैन मुन्ना, राजेश कुमार निषाद, कल्लू शुक्ला समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** चुनौतियों व समाधान पर की गयी गहन चर्चा

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में वंचित बच्चों की शिक्षा पर हुआ मंथन

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित तथा उत्कर्ष फाउंडेशन गोंडा व भारत डायनामिक्स लिमिटेड के सहयोग से सम्पन्न दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन शनिवार को हुआ। संगोष्ठी में विभिन्न प्रदेशों से आए लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

समापन समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.पी. पाण्डेय, मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा संकायाध्यक्ष सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर डॉ. अरुण कुमार सिंह, उत्कर्ष फाउंडेशन के सचिव डॉ. रामानंद तिवारी, पूर्व संघाध्यक्ष प्रो. विमल प्रकाश वर्मा, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. श्रीप्रकाश मिश्र तथा आयोजन सचिव डॉ. दिनेश कुमार मौर्य ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। प्राचार्य प्रो. जे.पी. पाण्डेय ने कहा कि संगोष्ठी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करते हुए यह समझने का प्रयास किया गया कि ये योजनाएं वंचित बच्चों तक किस सीमा तक पहुंच पा रही हैं। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार सिंह ने सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक कारणों से शिक्षा में बनी वंचना पर तथ्यात्मक अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया।

सह आयोजन सचिव डॉ. बी.एल. गुप्त ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा डॉ. विशाल गुप्त ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ. देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। तकनीकी सत्र में विनोद बिहारी महतो कोलांचल विश्वविद्यालय, झारखंड के डॉ. उपेन्द्र कुमार ने ऑनलाइन व्याख्यान दिया। राष्ट्रगान के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।


राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्राचार्य का स्वागत करते आयोजक। • अमृत विचार

## आम आदमी पार्टी की बैठक आज

**गोंडा, अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी की बैठक का आयोजन रविवार को सिंचाई विभाग डाक बंगले में किया जा रहा है। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों द्वारा आम आदमी पार्टी की मजबूती को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही सदस्यता अभियान की समीक्षा की भी जाएगी।

इसके अलावा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों के रणनीति पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

यह जानकारी आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा अज्जू पंडित ने दी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुर कला विकासखंड गैसड़ी जनपद बलरामपुर।**

निविदा/टेंडर/आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत वीरपुर कला में सी सी रोड़, आर सी सी पुलिया निर्माण, पशु शेड निर्माण हेतु इच्छुक निविदा कोटेशन पंजीकृत टैक्स प्रदाता फर्म आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 23/02/2026 से 28/02/2026 तक निविदा पत्र प्राप्त एवं जमा की जा सकती है निविदा कोटेशन दिनांक 02/03/2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान, सचिव और निर्माण कार्य समिति की उपस्थिति में खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। क्रय की जाने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी,पत्थर,मिट्टी, बालू,लाल मोरंग,सरिया,सीमेंट,पतरा,पाइप, हुक आदि से संबंधित सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृति प्राक्कलन के अनुसार पृथक होगी। निविदा कोटेशन वित्तीय वर्ष 2025/26 में कराए जाने वाले कार्य प्रभावी रहेंगी।

आनंद पाल सिंह, प्रधान, ग्राम पंचायत वीरपुर कला, विकासखंड गैसड़ी, जनपद बलरामपुर
अमित वर्मा, सचिव, ग्राम पंचायत वीरपुर कला, विकासखंड गैसड़ी, जनपद बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत सदवापुर विकासखंड गैसड़ी जनपद बलरामपुर।**

निविदा/टेंडर/आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत सदवापुर में सी सी रोड़, आर सी सी पुलिया निर्माण, पशु शेड निर्माण हेतु इच्छुक निविदा कोटेशन पंजीकृत टैक्स प्रदाता फर्म आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 23/02/2026 से 28/02/2026 तक निविदा पत्र प्राप्त एवं जमा की जा सकती है निविदा कोटेशन दिनांक 02/03/2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान, सचिव और निर्माण कार्य समिति की उपस्थिति में खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। क्रय की जाने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी,पत्थर,मिट्टी, बालू,लाल मोरंग,सरिया,सीमेंट,पतरा,पाइप, हुक आदि से संबंधित सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृति प्राक्कलन के अनुसार पृथक होगी। निविदा कोटेशन वित्तीय वर्ष 2025/26 में कराए जाने वाले कार्य प्रभावी रहेंगी।

श्री गुल्ले, प्रधान, ग्राम पंचायत सदवापुर, विकासखंड गैसड़ी, जनपद बलरामपुर
अमित वर्मा, सचिव, ग्राम पंचायत सदवापुर, विकासखंड गैसड़ी, जनपद बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत मिश्रौलिया विकासखंड गैसड़ी जनपद बलरामपुर।**

निविदा/टेंडर/आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत मिश्रौलिया में सी सी रोड़, आर सी सी पुलिया निर्माण, पशु शेड निर्माण हेतु इच्छुक निविदा कोटेशन पंजीकृत टैक्स प्रदाता फर्म आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 23/02/2026 से 28/02/2026 तक निविदा पत्र प्राप्त एवं जमा की जा सकती है निविदा कोटेशन दिनांक 02/03/2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान, सचिव और निर्माण कार्य समिति की उपस्थिति में खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। क्रय की जाने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी,पत्थर,मिट्टी, बालू,लाल मोरंग,सरिया,सीमेंट,पतरा,पाइप, हुक आदि से संबंधित सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृति प्राक्कलन के अनुसार पृथक होगी। निविदा कोटेशन वित्तीय वर्ष 2025/26 में कराए जाने वाले कार्य प्रभावी रहेंगी।

सुमन सिंह, प्रधान, ग्राम पंचायत मिश्रौलिया, विकासखंड गैसड़ी, जनपद बलरामपुर।
अमित वर्मा, सचिव, ग्राम पंचायत मिश्रौलिया, विकासखंड गैसड़ी, जनपद बलरामपुर।

## न्यूज ब्रीफ

### सीडीओ ने परखी आयुष्मान योजना की हकीकत

**कैसरगंज(बहराइच) :** विकासखंड कैसरगंज की ग्राम पंचायत पवही का मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद ने औचक निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय की साफ-सफाई, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था को परखा। विद्यालय में बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक झांकी ने उनका मन मोह लिया।सीडीओ ने पंचायत भवन पहुंचकर आयुष्मान कार्ड निर्माण की जमीनी स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अभिलेखों का अवलोकन करते हुए लाभार्थियों से जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन, विद्यालय परिसर तथा रखरखाव संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।उन्होंने खंड विकास अधिकारी कैसरगंज सचिन भारती को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयुष्मान कार्ड का शत-प्रतिशत लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए, ताकि पात्र व्यक्तियों को योजना का पूरा लाभ मिल सके।इस अवसर पर एडीओ पंचायत बृजेश सिंह,अधीक्षक डा.एन.के.सिंह, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी, प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रभात शुक्ला उपस्थित रहे।

### मंदबुद्धि महिला को पुलिस ले गई थाने

**मल्हीपुर(श्रावस्ती) :** सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम चोंगोई के मजरा जोगिया गांव के पास शनिवार को कुछ बच्चे खेल रहे थे। इस दौरान वहां पहुंची एक महिला बच्चों को टॉफी देने का प्रयास करने लगी। महिला को संदिग्ध देख बच्चे घबराकर वहां से भागने लगें बच्चों की आवाज सुन पहुंचे ग्रामीणों ने महिला को पकड़ लिया। बच्चा पकड़ने वाली मानकर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची सोनवा पुलिस महिला को थाने ले गई। थानाध्यक्ष विसुनदेव पांडेय ने बताया महिला मन्दबुद्धि की थी।

### युवक ने पीया विषाक्त पदार्थ, गंभीर

**जमुनहा (श्रावस्ती) :** हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के ग्राम बेगमपुर निवासी पवन कुमार (19) पुत्र विजय कुमार ने शुक्रवार देर रात कोई जहरीला प्रदार्थ पी लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। जानकारी पर परिजनों ने एम्बुलेंस से उसे सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती करवाया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### अभियान दिवस का आयोजन आज

**बहराइच :** जिला मजिस्ट्रेट , जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने एवं नोटिस चरण में अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देश पर 22 फरवरी रविवार को समस्त पदाभिहित स्थलों पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया है। विशेष अभियान दिवस को सभी पदाभिहित स्थलों पर पदाभिहित अधिकारी (बूथ लेवल अधिकारी) पूर्वान्ह 10 :30 बजे से अपरान्ह 01 :30 बजे तक उपस्थिति रहकर दावे और आपत्तियां प्राप्त करने इत्यादि की कार्यवाही करेंगे। डीएम ने बताया कि विशेष अभियान तिथि को अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के ऐसे पात्र व्यक्ति जिनका नाम अभी भी मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वे अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 में आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त डुप्लीकेट, शिफ्टेड तथा मृतक मतदाताओं के नामों को कटवाने के लिए प्रारूप-7 के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करें: सीडीओ

## तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 35 में से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**संवाददाता, बहराइच**


समाधान दिवस पर शिकायतें सुनते सीडीओ व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी डीके श्रीवास्तव व तहसीलदार मीना गौर सहित अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ ने अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुए 35 प्रार्थना-पत्रों में से 03 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार तहसील तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 25 में 02, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 18 में 01, पयागपुर में 33 में 04, महसी में 21 में 01 तथा तहसील सदर में प्राप्त 07 प्रार्थना-पत्रों में से 01 का निस्तारण मौके पर किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील दिवस सहित अन्य स्तरों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता है इसलिए सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करें। इस अवसर पर अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

### एसडीएम मोनालिसा ने सुनीं शिकायतें

**खैरीघाट(नानपारा), अमृत विचार।** बहराइच जिले में नानपारा तहसील परिसर में आज आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे तथा क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रत्येक प्रार्थना-पत्र पर स्वयं संज्ञान लेते हुए उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर जांच कर निष्पक्ष नियमों के अंतर्गत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। तहसील दिवस में पुलिस, विकास, समाज कल्याण, कृषि विभाग, विद्युत, नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से कुछ का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष मामलों के लिए निर्धारित समय-सीमा तय की गई।


समाधान दिवस में शिकायतों का निस्तारण करतीं एसडीएम मोनालिसा जौहरी।

# राह चलते महिला के कान के बाले नोच कर फरार हुए बाइक सवार बदमाश


मौके पर पहुंची पुलिस व मौजूद लोग। अमृत विचार

**खैरीघाट, बहराइच**

**अमृत विचार।** जिले में खैरीघाट थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े छीनैती की वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। ललुही गांव की रहने वाली एक महिला शनिवार शाम करीब तीन बजे शीला सिंह पत्नी महिपाल सिंह अपने मायके से ससुराल कफारा (जिला लखीमपुर खीरी) जा रही थी। बताया जा रहा है कि वह ई-रिक्शा से सफर कर रही थी।

इसी दौरान खैरीघाट थाना क्षेत्र स्थित इमामगंज पेट्रोल पंप के आगे रास्ते में दो बाइक सवार बदमाशों ने मौका पाकर महिला के कान से सोने का बाला नोच लिया और फरार हो गए। घटना दिन के उजाले में होने से क्षेत्रवासियों में भय का माहौल है।घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी (डायल 112) पुलिस मौके पर पहुंची और मामला स्थानीय थाने को सौंप दिया गया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी और छीनैती की घटनाओं से लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस से गश्त बढ़ाने और सख्त कार्रवाई की मांग की है।थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी जुटाई जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 21126 कृषकों के खातों में पहुंची फसल बीमा योजना की धनराशि

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** कालीदास मार्ग लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं राजस्व तथा आपदा विभाग के अन्तर्गत संचालित किसानों से सम्बन्धित बीमा योजनाओं के लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में वन क्लिक डीबीटी के माध्यम से क्षतिपूर्ति धनराशि का अन्तरण किया गया। मुख्यमंत्री ने जनपद बहराइच के 21126 किसानों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत फसल क्षतिपूर्ति के रूप में धनराशि रुपये 1 करोड़ 12 लाख 82 हज़ार 685 का अन्तरण किया गया।

जिला मुख्यालय पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा, विधानसभा कैसरगंज के संयोजक गौरव वर्मा, अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, अवर अभियंता कृषि नितिन कुमार मौर्य, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए सुधाकर शुक्ला सहित बड़ी संख्या में मौजूद महिला किसानों तथा प्रगतिशील कृषकों द्वारा सजीव प्रसारण को देखा गया व सुना गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र ने कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता व मुन्ना लाल वर्मा, जिला ऊल हक को सुझाव दिया कि फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु जिले के कृषकों को जागरूक करें। सीडीओ श्री चन्द्र कार्यक्रम में मौजूद महिला कृषकों से आयुष्मान कार्ड के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सभी पात्र लोग आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवा लें। उल्लेखनीय है कि तहसील एवं विकास खण्ड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम सजीव दिखाया गया।

# मानदेय बढ़ने से शिक्षामित्रों में खुशी की लहर


शांति विश्वकर्मा।


गिरीश कुमार।


विनोद वर्मा।


अंशु श्रीवास्तव।


अंतिम सिंह।


आराधना श्रीवास्तव।

**जरवल रोड, बहराइच**

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों को अप्रैल माह से 18,000 तथा अनुदेशकों को 17,000 मानदेय दिए जाने की घोषणा के बाद क्षेत्र के शिक्षामित्रों व अनुदेशकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से मानदेय वृद्धि की मांग कर रहे शिक्षामित्रों ने इस फैसले को अपने सम्मान और आत्मसम्मान से जोड़कर देखा है।

### शिक्षामित्रों व अनुदेशकों की प्रतिक्रियाएं

शांति विश्वकर्मा (प्राथमिक विद्यालय अलीनगर) ने कहा कि यह लंबे समय से चली आ रही मानदेय वृद्धि की मांग पर लिया गया फैसला उनके लिए बड़ी राहत है। इससे परिवार के खर्च चलाने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

वहीं गिरीश कुमार यादव (प्राथमिक विद्यालय अलीनगर) ने माननीय मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सराहनीय कदम है, लेकिन शिक्षामित्रों के लिए स्थायी समाधान और "समान कार्य, समान वेतन" लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी अपेक्षा 25 से 30 हजार मानदेय की थी।

विनोद वर्मा (हसना) के अनुसार यह निर्णय शिक्षामित्रों का आत्मविश्वास बढ़ाएगा और वे विद्यालय में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने शिक्षामित्रों को स्थायी करने की मांग की।

अंशु श्रीवास्तव ने कहा कि बढ़ा हुआ मानदेय उनके बच्चों की पढ़ाई और भविष्य को बेहतर बनाने में सहायक होगा, हालांकि उन्होंने न्यूनतम 25,000 मानदेय की मांग भी रखी।

अंतिम सिंह ने इसे शिक्षामित्र परिवारों के लिए नई उम्मीद बताया और मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया तथा समय व महंगाई के हिसाब से कम से कम 25000 में मानदेयहोना चाहिए।

आराधना श्रीवास्तव ने कहा कि यह घोषणा सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती है। शिक्षामित्रों की समस्याओं को समझना और समाधान देना सराहनीय कदम है।

वहीं योगेंद्रनाथ ने कहा कि होली से पूर्व मानदेय 18,000 करने की घोषणा से सभी शिक्षामित्रों में उल्लास का माहौल है।

घोषणा के बाद क्षेत्र के शिक्षामित्रों में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा देखी जा रही है। वहीं, कई शिक्षामित्रों ने स्थायीकरण और "समान कार्य, समान वेतन" की मांग भी दोहराई है।

### नवजात को कूड़े के ढेर में फेंका, मौत

**बहराइच।** जनपद के फखरपुर इलाके में मानवता को शर्मशार करने वाला मामला सामने आया है ।जहां पर अज्ञात व्यक्ति की ओर से बोरे में रख नवजात को कूड़े में फेंक दिया ।सुबह टहलने निकले लोगों ने नवजात को पढ़ा देख पुलिस को सूचना दी ।मौके पर पहुंची पुलिस उसे उठा कर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।फखरपुर थाना क्षेत्र में स्थित गजाधरपुर इलाके में आज सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने गड्ढे में एक नवजात को पढ़ा देख इसकी सूचना फखरपुर पुलिस को दी ।जानकारी पर डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंच नवजात को लेकर फखरपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंची जहां पर तैनात चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया । ग्रामीणों ने बताया एक नवजात लड़की कचरे में मिली थी शायद देर रात उसे कोई यहां पर फेंक गया था। सुबह लोगों ने उसे देख पुलिस को सूचना दी थी। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि नवजात का शव मिला है, मामले की जांच की जा रही है।

### राहुल के खिलाफ भाजपा ने किया प्रदर्शन

**बहराइच।** एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से किए गए प्रदर्शन के विरोध में आज जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतर जमकर प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंका। भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शनिवार दोपहर को बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय पे पास स्थित परशुराम चौक पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से समिट के दौरान किए गए हंगामे के विरोध में प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंकते हुए नारेबाजी की ।प्रदर्शन के शामिल लोगों ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से किया गए कृत्य से देश की छवि खराब हुई है ।राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष नितिन मित्तल, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे , अरुणेंद्र सिंह अंकित, संजय जायसवाल, एकता जायसवाल, संतोष त्रिपाठी, सौरभ मिश्रा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजदू रहे।


राहुल का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता।

### थारुई बोली के संरक्षण पर केडीसी में मंथन

**बहराइच।** स्वायत्तशासी किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में थारुई बोली के संरक्षण पर मंथन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर कॉलेज के सेंटर फ़ार हिस्टारिकल स्टडीज़ द्वारा थारुई बोली के संरक्षण पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस गोष्ठी के आयोजक सेंटर के प्रभारी डॉ सत्यभूषण सिंह थे।इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने यह माना कि थारुई बोली के संरक्षण की आवश्यकता है और इस बात पर चिंता व्यक्त की गई कि कहीं यह भाषा इतिहास बनकर न रह जाए।आधुनिकता के अंधाअनुकरण ने थारुई बोली बोलने वालों की संख्या घट रही है। अब आवश्यकता इस बात की है कि इसे पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। इस अवसर पर डॉ आनन्द श्रीवास्तव,प्राचीन इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ श्रेयात, डॉ अनूप कुमार शर्मा,डॉ सुधा शुक्ला,बैजनाथ प्रसाद श्रीवास्तव,शैलेन्द्र प्रताप सिंह,अनूप कुमार शुक्ला,रीता सिंह,धर्मवीर सिंह,आकांक्षा रस्तोगी शामिल हुए।


आयोजित गोष्ठी में मौजूद लोग।

### प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित बैठक सम्पन्न

**बहराइच :** राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) रिसिया व बिछिया में प्रवेश हेतु 15 मार्च 2026 को सम्पन्न होने वाली प्रवेश परीक्षा को सुव्यवस्थित एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रवेश परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डायट प्राचार्य द्वारा प्रश्न पत्र तैयार किया जायेगा तथा परीक्षा फल भी घोषित किया जायेगा। परीक्षा के दौरान प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु डीएम ने नायब तहसीलदार व खण्ड शिक्षा अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाये जाने का निर्देश दिया। जबकि कक्ष निरीक्षक नामित करने का दायित्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त करने की जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपी गई है। बैठक का संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय द्वारा किया गया। वहीं सीडीओ मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, सहायक प्रबंधक देवव्रत शर्मा, एटीएस रिसिया के प्रधानाचार्य अंगद कुमार, वरिष्ठ सहायक विनोद यादव मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य कैंप में 85 मरीजों का हुआ इलाज

**गिलौला( श्रावस्ती), अमृत विचार :** इकौना ब्लॉक के ग्राम भालुहिया दासौंधी में शनिवार को द हंस फाउंडेशन की ओर से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नेत्र सर्जन डॉ केए द्विवेदी ने 85 मरीजों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाई दी। साथ ही मोतियाबिंद की जांच कर पांच मरीज को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बलरामपुर रेफर किया। वहीं एमएमयू के डॉ प्रदीप जायसवाल ने लोगों को डायरिया के लक्षण व उनसे बचने के उपाय बताए। इस दौरान संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अंबुज सिंह, डॉ प्रदीप जायसवाल, फार्मासिस्ट दिलीप शुक्ला, लैब टेक्नीशियन सौरभ तिवारी, एएनएम सपना सिंह आदि मौजूद रहीं।

### अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा कोतवाली क्षेत्र निवासी एक किशोरी को कोतवाली क्षेत्र के ही लक्ष्मणपुर के मजरा मनिहारन निवासी अकरम पुत्र गुल्ले 19 जनवरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। बाद में उसने किशोरी से दुष्कर्म भी किया। किशोरी के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी को तलाश रही थी। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह ने अकरम को भिनगा दहाना तिराहा के पास गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेजा है।

# विकसित भारत के संकल्प को गति देगा बजट

- **चौपाल को बार एसोशिएशन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी ने संबोधित किया**

**संवाददाता, श्रावस्ती**

**अमृत विचार।** मोदी सरकार की ओर से संसद में केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्तुत किया था। इस बजट पर भाजपा विधान सभावार चौपाल का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को पार्टी कार्यालय भिनगा में जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा की अध्यक्षता में भिनगा विधानसभा की चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोशिएशन के अध्यक्ष सुरेशचंद्र तिवारी व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा मौजूद रहे।

विधानसभा चौपाल में बार एसोशिएशन के अध्यक्ष ने कहाकि 2026-27 का बजट विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला है। यह बजट देश के विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाई देगा। यह देश के इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, कृषि और युवाओं का ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पुनः देश को एक सर्व स्पर्शी और समावेशी बजट दिया है। यह युवाओं, छात्रों, किसानों, महिलाओं, छोटे बड़े व्यापारियों सहित स्वास्थ्य, कृषि, टैक्स आदि के लिए एक संपूर्ण समर्पित बजट है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहाकि 2026-27 का यह बजट विकसित भारत 2047 एवं जन कल्याण की मजबूत आधारशिला साबित होगा। जिलाध्यक्ष ने कहाकि इस बजट में आयुष सेक्टर को मजबूती देते हुए तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित किए जाएंगे। कोविड के बाद आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता और पहचान मिली है। आयुर्वेद उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बजट में कई कदम उठाए गए हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती पटेल ने कहाकि यह विकासोन्मुखी बजट किसान, युवा, महिला, श्रमिक, मध्यम वर्ग सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण उत्थान को सुनिश्चित करता है। विधानसभा चौपाल का संचालन जिला महामंत्री दिवाकर शुक्ला द्वारा किया। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवा, व्यापारी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा ने प्रदर्शन करके एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कैसरगंज (बहराइच)**

**अमृत विचार।** विधानसभा कैसरगंज में जनसमस्याओं को लेकर शनिवार को सपा के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर पहुंचकर प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं, विशेषकर बाढ़, कटान और जर्जर सड़कों के स्थायी समाधान की मांग उठाई गई। सपा के जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव ने बरसात से पूर्व संजय सेतु घाघरा घाट का स्थायी हल निकाले जाने, रेवली आदमपुर बांध की मरम्मत कराये जाने, घाघरा नदी से प्रभावित 1100 रेती और गोड़हिया क्षेत्र में कटान निरोधक कार्य कराये जाने कैसरगंज से मरौचा तक तथा फखरपुर से भिलोरा बासू, बदरौली, बेलहरी, नंदवल, मंझारा तौकली सहित सभी संपर्क मार्गों की मरम्मत कराने, एसआईआर प्रक्रिया में फार्म नंबर 7 के दुरुपयोग पर रोक लगाये जाने कुण्डासर से नकौड़ा संपर्क मार्ग का निर्माण कराने की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो पार्टी जनआंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान प्रदीप कुमार यादव एडवोकेट, सफीउल्लाह, राजकुमार मौर्य एडवोकेट, बीरेंद्र कुमार अवस्थी, राम लौटन एडवोकेट आदि रहे।

**सख्ती**

## जिलाधिकारी ने तहसील जमुनहा के निरीक्षण के दौरान राजस्व रिकार्डों के बस्तों का अवलोकन किया

# तहसील में व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने का दिया निर्देश

**जमुनहा(श्रावस्ती)**


जमुनहा तहसील का निरीक्षण करते डीएम अश्विनी कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने शनिवार को जमुनहा तहसील का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने अभिलेखागार में जाकर राजस्व रिकार्डों के बस्तों का अवलोकन कर सभी रिकार्ड व्यवस्थित रखने व सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने एसडीएम न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, लेखपाल अनुभाग, रजिस्टार, कानूनगो अनुभाग, रिकार्ड रूम, संग्रह अनुभाग का निरीक्षण किया। उन्होंने नजारत अनुभाग में स्थायी अग्रिम पंजिका, कैदियों/गवाहों के खुराक धन की प्राप्ति और शुल्क पंजिका, व्यक्तिगत धनराशि के रूप में लिया गया शुल्क/बिक्री अभिदान पंजिका, राजकीय कोष पंजिका, न्यायालय सम्पत्ति बिक्री पंजिका, आय व व्यय पंजिका, शिकायत पंजिका, डाक टिकटों का लेखा एवं तामीला पंजिका आदि की जांच की। उन्होंने एसडीएम को न्यायालय पर लम्बित वादों का निराकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहाकि तहसील में आने वाले हर फरियादियों की समस्याओं को सूचीबद्ध कर उनका निराकरण समय सीमा में करें, ताकि फरियादियों को अपनी समस्याओं को लेकर चक्कर न लगाना पड़े। फरियादियों के लिए पेयजल व बैठने का उचित प्रबन्ध रखने को कहा। तहसील में खतौनी के लिए आने वाले किसानों को निर्धारित शुल्क लेकर खतौनी उपलब्ध कराने, निर्धारित शुल्क से किसी भी दशा में अधिक पैसा कदापि न लेने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम एसके राय, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### तहसील समाधान दिवस में निपटे आठ मामले

**श्रावस्ती।** जिले की तहसीलों में शनिवार को तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान तीनों तहसील में कुल 27 मामले आए। इनमें से आठ मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जमुनहा में आयोजित जिलास्तरीय तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम अश्विनी कुमार पांडेय व एसपी राहुल भाटी ने किया। यहां आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर ही चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। भिनगा में 11शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं तहसील इकौना में कुल छह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर एक शिकायत का निस्तारण किया गया। इस दौरान जमुनहा में एसडीएम एसके राय, सीएमओ डा एके सिंह, एलडीएम जुगल किशोर, सीओ, अधिशासी अभियंता विद्युत व बीडीओ सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व फरियादी मौजूद रहे।

### भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन आज

**इकौना(श्रावस्ती)।** उत्तर प्रदेश संस्कृति एवं पर्यटन विभाग लखनऊ की ओर से आज रविवार को जगतजीत इंटर कालेज इकौना में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें शोभायात्रा, कवि सम्मेलन एवं संगोष्ठी, एक जिला एक उत्पाद की प्रदर्शनी, भारत-नेपाल के सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित प्रदर्शनी, चित्रकला एवं रंगोली प्रदर्शनी का आयोजन होगा। महोत्सव को लेकर शनिवार को इकौना एसडीएम पियूष जायसवाल की अध्यक्षता में तहसील सभागार में बैठक हुई। इसमें तय किया गया कि दोपहर एक बजे इकौना में शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही अन्य विविध आयोजन होंगे।



प्रेम अगम अनुपम अमित
सागर सरिस बखान
जो आवत यहि ढिग बहुरि
जात नहीं रसखान।

रसखान कहते हैं, प्रेम का ज्ञान नहीं होता। वह अनुभव आधारित होता है। वह अथाह और अनुपम होता है। उसकी उपमा नहीं दी जा सकती। वह रस से सराबोर किए रहता है। जो इस प्रेम रूपी समुद्र के किनारे आ जाता है, वह फिर लौटकर वापस नहीं जा पाता।

# मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति

> वैदिक साहित्य में कहा गया है, 'मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति है।' उनमें आत्मीयता है। बाघ आदि जानवर कभी पालतू नहीं रहे। ऋग्वेद के शिव और रुद्र पशुपति भी हैं। वैदिक इंडेक्स में लिखा है, 'ऋग्वेद में प्राणियों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है, पहली श्रेणी वायव्य है। इस श्रेणी में पक्षी आते हैं। दूसरी श्रेणी अरण्य है। अरण्य का अर्थ है वन। इस श्रेणी में जंगल में रहने वाले पशु आते हैं और ग्राम्य-गांव में रहने वाले पालतू पशु हैं। वैदिक काल में पशुओं के प्रति प्रेम बहुत सघन रूप में व्यक्त हुआ है।

प्रकृति में जैव विविधता है। पशुओं के प्रति लगाव का इतिहास पुराना है। मनुष्य और पशुओं के मध्य आत्मीयता का भाव वैदिक साहित्य से लेकर आज तक प्रत्यक्ष दिखाई पड़ता है। कुत्ते हमारे स्वाभाविक परिजन हैं। उनकी सूंघने व सुनने की क्षमता विलक्षण है। संप्रति आधुनिक सभ्यों का एक वर्ग कुत्तों से चिढ़ा हुआ है। कोर्ट-कचहरी तक कुत्तों पर बहस है। कुत्तों को संसार से शून्य करना चाहता है। यह बात सही है कि जब-तब कुत्ते आक्रामक भी हो जाते हैं, लेकिन वे स्वयं अपनी ओर से कभी आक्रामक नहीं होते। उनकी आंखों में स्वाभाविक आत्मीय लगाव देखा जा सकता है। वे अपने लिए कोई संपदा नहीं चाहते। वे इस विराट संसार में अपने लिए छोटी सी जगह चाहते हैं। दौड़ाने पर वे वह जगह छोड़कर दूसरी जगह बैठ जाते हैं। पालतू कुत्तों की बात अलग है। बाकी सब भूखे-प्यासे मरते हैं।

वैदिक साहित्य में कहा गया है, 'मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति है।' उनमें आत्मीयता है। बाघ आदि जानवर कभी पालतू नहीं रहे। ऋग्वेद के शिव और रुद्र पशुपति भी हैं। वैदिक इंडेक्स में लिखा है, 'ऋग्वेद में प्राणियों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है, पहली श्रेणी वायव्य है। इस श्रेणी में पक्षी आते हैं। दूसरी श्रेणी अरण्य है। अरण्य का अर्थ है वन। इस श्रेणी में जंगल में रहने वाले पशु आते हैं और ग्राम्य-गांव में रहने वाले पालतू पशु हैं। वैदिक काल में पशुओं के प्रति प्रेम बहुत सघन रूप में व्यक्त हुआ है। अग्नि ऋग्वेद में बड़े देवता हैं। ऋग्वेद के ऋषि के ध्यान में अग्नि की पशु जैसी चंचलता की ओर गया है। ऋग्वेद (1.65.5) में कहते हैं, 'अग्नि पशु जैसे चंचल हैं।' कभी-कभी घरेलू पशु खो जाते हैं। खोजने पर मिल जाते हैं। पशु के खो जाने और बाद में उसके मिल जाने पर प्रसन्नता होती है। ऋग्वेद में कहते हैं, 'पूषन देव हमें वैसे ही मिलते हैं, जैसे खोए हुए पशु खोजने पर मिल जाते हैं।' अनेक पशु इधर-उधर घूमा करते हैं। ऋषि ऐसे पशुओं की तुलना अग्नि देवता से करते हैं, 'अग्नि वैसे ही फैल जाता है, जैसे रक्षक के बिना पशु इधर-उधर भागता है।'

पशुओं से अपने कुल या वंश का संबंध जोड़ना सर्वविदित है। सभी पशु प्रिय हैं, लेकिन कुत्ते प्राचीन भारतीय इतिहास से लेकर आधुनिक काल तक अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं। भारतीय अध्यात्म परंपरा में स्वर्ग प्राप्ति को महत्वपूर्ण बताया गया है। महाभारत के रचनाकाल में स्वर्ग अति प्रतिष्ठित धारणा थी। महाभारत की कथा के अनुसार युधिष्ठिर अपने भाई व द्रौपदी के साथ स्वर्ग की यात्रा पर निकले। कथा के अनुसार उनका कुत्ता भी साथ था। स्वर्ग की दुर्गम पहाड़ियों में एक-एक पांडव गिरते गए। मरते गए अंत में द्रौपदी के भी गिर जाने के बाद कुत्ता ही जीवित शेष रहा। महाभारत में सभी पांडवों के देहावसान के कारण बताए गए हैं। युधिष्ठिर के कुत्ते का बच जाना उसकी निष्ठा का पुरस्कार था। कुत्ते अपने पालक के प्रति निष्ठावान रहते हैं। निष्ठा भी साधारण नहीं। अपने पालक के साथ स्वर्ग तक जाने की पात्रता ध्यान देने योग्य है। स्वर्ग प्राप्ति की पात्रता आश्चर्यजनक है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

कुत्तों को मारने का फतवा ठीक नहीं। कुत्तों की आंखों में आंख डालकर झांकना चाहिए। यहां आत्मीयता है। वे निर्दोष हैं। आंखें आत्मरस से लबालब हैं। वे किसी को भी चोट नहीं पहुंचाना चाहते। अपने पालक के प्रति निष्ठा दुर्लभ है, उनमें। संसार में बड़े अनूठे जीव हैं। संसार जैव विविधता से भरा पूरा है। ऋग्वेद के एक प्रसंग में कुत्ते देवताओं की गाय चुरा लेते हैं। गायों की चोरी की घटना से देव व्यथित थे। ऋग्वेद की कथा के अनुसार देवों की कुतिया शर्मा ने चोरी गई गाय खोज निकालीं। गाय चोरी करने वालों ने शर्मा से कहा कि हम-तुम यह गोधन परस्पर बांट लें। शर्मा ने यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। उसकी अपनी वंश परंपरा में निष्ठा बहुत महत्वपूर्ण है। उसने कहा कि इंद्र आ रहे हैं और अपनी गाय वापस ले जाएंगे। आचार्य सायण ने इस मंत्र सूक्त के आधार पर शर्मा को कुतिया होने के बावजूद देवता का सम्मान दिया है। शर्मा वैदिक देवता है।

गाय और घोड़े भी प्राचीन समाज में प्रतिष्ठित पशु रहे हैं, लेकिन तीनों की अलग-अलग प्रतिष्ठा है। गाय वैदिक समाज में माता है। घोड़ा उपयोगी है, लेकिन कुत्ते की बात ही अलग है। कुछ विद्वान बंदर को पूर्वज बताते हैं। बंदर में पूछ होती है। बाकी सब मनुष्य जैसा है। पूरी बात गले नहीं उतरती। मनुष्य में ईर्ष्या होती है। हिंसा होती है। बेईमानी होती है। पशु बेईमान नहीं होते। भारतीय समाज में जीवों को अतिरिक्त आदर दिया गया है।

गणेश गण देवता हैं। उनका वाहन एक छोटा सा पशु चूहा है। एक देवता कार्तिकेय हैं, उनका वाहन मोर है। रूद्र शिव का वाहन वृषभ है। नंदी प्रतीक की चर्चा पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया के बड़े भूभाग में प्रचलित है। वैसे भी शंकर पशुपति हैं। बिल्ली भी अपनी ओर से काटने नहीं दौड़ती। गिर जाने पर हाथ-पैर चलाती है। समूचे पशु संसार को आदर के साथ मानना भारत में ही संभव है। ऐसे प्रतीक दुनिया की किसी अन्य संस्कृति में नहीं मिलते। सभी जीवों के प्रति आत्मीयता के सिद्धांत में सभी मनुष्यों के प्रति आत्मीयता का भाव अंतर्निहित है। प्रायः सभी जीव अपने आचरण से हिंसक नहीं होते। वे आत्मरक्षा में गलती कर सकते हैं।

पशु भारत की सम्मानित संपदा रहे हैं। इसके विपरीत पश्चिम एशिया और यूरोप के देशों में पशुओं के प्रति प्रेम भाव नहीं रहा है। संभवतः यूरोपीय देशों में मनुष्य और पशुओं के भीतर प्रवाहमान एक ही प्राण शक्ति का दार्शनिक भावबोध नहीं था। भारतीय दर्शन में मनुष्यों और पशुओं में तथा सभी जीवों में एक ही प्राण शक्ति का दर्शन हुआ है। भारत के आम जनों में सभी जीवों में एक ही प्राण शक्ति के दर्शन हुए हैं। हमारे परिचित देवाजी जायसवाल व अजय प्रताप सिंह कुत्तों, बंदरों व पक्षियों के प्रति संवेदनशील हैं। यह संवेदनशीलता प्रशंसनीय है।

गीता प्रबोधन में श्रीकृष्ण ने अर्जुन से समूचे ब्रह्मांड में भिन्न-भिन्न प्रतिष्ठित प्रतीकों के उल्लेख किए हैं। कृष्ण ने अर्जुन को बताया है, 'शस्त्रधारियों में राम मैं हूं।' राम यहां भगवत्ता के प्रतीक हैं। ऐसे ही उन्होंने गाय के बारे में कहा है,' कामधेनु गाय मैं हूं। हाथियों में ऐरावत मैं हूं।' गाय सम्माननीय प्रतीक है। हाथी व सांप से लेकर सभी दिव्य प्रतीकों का उल्लेख गीता में हुआ है।

बंदर को मनुष्य का पूर्वज कहा जाता है। यह सिद्धांत चार्ल्स डार्विन के विचार से लिया गया है। जहां डार्विन बंदर को पूर्वज बताते हुए प्रकृति के विकास का संकेत देते हैं। भारतीय परंपरा में हनुमान ज्ञान और बुद्धि के देवता हैं। हनुमान बुद्धि, बल और ज्ञान के देवता हैं। वे भक्ति और समर्पण का शिखर हैं। पशु ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही सम्माननीय हैं। ऋग्वेद के एक मंत्र (9.72.9) में ऋषि स्तुति करता है कि हमारा धन पशुओं से भरा पूरा हो और स्वर्ण से युक्त हो। यहां सोने की तरह पशुओं को भी धन के रूप में देखा गया है।

यूरोप के लोग मनुष्य को सोशल एनिमल मानते थे। मनुष्य उनकी दृष्टि में सामाजिक प्राणी हैं। भारत का मनुष्य अनेक संभावनाओं से भरा-पूरा है। यहां वनस्पतियां आराध्य हैं। पृथ्वी आराध्य हैं। अंतरिक्ष आराध्य हैं। शक्ति का कण-कण उपास्य है। पश्चिम एशिया और यूरोप के देशों में पशुओं के प्रति आदर भाव नहीं रहा। ऋग्वेद में पशु सहित सभी प्राणी सम्माननीय हैं। यूरोप पर भारत के दृष्टिकोण में यह आधारभूत अंतर है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# एआई इंपैक्ट समिट: वैश्विक सराहना और संभावनाएं

भारत में आयोजित हालिया एआई समिट केवल एक तकनीकी सम्मेलन नहीं था; यह 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाओं, आत्मविश्वास और वैश्विक नेतृत्व की घोषणा जैसा अवसर था। नई दिल्ली के मंच पर जब दुनिया के प्रमुख नेता, उद्योगपति और तकनीकी विशेषज्ञ एक साथ बैठे, तो संदेश साफ था- भारत अब तकनीक का उपभोक्ता भर नहीं, बल्कि नीति और नवाचार का निर्माता बनना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा कि भारत की एआई दृष्टि 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत पर आधारित है। उनका जोर इस बात पर था कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कुछ देशों या कंपनियों तक सीमित शक्ति न बने, बल्कि स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और शासन में आम नागरिक के जीवन को बेहतर बनाए। उन्होंने यह भी जिक्र किया कि भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर आधार, यूपीआई और ओपन नेटवर्क दुनिया के लिए एक मॉडल बन चुका है और एआई इसी आधार पर आगे बढ़ेगा।



शिवेंद्र सिंह बघेल
लेखक

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने मंच से भारत की डिजिटल क्रांति की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि एक दशक में भारत ने करोड़ों लोगों को डिजिटल पहचान और बैंकिंग से जोड़ा है और अब वही ढांचा एआई के लिए मजबूत आधार तैयार कर रहा है। मैक्रोन का यह कथन कि 'भारत ने पैमाने पर तकनीक को लोकतांत्रिक बनाया है', सिर्फ प्रशंसा नहीं, बल्कि वैश्विक मान्यता का संकेत था। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी कहा कि भारत एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार विकास में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। उनके शब्दों में, 'अगर नवाचार और सुरक्षा साथ चलें, तो भारत वैश्विक समाधान प्रस्तुत करने की क्षमता रखता है।' तकनीकी जगत के नेताओं ने भी भारत की भूमिका को रेखांकित किया। ओपनएआई के प्रमुख सैम आल्टमैन ने भारत की प्रतिभा और डेवलपर इकोसिस्टम की सराहना करते हुए कहा कि आने वाला दशक एआई नवाचार में भारत का दशक हो सकता है, बशर्ते नीति और नैतिकता पर संतुलित दृष्टि बनी रहे।

> भारत एआई के भविष्य का एक केंद्रीय स्तंभ बन रहा है। वैश्विक समुदाय भारत को संभावनाओं, प्रतिभा और नीति-निर्माण की प्रयोगशाला के रूप में देख रहा है। यह वह क्षण था, जब राष्ट्रीय आत्मविश्वास को अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति मिल रही थी।

इन तमाम बयानों में एक साझा भाव था, भारत एआई के भविष्य का एक केंद्रीय स्तंभ बन रहा है। वैश्विक समुदाय भारत को संभावनाओं, प्रतिभा और नीति-निर्माण की प्रयोगशाला के रूप में देख रहा है। यह वह क्षण था, जब राष्ट्रीय आत्मविश्वास को अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति मिल रही थी।

इसी मंच पर एक ऐसी घटना भी घटी, जिसने इस सकारात्मक विमर्श पर छाया डालने का काम किया। यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा मंच पर चढ़कर टी-शर्ट उतारकर विरोध दर्ज कराना निस्संदेह लोकतांत्रिक असहमति का एक रूप हो सकता है, परंतु उसके समय और स्थान पर गंभीर प्रश्न उठते हैं। जब देश-विदेश के नेता और विशेषज्ञ भारत की तकनीकी क्षमता पर चर्चा कर रहे हों, तब इस प्रकार का प्रदर्शन मुख्य मुद्दे से ध्यान हटाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# लड़कियों की शिक्षा में बाधा बनते रास्ते

यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में माध्यमिक स्तर पर पहुंचते-पहुंचते बड़ी संख्या में लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, खासकर ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में। शिक्षा मंत्रालय के 2021-22 के आंकड़े बताते हैं कि दुर्गम क्षेत्रों में स्कूल छोड़ने की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। वहीं, नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, किशोरियों के लिए स्वच्छ शौचालय और सुरक्षित परिवहन की कमी शिक्षा में निरंतरता की एक बड़ी बाधा है।

स्कूल प्रशासन भी इन समस्याओं से अनजान नहीं है। वह जानते हैं कि किस प्रकार लड़कियां रोजाना दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होकर हर खतरों से गुजरते हुए स्कूल आती हैं। बारिश के दिनों में तो अक्सर कई दिनों तक वह अनुपस्थित रहती हैं। इसके पीछे मुख्य कारण पहाड़ के फिसलन भरे रास्तों का डर। कुछ किशोरियां तकनीकी या शैक्षणिक सुविधाओं से वंचित रह जाती हैं, क्योंकि नियमित उपस्थिति संभव नहीं हो पाती। जब पढ़ाई में निरंतरता टूटती है, तो उनका मन भी धीरे-धीरे स्कूल से हटने लगता है।



सरिता अरमोली
एक्टिविस्ट

ग्रामीण इलाकों में यह स्थिति केवल भौगोलिक कठिनाइयों तक सीमित नहीं है। सामाजिक और आर्थिक कारण भी उतने ही प्रभावी हैं। कई परिवारों के लिए लड़कियों की पढ़ाई आज भी प्राथमिकता नहीं बन पाई है। गांव की कुछ महिलाएं चाहती हैं कि उनके बच्चों विशेषकर उनकी लड़कियों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिले। वे मानती हैं कि पढ़ाई ही भविष्य बदलने का रास्ता है, लेकिन संसाधनों की कमी और व्यवस्थागत बाधाएं उनके इरादों के सामने दीवार बनकर खड़ी हो जाती हैं। कई बार लड़कियों को घर के कामों में मदद के लिए स्कूल जाने से रोक लिया जाता है, क्योंकि परिवार की रोज़मर्रा की ज़रूरतें पहले आती हैं।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे समग्र शिक्षा अभियान, किशोरियों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, लेकिन इन योजनाओं का लाभ तब ही प्रभावी हो सकता है, जब लड़कियों के लिए स्कूल तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित की जाए। सड़क, परिवहन और आवासीय विद्यालय जैसी सुविधाएं पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षा को सुलभ बना सकती हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट भी इस बात पर ज़ोर देती है कि दुर्गम इलाकों में शिक्षा के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश सबसे आवश्यक है।

इस पूरे परिदृश्य में यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा केवल किताबों और कक्षाओं तक सीमित नहीं है। यह सम्मान, सुरक्षा और अवसर से जुड़ा प्रश्न है। जब तक किशोरियों को सुरक्षित वातावरण, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं और सामाजिक समर्थन नहीं मिलेगा, तब तक स्कूल उनके लिए अधूरा सपना बना रहेगा। यह आवश्यक है कि नीतियां जमीनी सच्चाइयों को समझते हुए बनाई जाएं और स्थानीय समुदाय को भी समाधान का हिस्सा बनाया जाए, लेकिन सवाल उठता है कि क्या आने वाले समय में इन लड़कियों की राह आसान होगी?

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# दांव पर बचपन: निर्णायक कदम की जरूरत

> इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री से कहा, 'मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, क्या आप इस क्लब में शामिल होंगे?' यह कूटनीतिक प्रश्न नहीं, एक पिता की पुकार और सभ्यता की चेतावनी थी। उन्होंने पूछा, 'जो चीजें वास्तविक जीवन में अपराध हैं, वे हमारे बच्चों को क्यों परोसी जा रही हैं?

दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इंपैक्ट समिट का वह क्षण ऐतिहासिक बन गया। इमैनुएल मैक्रों मंच पर खड़े थे; आँखों में गहरी चिंता और स्वर में पिता-सी व्याकुलता। उन्होंने प्रधानमंत्री की ओर देखकर कहा, 'मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, क्या आप इस क्लब में शामिल होंगे?' यह केवल कूटनीतिक प्रश्न नहीं, एक पिता की पुकार और सभ्यता की चेतावनी थी। उन्होंने पूछा, 'जो चीजें वास्तविक जीवन में अपराध हैं, वे हमारे बच्चों के सामने क्यों परोसी जा रही हैं? फ्रांस पंद्रह वर्ष से कम आयु के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण प्रतिबंध की दिशा में बढ़ रहा है। स्पेन और ग्रीस भी आगे हैं। अब भारत को 'कोलिशन ऑफ विलिंग' में शामिल होने का आमंत्रण है, क्योंकि यह नियमों से बढ़कर हमारी सभ्यता का प्रश्न है।' उनके शब्द सभागार में गूंजे और असंख्य माता-पिताओं के हृदय तक पहुंचे। क्या हम अब भी मौन रहेंगे?

यह विमर्श अब केवल तकनीक की प्रगति का नहीं, हमारे बच्चों के मन और मर्म की सुरक्षा का प्रश्न बन चुका है। वैज्ञानिक शोध निरंतर चेतावनी दे रहे हैं कि सामाजिक माध्यम किशोरों में अवसाद, चिंता और आत्महत्या जैसे विचारों की प्रवृत्ति को बढ़ा रहे हैं। अनवरत स्क्रीन पर उंगली चलाने की आदत ऐसी जकड़ बन चुकी है कि बच्चे नींद, अध्ययन और वास्तविक संबंधों से दूर होते जा रहे हैं। भारत में पचास करोड़ से अधिक युवा इंटरनेट से जुड़े हैं, जिनमें दस से चौदह वर्ष आयु के लाखों बच्चे इंस्टाग्राम, यूट्यूब और टिकटॉक जैसे मंचों पर घंटों डूबे रहते हैं। मैक्रों इसे स्पष्ट शब्दों में 'डिजिटल अब्यूज' कहते हैं। प्रश्न यह है- क्या हम इसे अब भी मात्र 'एक्सपोजर' का नाम देकर टालते रहेंगे, या फिर समय की पुकार सुनकर अपने बच्चों को इस विशैली स्क्रीन-जगत से बचाने का साहस करेंगे?



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

भारत में यह बहस पुरानी है, पर अब निर्णायक हो चली है। आर्थिक सर्वेक्षण ने सोशल मीडिया पर आयु-आधारित सीमा की अनुशंसा की है। एआई इंपैक्ट समिट में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार मंचों से डीपफेक और आयु-नियंत्रण पर चर्चा कर रही है। आंध्र प्रदेश सोलह वर्ष से कम आयु के लिए प्रतिबंध का प्रस्ताव रख चुका है। पर प्रश्न है- क्या केवल कानून पर्याप्त होगा? फेक आईडी और वीपीएन को कैसे रोका जाएगा? ऑस्ट्रेलिया ने सोलह वर्ष से कम आयु पर प्रतिबंध लगाया, फिर भी चुनौतियां बनी रहीं। भारत जैसे विशाल देश में यह और कठिन होगा। फिर भी इमैनुएल मैक्रों का प्रश्न स्पष्ट है, क्या बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि होगी?

विरोधी पक्ष का कहना है कि पूर्ण प्रतिबंध व्यावहारिक समाधान नहीं है। बच्चे शिक्षा, संवाद और सृजन के लिए इन मंचों का उपयोग करते हैं। कठोर प्रतिबंध उन्हें छिपे और अनियंत्रित उपयोग की ओर धकेल सकता है, इसलिए सख्त अभिभावकीय निगरानी, प्रभावी आयु-सत्यापन और सुदृढ़ सामग्री छनन को अधिक संतुलित विकल्प माना जा रहा है। डिजिटल व्यक्तिगत आंकड़ा संरक्षण अधिनियम अठारह वर्ष से कम आयु के लिए अभिभावकीय सहमति अनिवार्य करता है, किंतु प्रश्न शेष है, क्या यह पर्याप्त है? मैक्रों का स्पष्ट मत है, जब तक मंच स्वयं जवाबदेही नहीं स्वीकारेंगे, तब तक बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी। फ्रांस में विधेयक आगे बढ़ चुका है। अब प्रश्न भारत के सामने है, क्या वह प्रतीक्षा करेगा?

यह प्रश्न केवल बच्चों तक सीमित नहीं, पूरे समाज का है। सोशल मीडिया ने सूचना को जनसुलभ बनाया, पर साथ ही घृणा, उत्पीड़न और मिथ्या समाचार का खुला बाजार भी खड़ा कर दिया। सबसे आसान लक्ष्य हमारे बच्चे बनते हैं। एआई के दौर में डीपफेक और एआई जेनरेटेड कंटेंट ने खतरा दोगुना कर दिया है। ग्रोक चैटबॉट से हजारों बच्चों की सेक्शुअलाइज्ड इमेज बनने की घटना ने दुनिया को झकझोर दिया। इमैनुएल मैक्रों ने स्पष्ट कहा, 'एआई सबके लिए होनी चाहिए, पर बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है।' प्रधानमंत्री मोदी ने भी उत्तर दिया कि एआई को 'फैमिली-गाइडेड' और 'चाइल्ड-सेफ' बनाना अनिवार्य है। अब निर्णय की घड़ी आ पहुंची है। भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है; हमारी डेमोग्राफी हमारी ताकत है, लेकिन अगर हम बच्चों को डिजिटल जहर से नहीं बचाएंगे, तो यह ताकत कमजोर पड़ सकती है। मैक्रों का प्रस्ताव एक सीधी चुनौती है। क्या हम यूरोप के साथ संतुलित और नियंत्रित मार्ग चुनेंगे, या अमेरिकी मॉडल (फ्रीडम फर्स्ट) को अपनाएंगे?

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# 'हानि-लाभ जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ'

जीवन में अच्छे-बुरे दोनों अवसर आते हैं। कोई सोचे कि केवल अनुकूल और सकारात्मक ही अवसर आएंगे, तो यह एक तरह से गलत विचार ही माना जाएगा। वैसे भी गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में 'हानि-लाभ, जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ' चौपाई के जरिए अवगत कराया है कि कभी भी एक जैसा समय नहीं रहेगा। अतः व्यक्ति को दोनों परिस्थितियों को झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। लाभ हो गया तो उसे प्रभु की कृपा माननी चाहिए तथा हानि हो गई तब भी भगवान की ही कृपा माननी चाहिए। इसी प्रकार अच्छा खासा जीवन जीने वाले की असमय में मृत्यु हो जाती है। किसी का वश नहीं चलता कि मृत व्यक्ति को जीवित कर दे। यश-अपयश भी ईश्वरीय देने है। जीवन में यश मिलता है तो अपयश भी मिलता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

धर्म ग्रंथों में विसंगतियों को भगवान तक झेलने के लिए विवश हुए हैं। शिव जी के विवाह के समय उनकी अर्धांगिनी पार्वती जी की मां मैना ने विसंगतियां खड़ी कर दीं। शिव का स्वरूप देखकर वे विवाह का विरोध करने लगीं, लेकिन जब उन्हें समझाया गया कि शिव जी देवों के देव हैं तथा ईश्वर हैं, तब कहीं जाकर मैना विवाह के लिए तैयार हुईं। इसी तरह की विसंगति त्रेतायुग में भगवान श्रीराम के साथ हुई।

एक ओर उनके राज्यारोहण की तैयारी हो रही थी कि उसी समय विसंगतियां आ खड़ी हुईं। राजा दशरथ की दूसरी पत्नी कैकेई ने अपनी दासी मंथरा के उकसाने पर रंग में भंग डाल दिया और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की जगह उन्हें 14 वर्षों का वनवास दे दिया गया। भगवान श्रीराम वनवास से जरा भी विचलित नहीं हुए और बड़ी प्रसन्नता से वनवास स्वीकार किया और यहां तक कहा, 'पिता दीन्ह मोहिं कानन राजू, जहं अब होहिं मोर बड़ काजू।' ऐसा हुआ भी।

वनवास के दौरान उन्होंने ऋषियों-संतों की रक्षा की, जबकि राक्षसों का वध किया। 14 वर्षों के इन कार्यों की वजह से वे पूज्य हो गए। उनके शासन को कोई नहीं जानता, जबकि 14 वर्षों के वनवास को सभी जानते हैं। अतः मनुष्य को विसंगतियों से नहीं घबराना चाहिए। हो सकता है कि विसंगतियां जीवन को और निखार दें।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# दिल ढूंढता है फिर वही संयुक्त परिवार के सुकून भरे दिन



आधुनिक जीवन शैली ने पारिवारिक ढांचे को गहराई से प्रभावित किया है। संयुक्त परिवारों का टूटना, एकल परिवारों का बढ़ना और आपसी संवाद में कमी मानसिक तनाव को और गहरा कर रही है। रोजगार और बेहतर अवसरों की तलाश में लोग अपने घरों से दूर हो रहे हैं, जिससे पारंपरिक भावनात्मक सहारा कमजोर पड़ रहा है। आर्थिक असुरक्षा, सीमित आय, परिवार की जिम्मेदारियों का दबाव और रिश्तों में बढ़ती दूरी मन को अस्थिर कर देती है। पति-पत्नी के बीच मतभेद, पारंपरिक और आधुनिक सोच का टकराव तथा रिश्तों में अनावश्यक हस्तक्षेप पारिवारिक तनाव को जन्म देते हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य की सबसे बड़ी चुनौती काम नहीं, बल्कि काम से जुड़ा दबाव और समाज में बनी इमेज है। परिवार की उम्मीदें, रिश्तेदारों की तुलना और लोग क्या कहेंगे का डर इंसान को भीतर से तोड़ देता है। हम मुस्कुराते हुए भी भीतर से टूटते रहते हैं। यही मानसिक दबाव धीरे-धीरे शरीर और व्यवहार दोनों को प्रभावित करता है।



देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

इसके लक्षण समय रहते पहचानना बेहद जरूरी है। लगातार चिंता, चिड़चिड़ापन, एकाग्रता में कमी, नींद की समस्या, शारीरिक थकान, सामाजिक अलगाव और भावनात्मक असंतुलन। ऐसे संकेत लंबे समय तक बने रहें, तो उन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर परामर्श और उचित उपचार मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने में मदद कर सकते हैं। इसका सबसे गहरा असर बच्चों और युवाओं पर पड़ रहा है। पारिवारिक कलह, संवाद की कमी और माता-पिता की बढ़ती महत्वाकांक्षा उनके मन पर गहरा प्रभाव डालती है। बेहतर अंक और ऊंचे करियर की उम्मीदें कई बार बच्चों को अपनी भावनाएं दबाने पर मजबूर कर देती हैं।

समाधान की शुरुआत परिवार से ही होती है। खुला संवाद, एक-दूसरे की भावनाओं को समझना और अपनापन ही मानसिक सुकून की पहली सीढ़ी है। बच्चों को तुलना नहीं, सहयोग की जरूरत होती है। युवाओं को आलोचना नहीं, विश्वास चाहिए और बुजुर्गों को उपेक्षा नहीं, सम्मान और साथ चाहिए। यदि तनाव अधिक बढ़ जाए तो विशेषज्ञों से सलाह लेने में झिझक नहीं होनी चाहिए। स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। प्रत्येक जिले में मेंटल हेल्थ क्लिनिक की स्थापना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण और उच्च तनाव वाले पेशों के लिए नियमित काउंसलिंग आज समय की मांग है।

परिवार का टूटना केवल सामाजिक ढांचे का बदलाव नहीं, बल्कि एक गहरी मानसिक पीड़ा है। संवेदनशीलता, समझ और आपसी सहयोग से ही इस पीड़ा को कम किया जा सकता है। जब समाज सफलता से पहले इंसानियत को महत्व देना शुरू करेगा, जब उपलब्धियों से पहले खुशहाली को प्राथमिकता दी जाएगी और जब संवाद को चुप्पी पर तरजीह मिलेगी, तभी मानसिक स्वास्थ्य का वास्तविक संरक्षण संभव होगा। मानसिक सुकून कोई विलासिता नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बुनियादी जरूरत है। जब तक इंसान अपने मन को समझना नहीं सीखेगा, तब तक बाहरी सफलताएं भी उसे सच्ची शांति नहीं दे पाएंगी।

मानसिक तनाव आज केवल किसी एक व्यक्ति की निजी परेशानी नहीं रहा, बल्कि यह एक गंभीर और तेजी से बढ़ती वैश्विक चुनौती बन चुका है। बदलती जीवन शैली, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, डिजिटल निर्भरता और सामाजिक अपेक्षाओं ने इंसान के भीतर ऐसा दबाव पैदा कर दिया है, जिसे वह रोजमर्रा की मुस्कान के पीछे छिपाकर जी रहा है। बाहर से सब कुछ सामान्य दिखाई देता है, लेकिन भीतर ही भीतर मन थक चुका होता है। यही थकान धीरे-धीरे चिंता, बेचैनी और निराशा में बदल जाती है, जो जीवन की दिशा और आत्मविश्वास दोनों को प्रभावित करती है। डिजिटल युग ने जहां जीवन को सुविधाजनक बनाया है, वहीं मानसिक शांति को चुनौती भी दी है। मोबाइल और स्क्रीन की लगातार उपस्थिति नींद को प्रभावित कर रही है, एकाग्रता कम कर रही है और मन में अस्थिरता पैदा कर रही है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# थाने में पिटाई से युवक की हालत गंभीर, विरोध में लोगों का प्रदर्शन

## अयोध्या की दो थानों की पुलिस उठा ले गयी थी, युवक लखनऊ के अस्पताल में भर्ती

आक्रोश

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** पूछताछ के नाम पर अयोध्या की दो थानों की पुलिस बाराबंकी के जिस युवक को लेकर गई, वह गंभीर दशा में लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस पर बेरहमी से पिटाई का आरोप लगाते हुए परिजनों संग आप पार्टी के पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन व नारेबाजी की। हालांकि रूदौली से आए सीओ ने मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा देकर प्रदर्शन समाप्त कराया।

कोतवाली क्षेत्र के ढेमा गांव निवासी सुहेल के परिजनों के अनुसार करीब एक सप्ताह पहले अयोध्या जिले की इनायतनगर व पटरंगा थाने की पुलिस सुहेल को घर से पूछताछ के नाम पर ले गई थी। परिवार का आरोप है कि पुलिस हिरासत में सुहेल की जमकर पिटाई की गई, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह उपचाराधीन है। आर्केस्ट्रा पार्टी में कलाकार पिता हग्गन ने रोते हुए बताया कि उनका बेटा स्वस्थ था, लेकिन पुलिस की पिटाई के बाद उसकी स्थिति नाजुक हो गई। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। सूचना पर आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह सहित कई पदाधिकारी, अधिवक्ता और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों ने भिटरिया चौराहे पर नारेबाजी की और छोटी हनुमान गढ़ी मंदिर के सामने धरना दिया। मौके पर सीओ जटा शंकर मिश्र और रुदौली के सीओ आशीष निगम ने कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर बातचीत की। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। रूदौली के सीओ आशीष निगम ने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।



विरोध-प्रदर्शन करते परिजन व अन्य। ● अमृत विचार



अस्पताल में भर्ती सुहेल, साथ में पिता।

# दुर्घटनाओं में दो की मौत, छह लोग घायल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार भोर से लेकर दिन भर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। कई घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि एक युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार, लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर शनिवार तड़के हादसे में ग्राम अद्रापुर निवासी 35 वर्षीय संदीप उर्फ मोनू की मौत हो गई। वह मामा की लड़की की शादी में शामिल होने के लिए हुसेपुर गांव गए थे। शनिवार सुबह करीब पांच बजे बाइक से घर लौटते समय कोटवासड़क के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल संदीप को राहगीरों की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सिरौलीगौसपुर, सफदरगंज प्रतिनिधि के अनुसार शनिवार को क्षेत्र के महमूदाबाद कस्बे में एक सड़क हादसे में छह वर्षीय बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। शाम करीब 4 बजे बच्चा अपनी मां के साथ सड़क पार कर रहा था। तभी चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी। नूरगंज हमीदनगर निवासी दिव्यांशु यादव (6) पुत्र वीरपाल यादव अपने दो भाइयों में बड़ा था। दिव्यांशु मां के साथ कपड़े खरीदने बाजार आया था।

हैदरगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार, सेमरौता मार्ग पर पूरे कुमेदान गांव के पास किल्ला निवासी वर्षीय वीरेंद्र तिवारी (45) वैवाहिक समारोह से लौटते समय चक्कर आने से बाइक सहित गिरकर घायल हो गए। किल्ला मोड़ पर खरसतिया निवासी शिवम अवस्थी, थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के कुसुंभी गांव निवासी रत्नेश तथा असंद्रा निवासी सोनू के अलावा पूरे चौबे गांव निवासी अभिमन यादव के साथ निमंत्रण से लौटते समय गंभीर रूप से घायल हो गए। मसौली प्रतिनिधि के अनुसार गोंडा के मनकापुर निवासी वसीम रजा लखनऊ से सवारियां लेकर वाहन से लौट रहे थे। विक्रम चौधरी अपनी कार से बारात से लौट रहे थे। टक्कर में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। विक्रम चौधरी घायल हो गए।

## 73वें शिविर में सात लोगों ने किया रक्तदान



रक्तदान करती युवती। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के तत्वावधान में आयोजित 73वें मासिक रक्तदान शिविर में सात लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। शिविर में कक्षा 5 की छात्रा आन्या गुप्ता व एलकेजी के छात्र अनघ गुप्ता के अभिभावक जयकुमार गुप्ता, कक्षा 2 के छात्र अधिराज के अभिभावक नितिन श्रीवास्तव, एलकेजी के छात्र वैदिक जायसवाल के अभिभावक सुंदरम जायसवाल, नर्सरी के छात्र दर्श जायसवाल के अभिभावक मनीष जायसवाल, प्लेग्रुप के छात्र देवांश निगम के अभिभावक रजत निगम, समाजसेवी बीके जतिन तथा दिनेश कुमार ने रक्तदान किया। संस्था के प्रबंधक अंकुर माथुर ने बताया कि हर माह की 21 तारीख को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया मरीजों को नियमित रक्त की आवश्यकता होती है और संस्था का उद्देश्य रक्त की कमी को दूर करना व लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर रक्तकोष प्रभारी डॉ. बीपी सिंह, डॉ. गौरव सिंह, जिला परामर्श अधिकारी पंकज कुमार वर्मा, विवेकानंद त्रिपाठी, दीपक वर्मा सहित स्टाफ मौजूद रहा। वहीं मोहम्मद सलीम, अद्भुत सिंह, रंजीत ठाकुर, आशीष चौरसिया और पियूष मौर्य सहित अन्य सदस्यों ने भी सहयोग किया।

## ताराश्री फाउंडेशन ने मनाया तीसरा स्थापना दिवस



स्थापना दिवस में शामिल अतिथि व फाउंडेशन के लोग। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख स्थित ताराश्री फाउंडेशन ने शनिवार को अपना तृतीय स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का संचालन इप्शा ने किया। शुभारंभ प्रार्थना व गीत से हुआ, जिसमें शालिनी की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। दिल्ली से आई वैज्ञानिक, लेखिका व संगीतकार डॉ. मिट्ठू पाल ने भजन प्रस्तुत किया। संस्थापक विभा ने संस्था की स्थापना, सतरिख को चयनित करने के उद्देश्य तथा शिक्षा, पर्यावरण, संस्कृति व अध्यात्म के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन के लक्ष्य पर प्रकाश डाला। फाउंडर ट्रस्टी राजीव और विनीता ने गांव के वृद्ध महिला-पुरुषों को सम्मानित किया। प्रोजेक्ट्स डायलॉग में उदयन शालिनी फेलोशिप प्रोग्राम, मिनी स्टेडियम, अमृत सरोवर, कॉटन झोला अभियान, ग्रैटिट्यूड जॉयशॉप व स्माइली परियोजनाओं की जानकारी दी गई। ऑरोसत टॉक्स के माध्यम से देश-विदेश में हो रहे आध्यात्मिक संवाद साझा किए गए। मुख्य अतिथि एम्स में फिजियोलॉजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रमेश बिजलानी ने विज्ञान व अध्यात्म के समन्वय पर विचार रखे। प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित योग विशेषज्ञ व आध्यात्मिक वक्ता विनोद दीदी ने भी संबोधित किया। बच्चों ने स्वामी विवेकानंद, श्री अरविंदो, सिस्टर निवेदिता, रामकृष्ण परमहंस और माँ शारदा सहित महान विभूतियों की फैंसी ड्रेस प्रस्तुति दी। समापन पर 15 से 75 वर्ष आयु वर्ग के वॉलंटियर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शोभा बाजपेई, सीआईआई फाउंडेशन के सुनील मिश्रा, डॉ. अरविंद चतुर्वेदी, डॉ. अंजू, डॉ. स्नेह लता, बी.के. जैन, रीतू, ममता, वंदना, जया, तुहना, श्रीकांत, कुसुम, चयनित शालिनी फेलोशिप प्रतिभागी, सतरिख ग्राम प्रधान व अन्य विशिष्ट नागरिक उपस्थित रहे।

# गुस्साए दूल्हे ने दुल्हन को लात मारी, ससुर से की धक्का-मुक्की

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विवाह समारोह में बार-बार सेल्फी से आग बबूला हुए दूल्हे ने दुल्हन को लात मार दी, वहीं ससुर से धक्का मुक्की की। दोनों पक्षों से न सिर्फ हाथापाई हुई बल्कि बाराती-जनाती भिड़ गए और कुर्सियां तक तोड़ी गईं। देर रात सुलह के बाद किसी तरह बाकी रस्में पूरी की गईं। सूचना पर पुलिस ने भी हस्तक्षेप किया।

थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेशपुर कस्बा निवासी शत्रुघ्न शिल्पकार की पुत्री का विवाह बहराइच जनपद के मुराइनपुरवा निवासी विशाल से तय था। शुक्रवार देर रात बारात पहुंचने के बाद द्वारचार की रस्म पूरी हुई और जयमाल का कार्यक्रम शुरू हुआ। इसी दौरान बार-बार ली जा रही सेल्फी को लेकर दूल्हे ने आपत्ति जताई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दूल्हे ने दुल्हन को लात मार दी। दुल्हन के पिता के हस्तक्षेप करने पर उनके साथ भी धक्का-मुक्की हुई। मंच पर शुरू हुआ विवाद जल्द ही नीचे मौजूद बारातियों और जनातियों के बीच फैल गया। देखते ही देखते कुर्सियां, टेंट में लगे लोहे के पाइप और बल्लियों से मारपीट होने लगी। कई लोग चोटिल हो गए। सूचना मिलने पर गणेशपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। पूर्व प्रधान दीपचंद्र की मध्यस्थता में दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई। देर रात तक चली बातचीत के बाद टूटे फर्नीचर व अन्य नुकसान की भरपाई बराबर-बराबर वहन करने पर सहमति बनी। मारपीट में लड़की पक्ष के मामा, चाचा और चचेरा भाई भी घायल हुए, जबकि दूल्हे की बहन और बहनोई को भी चोटें आईं। दुल्हन पक्ष ने दूल्हे पर नशे में होने और बिना उकसावे के मारपीट शुरू करने का आरोप लगाया, हालांकि दूल्हे ने नशे में होने से इनकार किया। कोतवाल के अनुसार, दोनों पक्षों में सुलह हो जाने के बाद विवाह संपन्न कराया गया और बारात दुल्हन को लेकर वापस लौट गई।

## उधार के पैसे मांगने पर सेल्समैन से मारपीट

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में उधार के रुपये मांगने पर एक सेल्समैन के साथ मारपीट करते हुए दुकान में तोड़फोड़ की गई। पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। लोहटी जई निवासी रंजीत कुमार गनेशपुर मोड़ स्थित कम्पोजिट शराब की दुकान पर सेल्समैन के है। रंजीत का कहना है कि उनकी ग्राम मड़ना निवासी धर्मेश अवस्थी पु से घनिष्ठता थी। करीब दो माह पूर्व धर्मेश की जरूरत को देखते हुए 15 हजार रुपये उधार दिए थे। पीड़ित के मुताबिक 19 फरवरी को उन्होंने अपने रुपये में से 5 हजार रुपये वापस मांगने के लिए फोन किया। आरोप है कि फोन धर्मेश के भाई मनीष ने उठाया और रुपये मांगने पर अभद्र व्यवहार करते हुए जातिसूचक गालियां दीं तथा दुकान पर आकर देख लेने की धमकी दी। आरोप है कि उसी दिन करीब एक बजे मनीष अवस्थी अपने एक अज्ञात के साथ दुकान पर पहुंचा और लात-घूंसों व डंडों से मारपीट की।

# परीक्षा दे रही 3 छात्राओं की बिगड़ी तबीयत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील सिरौली गौसपुर क्षेत्र स्थित सुंदरलाल इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा के दौरान शनिवार को परीक्षा दे रही एक छात्रा अचानक कक्ष में बेहोश होकर गिर पड़ी। वहीं दो अन्य छात्राओं की भी तबीयत बिगड़ी, स्कूल प्रशासन ने एंबुलेंस से छात्राओं को सीएचसी बड़ागांव भिजवाया, जहां उपचार के बाद हालत स्थिर हुई।

बेहोश हुई छात्रा उम्मेहया पुत्री मोहम्मद आसिफ, निवासी ग्राम बांसा थाना मसौली है। बताया जा रहा कि छात्रा पूर्व से उपचाराधीन थी, परीक्षा के दौरान उसकी तबीयत और बिगड़ गई। प्राथमिक उपचार के बाद स्वास्थ्य में सुधार हो गया। इसी कालेज की दो अन्य छात्राओं की तबीयत भी परीक्षा के बीच बिगड़ी। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक, उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उनकी स्थिति सामान्य हो गई। स्वास्थ्य स्थिर होने पर दोनों छात्राएं पुनः परीक्षा में शामिल हुईं। परीक्षा अवधि के दौरान छात्राओं के अस्वस्थ होने की घटनाएं सामने आने से अभिभावकों और शिक्षक चिंतित हैं।

विशेषज्ञों की मानें तो परीक्षा का दबाव, तनाव, पर्याप्त नींद की कमी, पोषण असंतुलन और पूर्व स्वास्थ्य समस्याएं ऐसे मामलों के प्रमुख कारण हो सकते हैं।



अस्पताल में भर्ती छात्रा।

## मिली जमानत, रिहा होंगे सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता

**बाराबंकी: अमृत विचार :** महिला को धमकाने के मामले में गिरफ्तार सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव को कोर्ट ने जमानत दे दी है। बताते चलें कि 11 फरवरी को सफदरगंज क्षेत्र की रहने वाली महिला कलावती ने भगोलापुरवा के रहने वाले मनोज यादव उर्फ बब्लू के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। आरोप था कि पुरानी रंजिश को लेकर मनोज यादव ने उसे धमकाया और बेटे को गायब करने की धमकी दी। उधर लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार थाने में पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पति मनोज यादव दो दिनों से लापता हैं। सफदरगंज थाना पुलिस ने मनोज यादव को तलाश लिया। पुलिस ने राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज को थाना क्षेत्र से गुजरते समय गिरफ्तार कर लिया था। पता चला कि वह एक तिलक समारोह से लौट रहे थे। इस मामले में उनके अधिवक्ता संतशरण यादव ने बताया कि न्यायालय विशेष सत्र न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट ने मनोज यादव का जमानत अनुरोध स्वीकार कर लिया। उन्हें जमानत दे दी गई है।

## शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को बड़ी राहत



साथी को मिठाई खिलाकर खुशी मनाते संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाने की घोषणा की, जिससे उनमें खुशी की लहर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बताया कि 1 अप्रैल 2026 से शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये प्रति माह और अनुदेशकों का 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,000 रुपये प्रति माह किया जाएगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने इस फैसले का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शिवाजी मिश्र, शिक्षामित्र संघ ब्लॉक अध्यक्ष अमित मिश्रा और अनुदेशक संघ ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश यादव को मिठाई खिलाकर और माल्यार्पण कर बधाई दी। शिक्षामित्र संघ अध्यक्ष अमित मिश्रा और अनुदेशक संघ अध्यक्ष इंद्रेश यादव ने कहा कि यह बढ़ोतरी महंगाई के दौर में शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को बड़ी राहत देगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद कुमार विमल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आदर्श सिंह, अरविंद सिंह, विकास चौहान, धर्मराज, विशेष सिंह सहित कई शिक्षक और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आधी रात में हुआ अंतिम संस्कार

● **संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसी किशोरी की मौत का मामला**

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** संदिग्ध दशा में युवती की जलकर हुई मौत के मामले में जांच में जुटी पुलिस के हाथ कोई साक्ष्य नहीं लग सका है। घटना हत्या है या आत्महत्या, इसको लेकर पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। इस बीच शुक्रवार देर रात कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में मृत युवती का अंतिम संस्कार कर दिया गया। हालांकि भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता अंतिम संस्कार का विरोध करते रहे।

बताते चलें कि गुरुवार की दोपहर मोहम्मदपुर खाला थाने से सौ मीटर की दूरी पर एक किशोरी संदिग्ध रूप से जलती देखी गई। पुलिस इलाज के लिए लखनऊ सिविल अस्पताल ले जा रही थी लेकिन रास्ते में ही युवती ने दम तोड़ दिया। महिला पुलिस को दिए बयान में पेट्रोल पंप में कार्यरत कर्मचारी अखिलेश पर आग लगाने का आरोप लगाया गया था। प्रारंभिक जांच के बाद आत्महत्या बता रही पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। उधर मौत के बाद बढ़े विवाद के बीच पुलिस ने हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने मुख्य आरोपी अखिलेश यादव को हिरासत में लेकर पूछतांछ के बाद छोड़ दिया। पुलिस का कहना था कि अभी कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। दूसरी ओर मौत के बाद युवती का शव शुक्रवार रात घर पहुंचा, जहां पर भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता भी पहुंच गए और नौकरी, मुआवजा, खेती योग्य जमीन के पट्टे आदि की मांग रखने के साथ ही शव के अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया। इस पर एसडीएम फतेहपुर कार्तिकेय सिंह व एएसपी उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने आश्वस्त कर पुलिस बल की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कराया। पुलिस बीटीएस और सर्विलांस सेल और फॉरेंसिक टीम के मदद से साक्ष्य एकत्र कर आत्महत्या अथवा हत्या की पहेली सुलझाने की बात कह रही है। वहीं पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। कोतवाल आशुतोष मिश्र ने बताया कि सभी पहलुओं पर जांच चल रही है। घटना का शीघ्र अनावरण किया जाएगा।

**घटना के बाद जुटे विधायक व प्रशासन :** शनिवार को प्रधान पुत्र प्रसून बाजपेई के साथ पहुंचे मृतका के भाई और बहन से विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा व उपजिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह ने मिलकर हरसंभव मदद का आश्वासन दिलाया और राशन किट भी प्रदान की।

प्रधान पुत्र को पीड़ित परिवार को अन्तोदय राशन कार्ड के साथ विधवा मां और दिव्यांग बच्चों को पेंशन दिलाने की कार्रवाई पूरी करने को कहा गया। आवास व शौचालय का लाभ पूर्व में दिया जा चुका है। श्रम विभाग से नौकरी और मुआवजे को लेकर एसडीएम ने पत्राचार शुरू कर दिया है।

## पेड़ से लटका मिला विवाहिता का शव

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम कूढ़ा सुखीपुर में शनिवार देर शाम गांव के बाहर स्थित एक आम के बाग में एक विवाहिता का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दरियाबाद क्षेत्र के ग्राम भिखनापुर मजरे चमरौली निवासी 26 वर्षीया माधुरी चौहान पुत्री गया प्रसाद चौहान का विवाह करीब चार वर्ष पूर्व थाना टिकैतनगर क्षेत्र के कूढ़ा सुखीपुर गांव में हुआ था। शनिवार शाम ग्रामीणों ने गांव से कुछ दूरी पर स्थित आम के बाग में एक पेड़ से साड़ी के सहारे लटका शव देखा। राहगीरों ने तुरंत इसकी सूचना परिजनों और अन्य ग्रामीणों को दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया।

# 554 शिकायतों में से 41 का मौके पर निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तहसील हैदरगढ़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय सहित सभी जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और जिन मामलों में तत्काल राहत संभव थी, उनका मौके पर ही निस्तारण कराया।

गौरी शंकर की शिकायत पर सरकारी खड़ंजे पर अवैध कब्जा हटाने हेतु राजस्व और पुलिस की टीम गठित की गई। राधेश्याम के विद्युत कनेक्शन में नाम सही कराने और दिनेश कुमार की पट्टे की जमीन चिन्हित कर कब्जा दिलाने की प्रार्थना पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। वहीं, राघवती के गाटे में नाम न होने की शिकायत का तत्काल समाधान कर खतौनी की प्रति उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भूमि विवाद, सरकारी रास्ते, राशन कार्ड, पेंशन, आवास और अन्य जनसामान्य से जुड़े मामलों को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए और सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए। जनपद की सभी तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस में कुल 554 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 41 का मौके पर तत्काल निस्तारण किया गया। तहसील हैदरगढ़ में 260 प्रार्थना पत्रों में से 11, नवाबगंज में 138 में से 10, सिरौलीगौसपुर में 12 में से 3, रामसनेहीघाट में 49 में से 6, रामनगर में 56 में से 5 और फतेहपुर में 39 में से 6 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया।

## तीन दिवसीय प्रतियोगिता में बाराबंकी ने मारी बाजी



खिलाड़ी को ट्राफी देते एएसपी दक्षिणी व सीओ सिटी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन्स में चल रही लखनऊ जोन की तीन दिवसीय अन्तर्जनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता का समापन हो गया। बाराबंकी की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक विजय प्राप्त की है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने किया था। प्रतियोगिता में लखनऊ जोन सहित कुल 9 जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह एवं मनोयोग से भाग लिया एवं अच्छे अनुशासन का परिचय देते हुये प्रतियोगिता को सकुशल सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। परिणाम के अनुसार योग पुरुष में बाराबंकी ने प्रथम सुलतानपुर ने द्वितीय स्थान, योग महिला में अम्बेडकरनगर प्रथम स्थान, सुलतानपुर ने द्वितीय स्थान, पावरलिफ्टिंग पुरुष में बाराबंकी प्रथम हरदोई ने द्वितीय स्थान, महिला में बाराबंकी प्रथम व हरदोई ने द्वितीय स्थान, भारोत्तोलन पुरुष में बाराबंकी प्रथम व हरदोई ने द्वितीय स्थान तो भारोत्तोलन महिला में बाराबंकी ने प्रथम स्थान तो हरदोई ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम

श्री रामस्वरूप मेमोरियल विवि में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव अनुभूति का समापन

# स्टार नाइट में गायक दर्शन रावल ने गीतों से बांधा समां



गीत प्रस्तुत करते दर्शन रावल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव अनुभूति एवं अभिव्यक्ति-2026 का तीसरा एवं अंतिम दिन स्टार नाइट के नाम रहा।

एसआरएमयू एवं श्री रामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस महोत्सव में प्रसिद्ध गायक, संगीतकार और गीतकार दर्शन रावल ने प्रस्तुति दी। स्टार नाइट कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चांसलर इं. पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर इं. पूजा अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी, शैक्षणिक सलाहकार आरुषी अग्रवाल, रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) हेमेन्द्र शर्मा, आरएमसीइएम के डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) भावेश कुमार चौहान, एसआरएमयू की फेस्ट इंचार्ज डॉ. वीना सिंह एवं एसआरएमसीईएम के फेस्ट इंचार्ज मयंक श्रीवास्तव, प्रो. बी. एम. दीक्षित, प्रो. नीरजा जिंदल, प्रो. अकांक्षा निगम, डॉ. अमित त्रिवेदी सहित कई विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। दर्शन रावल ने अपने सुपरहिट गीतों की प्रस्तुति से पूरे परिसर को संगीत की मधुर धुनों से सराबोर कर दिया। उन्होंने तेरा जिक्र है या इत्र है, जब-जब करता हूं महकता हूं, चोगड़ा का मुखड़ा चोगड़ा तारा, छबीला तारा, रंगीला तारा, एक तरफा के मुखड़े एक तरफा प्यार मेरा, तेरे ही नाम है और असल में की लाइनें असल में तुम नहीं हो मेरे गाकर छात्रों को भावुक और उत्साहित कर दिया। युवा दर्शकों ने मोबाइल फ्लैशलाइट के साथ कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे दृश्य और भी मनोरम बन गया। कार्यक्रम का संचालन ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. रोहित सिंह एवं इंजी. अंजलि सिंह की निगरानी में संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने के लिये छात्रों की टीम में सार्थक श्रीवास्तव, अर्पित मालवीय, दिव्यांशु सिंह, श्रेया महेंद्र आयुष, त्विषा पराशर, अजय वीर, वैभव सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। समापन अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों, कलाकारों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अनुभूति एवं अभिव्यक्ति-2026 ने न केवल प्रतिभाओं को मंच दिया, बल्कि सांस्कृतिक एकता और युवा ऊर्जा का भी सशक्त संदेश दिया।

## मुकदमा वापस न लेने पर किया हमला

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहरेपुर मजरे महोरा निवासी संजय कुमार पुत्र रामअवतार ने तहरीर में बताया कि शुक्रवार की शाम विपक्षी सुकई, रिंकी देवी, सत्यम, सत्यम की पत्नी व सुकई का छोटा पुत्र अनिल (छोटे) एक राय होकर लाठी-डंडों व धारदार हथियार के साथ उसके दरवाजे पर पहुंचे। आरोप है कि सभी लोग गाली-गलौज करते हुए पहले से दर्ज छेड़खानी के मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगे और जान से मारने की धमकी दी।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने व सुधारने का मौका

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित करने की जानकारी दी। अभियान का उद्देश्य 2026 के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना तथा सूची को अद्यतन और शुद्ध बनाना है। आज प्रात: 10:30 बजे से प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) और संबंधित विभागों के ग्राम स्तरीय कर्मी उपस्थित रहेंगे। हेल्प डेस्क की व्यवस्था के माध्यम से मतदाता फार्म-6, 6A, 7 एवं 8 भरकर नाम जोड़ने, विलोपन या सुधार कर सकते हैं। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नागरिक अपने नाम का सत्यापन और आवश्यक आवेदन करके सूची में नाम अंकित करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बूथ पर जाकर अपनी और परिवार के सदस्यों की जानकारी 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित मतदाता सूची में अवश्य जांचें और आवश्यक कार्रवाई करें।

## नवी मुंबई हवाई अड्डे ने डिजियात्रा सुविधा शुरू की

**मुंबई, एजेंसी :** नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) ने वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने के लगभग दो महीने बाद डिजियात्रा सेवा शुरू करने की घोषणा की है। निजी हवाईअड्डा संचालक ने एक बयान में शुक्रवार को कहा कि नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा देश के पांच अन्य हवाईअड्डों के साथ नागर विमानन मंत्रालय के राष्ट्रव्यापी डिजी यात्रा कार्यक्रम में डिजिटल रूप से शामिल हो गया है।

अमृत विचार
अयोध्या, रविवार, 22 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

### ओमनीटेक इंजी. का आईपीओ 25 को

**अहमदाबाद।** ओमनीटेक इंजीनियरिंग लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 फरवरी को खुलेगा। कंपनी की ओर से शनिवार को यहां जारी बयान में कहा इसका पांच रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों का आईपीओ बुधवार, 25 फरवरी को खुलेगा। एंकर निवेशक बोली लगाने की तिथि बोली/प्रस्ताव खुलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले, यानी मंगलवार, 24 फरवरी है। बोली/प्रस्ताव बंद होने की तिथि शुक्रवार, 27 फरवरी है। प्रस्ताव का मूल्य बैंड पांच रुपये अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर 216 से 227 रुपये तक निर्धारित किया गया है। न्यूनतम पांच रुपये अंकित मूल्य के 66 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 66 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोली लगाई जा सकती है।

### देवरिया में पांच चीनी मिलों में से मात्र एक अस्तित्व में

**देवरिया।** कभी चीनी का कटोरा कहे जाने वाले पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में सरकारी तंत्र की उपेक्षा के चलते पांच चीनी मिलों में मात्र एक एशिया की सबसे पुरानी चीनी मिल अस्तित्व में है। आज यहां पांच चीनी मिलों में से मात्र एक प्रतापपुर की चीनी मिल चल रही है। कभी देवरिया जिले में देवरिया में गौरीबाजार, बैतालपुर, देवरिया सदर, भटनी और प्रतापपुर पांच चीनी मिल चला करती थी, लेकिन यहां की चार चीनी मिलें देवरिया सदर, बैतालपुर, गौरी बाजार और भटनी की चीनी मिलें सरकारों की उपेक्षा के कारण वर्षों पूर्व बंद हो गई।

### इंडियन ओवरसीज बैंक के अधिकारी 2 मार्च को करेंगे हड़ताल

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज बैंक अधिकारी संघ (आईओबीओए) ने बैंक प्रबंधन के कथित तौर पर दमनकारी निगरानी उपायों और कार्यस्थल नियमों के विरोध में दो मार्च को एक-दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल की घोषणा की है। अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) ने इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) की कार्यसंस्कृति में गंभीर और चिंताजनक बदलाव आए हैं।

# आधुनिक उपकरणों को दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत की नींव आत्म-निर्भरता के आधार पर रखी जाएगी, जिसके लिए भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप का होना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर संयंत्र का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान छोटी चिप की कमजोर आपूर्ति श्रृंखला ने कई अर्थव्यवस्थाओं के विकास को रोक दिया था और विभिन्न कारखानों में काम ठप हो गया था।

प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए भारत में बनी चिप बहुत जरूरी हैं। इस दशक में भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो भी कर रहा है, वह 21वीं सदी में हमारी क्षमता की नींव बनेगा।" उन्होंने कहा कि भारत में चिप का निर्माण होने से हमारे आधुनिक उपकरणों के उत्पादन के लिए देश को अब दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान चिप की आपूर्ति बाधित हुई, तो कारखाने ठप पड़ गए और वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं लड़खड़ा गईं। भारत ने उस संकट से सबक लिया और उसे एक अवसर में बदल दिया। हमने चिप विनिर्माण के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया और इसके लिए हम देश में एक संपूर्ण सेमीकंडक्टर परिवेश तैयार कर रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रेटर नोएडा में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर पार्क के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए। • एजेंसी

एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड' ग्रेटर नोएडा के जेवर में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अंतर्गत एक आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओसैट) संयंत्र स्थापित करेगा। एचसीएल और फॉक्सकॉन की यह संयंत्र प्रौद्योगिकी के लिए एक 'शक्ति के केंद्र' के रूप में उत्तर प्रदेश की पहचान को और अधिक सुदृढ़ करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश से सांसद के रूप में अपनी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का सांसद होने के नाते, यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। यह सेमीकंडक्टर संयंत्र उत्तर प्रदेश और पूरे भारत के युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

प्रधानमंत्री ने इस बात को स्वीकार किया कि भले ही भारत ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी यात्रा थोड़ी देरी से शुरू की है, लेकिन अब यह अत्यंत तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने तेल और प्रौद्योगिकी के बीच के ऐतिहासिक बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि 20वीं सदी में जिन देशों के पास तेल था, उनके पास समृद्धि और शक्ति थी। लेकिन 21वीं सदी में यह शक्ति एक छोटी सी 'चिप' में समाहित है। अब शक्ति का केंद्र वे कौशल और सामग्रियां हैं, जो इस चिप से जुड़ी हुई हैं।

इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड 60:40 हिस्सेदारी वाला एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। इस उन्नत ओसैट संयंत्र का परिचालन वर्ष 2028 तक शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने अगले कुछ वर्षों में इस परियोजना पर 3,700 करोड़ रुपये निवेश की योजना बनाई है। इस निवेश से 3,500 से अधिक प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। इसके साथ ही स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला के विकास और सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में पारिस्थितिकी भागीदारों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इस संयंत्र में प्रति माह 20,000 वेफर यानी सिलिकॉन प्लेट के प्रसंस्करण की क्षमता होगी।

इस इकाई का भारत की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने और आत्मनिर्भर, सुदृढ़ सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने का इरादा है। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, "पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के एक 'शक्ति-केंद्र' के रूप में स्थापित किया है। भारत अब इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात करने वाले दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल हो गया है। इस संयंत्र से हर महीने 3.6 करोड़ चिप का उत्पादन होगा।

### उद्योग जगत में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल अनिवार्य

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (आइमा) के अध्यक्ष टी. वी. नरेंद्रन ने शनिवार को कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में कृत्रिम मेधा (एआई) और जलवायु परिवर्तन की बढ़ती अहमियत के बीच भारत की समृद्धि बनाए रखने के लिए उद्योग जगत की हस्तियों के पास प्रौद्योगिकी को समझने और उसे लागू करने की क्षमता होनी जरूरी है। नरेंद्रन ने आइमा के 70वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय व्यवसाय और उनके नेतृत्वकर्ता राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं।

टाटा स्टील के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक नरेंद्रन ने कहा कि घरेलू कंपनियां आज दुनिया भर में व्यवसायों का अधिग्रहण कर रही हैं और भारतीय प्रबंधक विश्व के कुछ सबसे जटिल संगठनों का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने एआई के संदर्भ में कहा कि कृत्रिम मेधा अब केवल चर्चा का एक छोटा हिस्सा नहीं रह गया है।

## अकाली दल वाघा, फाजिल्का बॉर्डर खोलने को वचनबद्ध

**अटारी, एजेंसी**

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को घोषणा की कि 2027 में अकाली दल की सरकार बनने पर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार के लिए वाघा और फाजिल्का बॉर्डर खोले जायें और सीमावर्ती क्षेत्र में एक विशेष औद्योगिक ज़ोन बनाया जाये।

पंजाब बचाओ मुहिम के तहत वरिष्ठ नेता गुलजार सिंह रणीके की ओर से यहां आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए श्री बादल ने कहा कि सीमाएं बंद होने से सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि एक बार हम चुने गये तो हम वाघा और फाजिल्का बॉर्डर को फल, सब्जियों और अन्य वस्तुओं के मध्य एशियाई देशों को निर्यात को खोलेंगे। इस निर्यात से अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का केंद्र बन जाएगा और पूरे क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा। बादल ने जोर देकर कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में उद्योग स्थापित करना भी बहुत जरूरी है, खासकर तब जब उद्योग पहाड़ी राज्यों में मिल रही रियायतों के कारण वहां चले गए हैं।

• **सीमाएं बंद होने से सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापार प्रभावित: बादल**

## क्लीनमैक्स ने एंकर निवेशकों से 921 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता क्लीनमैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुलने से पहले एंकर (प्रमुख) निवेशकों से 921 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, एंकर निवेश दौर में टेमासेक होल्डिंग्स, नोमुरा एसेट मैनेजमेंट, एसबीआई लाइफ, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्प, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एडीआईए, एसबीआई जनरल, प्रेमजी इन्वेस्ट और फ्रैंकलिन टेम्पलटन सहित विदेशी और घरेलू संस्थान शामिल हुए।

## कारपोरेट सामाजिक दायित्व को राष्ट्र निर्माण की पूंजी बनाने की जरूरत : सीपी राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने परिवर्तन के लिए सरकार-उद्योग-समाज के समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कॉर्पोरेट जगत से लाभ को उद्देश्य के साथ जोड़ने का आग्रह किया और हर व्यक्ति का आह्वान किया कि बदलाव का वह जो भी संकल्प ले उसे पूरा किया जाना जरूरी है। राधाकृष्णन ने शनिवार को भारत मंडपम में एक राष्ट्रीय समाचारपत्र समूह की ओर से आयोजित राष्ट्रीय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) शिखर सम्मेलन



2026 को संबोधित किया।

परिवर्तन के लिए सरकार-उद्योग-समाज के समन्वय को आवश्यक बताते हुए उन्होंने सबका सीएसआर को राष्ट्र निर्माण की पूंजी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वह कॉर्पोरेट जगत से लाभ को उद्देश्य के साथ जोड़ने का आग्रह कर कहना चाहते हैं कि जब आप कोई संकल्प लेते हैं, तो उसे पूरा अवश्य करें।

• **कॉर्पोरेट जगत से लाभ को उद्देश्य के साथ जोड़ने का आग्रह**

उन्होंने कहा कि भारत विश्व की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। देश में संरचनात्मक सुधार, समावेशी विस्तार, डिजिटल कनेक्टिविटी, वित्तीय समावेशन और अवसंरचना विकास के जरिए 25 करोड़ से अधिक नागरिकों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया है और सभी क्षेत्रों और समुदायों में आकांक्षाओं को बढ़ाया है। विकास के अगले चरण में सरकार, उद्योग और नागरिक समाज के बीच गहन साझेदारी पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व अब हाशिए पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के केंद्र में है। उन्होंने सीएसआर को उस क्षेत्र के रूप में वर्णित किया जहां उद्यम और सहानुभूति आपस में मिलते है, जहां वित्तीय विवरण मानवीय कहानियों से जुड़ते हैं और जहां विकास को एक उद्देश्य मिलता है।



# दिल्ली में लश्कर-ए-तैयबा के हमले की चेतावनी, चांदनी चौक में सुरक्षा सख्त

## एक मंदिर और लालकिले के आसपास सुरक्षा क्षेत्रों में हमले की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली में भीड़भाड़ वाले धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को निशाना बनाने की पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की साजिश की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। खुफिया सूचनाओं के अनुसार, विशेष रूप से चांदनी चौक स्थित एक मंदिर और लाल किले के आसपास के उच्च-सुरक्षा क्षेत्रों में आईईडी के माध्यम से हमले की आशंका जताई गई है।

ऐसी आशंका जताई जा रही है कि आतंकी लाल किले के निकटवर्ती क्षेत्रों सहित अन्य उच्च-सुरक्षा वाले इलाकों में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के इस्तेमाल की योजना बना रहे हैं। इस अलर्ट के मद्देनजर चांदनी चौक के मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी कर दी गई है और निरंतर निगरानी व सतर्कता सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों (पैरामिलिट्री फोर्स) की तैनाती की गई है। सुरक्षा के ये कड़े इंतजाम पिछले साल नवंबर में लाल किले के पास हुए भीषण कार बम धमाके के मद्देनजर किए गए हैं। उस समय लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोटकों से भरी एक कार में हुए ब्लास्ट में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गयी थी और 20 से अधिक लोग घायल हुए थे। जांच में सामने आया था कि उस धमाके में अमोनियम नाइट्रेट आधारित विस्फोटकों का प्रयोग किया गया था। अधिकारियों ने बाद में उस वाहन के चालक की पहचान उमर मोहम्मद उर्फ उमर उन नबी के रूप में की थी।

• प0000000000000

नबी फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़ा एक डॉक्टर था। जांच एजेंसियां इस पहलू पर भी गौर कर रही हैं कि क्या लश्कर-ए-तैयबा का यह संभावित कदम इस महीने की शुरुआत में इस्लामाबाद की एक मस्जिद पर किए गए आतंकी हमले को दोहराने की मंशा से प्रेरित है। ज्ञात हो कि गत छह फरवरी को इस्लामाबाद के तरलाई इलाके में स्थित इमाम बारगाह क़सर-ए-खदीजतुल कुबरा मस्जिद में हुए आत्मघाती विस्फोट में 32 लोग मारे गए थे और 160 से अधिक घायल हुए थे। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने ली थी।

भारत के विदेश मंत्रालय ने उस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा था कि इस्लामाबाद की मस्जिद में हुआ बम धमाका निंदनीय है और भारत इसमें हुई जनहानि पर संवेदना व्यक्त करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान अपने सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुँचाने वाली आंतरिक समस्याओं के समाधान के बजाय अपनी घरेलू बुराइयों के लिए दूसरों पर दोष मढ़कर स्वयं को भ्रम में रख रहा है। भारत ऐसे सभी आरोपों को खारिज करता है, जो पूरी तरह निराधार और अर्थहीन हैं।

## राहुल भिवंडी की अदालत में पेश हुए सपकाल को नया जमानतदार बनाया

**ठाणे/मुंबई, एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता की ओर से उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में नया जमानतदार पेश करने के लिए शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत में पेश हुए। उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल को अपना नया जमानतदार नामित किया। राहुल के महाराष्ट्र के ठाणे जिले की ओर जाते समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने मुलुंड टोल प्लाजा पर उन्हें काले झंडे दिखाए, नारे लगाए और कांग्रेस पर दिल्ली में एआई इंपैक्ट समिट में युवा कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन के माध्यम से भारत की छवि खराब करने का आरोप लगाया।

संयुक्त दीवानी न्यायाधीश और प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट



(जेएमएफसी) पीएम कोलसे की अदालत ने राहुल के नये जमानतदार से संबंधित प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद मानहानि मामले की अगली सुनवाई चार अप्रैल के लिए तय की। आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंते की ओर से दायर मामले में कांग्रेस नेता को पहले ही व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दी जा चुकी है। कुंते ने अदालत में शिकायत दायर कर आरोप लगाया है कि राहुल ने 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान सोनाले गांव में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि महात्मा गांधी की हत्या के पीछे संघ का हाथ था। अदालत ने राहुल से इस मामले में एक नया जमानतदार पेश करने के लिए कहा था, क्योंकि पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का 12 दिसंबर 2025 को निधन हो गया था, जो उनके जमानतदार थे।

• **मानहानि मामले की अगली सुनवाई 4 अप्रैल को**

जब राहुल 2016 में अदालत के समक्ष पेश हुए थे, तब पाटिल उनके जमानतदार बने थे, जिसके बाद अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी। शनिवार को नया जमानतदार बनाने की कार्यवाही को त्वरित प्रक्रिया के तहत लगभग 15 मिनट में पूरा कर लिया गया। अदालत ने महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के जमानत पत्र औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिए हैं।

### भिंड में बस और वैन की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड-ग्वालियर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 719 पर बस और वैन की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं 7 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात लगभग तीन बजे हुई ये टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन पूरी तरह पिचक गई। उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। हादसा गोहद चौराहा थाना अंतर्गत छींमका गांव के पास हुआ।

गोहद चौराहा थाना प्रभारी मनीष धाकड़ के अनुसार, ईको वैन ग्वालियर से सवारियों को लेकर भिंड की ओर आ रहा था, जबकि बस ग्वालियर की ओर जा रही थी। अभी दो मृतकों की पहचान हुई है। दोनों भिंड जिले के है। इनके नाम अतुल शिवहरे निवासी फूप और जगदीश भदौरिया निवासी स्योढ़ा गांव अकोड़ा है। बाकी के शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

## द्रमुक ने सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए टी आर बालू के नेतृत्व में समिति गठित की

**तमिलनाडु चुनाव**

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने आगामी विधानसभा चुनावों में सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए शनिवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता टी आर बालू की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की।

डीएमडीके को गठबंधन में शामिल करने के इस कदम ने उसकी प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक को झटका दिया है, जो आगामी विधानसभा चुनाव में द्रमुक का सामूहिक रूप से मुकाबला करने के लिए विजयकांत द्वारा स्थापित पार्टी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल करने का प्रयास कर रही थी।

• **चुनाव के लिए कांग्रेस को अधिक सीट देने की संभावना**

द्रमुक के एक सूत्र ने बताया कि पार्टी 22 फरवरी से अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत शुरू कर सकती है। डीएमडीके को समायोजित करने के अलावा पार्टी के इस चुनाव के लिए कांग्रेस को अधिक सीट आवंटित करने की संभावना है। तमिलनाडु में गठबंधन सरकार की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए द्रमुक के सहयोगी एमडीएमके प्रमुख वाइको ने कहा कि द्रविड़ पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। वाइको ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि द्रमुक अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन 2026 के विधानसभा चुनाव जीतकर फिर से सरकार बनाएंगे।

वाइको ने शनिवार को दक्षिणी जिले तिरुनेलवेली में पत्रकारों से कहा कि आगामी चुनाव शक्ति प्रदर्शन की बड़ी परीक्षा नहीं होंगे। द्रमुक ज्यादातर सीट पर जीत हासिल करेगी। द्रमुक के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि हमारे नेता (स्टालिन) ने सहयोगी दलों को चुनावी माहौल के लिए तैयार कर दिया है।

## अगरतला-कोलकाता बस सेवा बहाल करने के प्रयास

**अगरतला, एजेंसी**

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मणिक साहा ने कोलकाता को ढाका के रास्ते अगरतला से जोड़ने वाली भारत-बांग्लादेश बस सेवा को फिर से शुरू करने की पहल का शनिवार को स्वागत किया। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के कारण रॉयल-मैत्री अंतर्राष्ट्रीय बस सेवा पिछले एक साल से निलंबित है, जिससे वीजा संबंधी समस्याएं उत्पन्न हुईं और यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। स्थिति में सुधार होने के साथ, बस संचालक अब सेवा को पुनः शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं और इसके लिये परीक्षण शुरू किया है।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि मैं कोलकाता को ढाका के रास्ते अगरतला से जोड़ने वाली भारत-बांग्लादेश बस सेवा को फिर से शुरू करने के कदम का स्वागत करता हूं। बांग्लादेश में निर्वाचित सरकार के गठन के साथ अनिश्चितता समाप्त हो गई है। भारत-बांग्लादेश बस सेवा के निलंबन के एक साल बाद संचालक ने सेवा को फिर से शुरू करने के लिए ढाका से पश्चिम त्रिपुरा के कृष्णानगर डिपो में एक बस मंगवाई। बस सेवा के प्रबंधक मनोरंजन देवनाथ ने बताया कि पड़ोसी देश में राजनीतिक उथल-पुथल के कारण भारत-बांग्लादेश बस सेवा को एक वर्ष के लिए निलंबित कर दिया गया था।

## गोलपाड़ा से विस्थापितों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें: कोर्ट

**गुवाहाटी, एजेंसी**

गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने असम सरकार को निर्देश दिया है कि वह यह सुनिश्चित करे कि पिछले साल जून में गोलपाड़ा जिले में बेदखली अभियान से प्रभावित परिवारों को पीने योग्य पानी, बुनियादी चिकित्सा और स्वच्छता सुविधाएं तथा उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। कोर्ट ने कहा कि जीवन के अधिकार में गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार, पीने योग्य पानी का अधिकार, स्वच्छता का अधिकार, साथ ही बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अधिकार शामिल है। यह आदेश न्यायमूर्ति देवाशीष बरुआ के नेतृत्व वाली पीठ ने 16, 17 और 18 जून, 2025 को हाशिला बील (आर्द्रभूमि) क्षेत्र में की गई बेदखली से प्रभावित 60 याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर एक रिट याचिका पर दिया।

• **कोर्ट में 60 लोगों ने दायर की थी रिट याचिका**

याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि बच्चों सहित 566 परिवारों को कुछ अन्य व्यक्तियों से संबंधित पट्टा भूमि के एक छोटे से भूखंड में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि याचिकाकर्ताओं सहित प्रभावित परिवार आठ महीने से अधिक समय से घोर अभाव की स्थिति में रह रहे हैं, जहां पीने योग्य पानी, स्वच्छता, भोजन या उचित चिकित्सा देखभाल की कोई उपलब्धता नहीं है। न्यायमूर्ति बरुआ ने याचिकाकर्ता और प्रतिवादियों के अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्तुत तर्कों को सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि इस न्यायालय की राय है कि जीवन के अधिकार में गरिमा के साथ जीने का अधिकार, पीने योग्य पानी का अधिकार, स्वच्छता का अधिकार और साथ ही बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अधिकार शामिल है। इस न्यायालय की यह भी राय है कि 2013 के अधिनियम के तहत पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान किए जाने हैं। यहां '2013 के अधिनियम' से तात्पर्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 से है।

# निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल में करेगा 480 कंपनी केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती

**कोलकाता, एजेंसी**

- विस चुनाव की घोषणा से पहले दो चरणों में किए जाएंगे तैनात

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की आधिकारिक घोषणा से पहले ही निर्वाचन आयोग राज्य में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती शुरू कर देगी। गृह मंत्रालय से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह तैनाती दो चरणों में होगी। शुरुआत में राज्य में कुल 480 कंपनियां तैनात की जाएंगी।

पहले चरण में एक मार्च तक 240 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। इनमें सीआरपीएफ की 110 कंपनियां, सीमा सुरक्षा बल की 55 कंपनियां, आईटीबीपी की 27 कंपनियां, एसएसबी की 27 कंपनियां और सीआईएसएफ की 21 कंपनियां शामिल हैं। दूसरे चरण में 10 मार्च तक अतिरिक्त 240 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। इस जत्थे में सीआरपीएफ की 120 कंपनियां, बीएसएफ की 65, आईटीबीपी की 20, एसएसबी की 19 और अन्य केंद्रीय बलों की 16 कंपनियां शामिल होंगी। गृह मंत्रालय ने औपचारिक रूप से राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को तैनाती योजना की जानकारी दे दी है और राज्य प्रशासन को आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।


### शांतमनु बने जम्मू कश्मीर के ईसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राज्य चुनाव आयुक्त (ईसी) के रूप में शपथ लेने वाले पूर्व नौकरशाह शांतमनु ने इस केंद्र शासित प्रदेश में लंबे समय से लंबित पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने के महत्व पर जोर दिया। यहां लोक भवन में आयोजित एक समारोह में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी को पद की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी आदि मौजूद रहे।

## डिजिटल जवाबदेही भी हुई सुनिश्चित

डिजिटल युग में तकनीक ने हमारे जीवन को सुगम बनाया है, लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उदय ने एक नई और जटिल चुनौती पेश कर दी है। आज एआई के माध्यम से ऐसी सामग्री बनाना संभव है जो हूबहू वास्तविक लगती है। यह तकनीक न केवल किसी व्यक्ति की छवि को धूमिल कर सकती है, बल्कि सामाजिक शांति और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को भी प्रभावित कर सकती है। इसी खतरे को भांपते हुए, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईटी नियम, 2021 के तहत सख्त दिशा-निर्देश और परामर्श जारी किए हैं जो 20 फरवरी से लागू भी हो गए हैं। इन नियमों का प्राथमिक उद्देश्य डिजिटल विश्वास और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स केवल कैरियर नहीं रह सकते, उन्हें प्लेटफॉर्म पर मौजूद सामग्री की शुद्धता के लिए जिम्मेदार बनाया गया है।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस




### सिंथेटिक सामग्री की पहचान

- कानूनी परिभाषा : नए आईटी नियमों के तहत पहली बार 'सिंथेटिक रूप से उत्पन्न जानकारी' (एसजीआई) को औपचारिक रूप से परिभाषित किया गया है। इसमें ऐसी ऑडियो, विजुअल या ऑडियो-विजुअल सामग्री शामिल है जो एल्गोरिदम या एआई के जरिए बनाई या बदली गई हों, और जो वास्तविक व्यक्तियों या घटनाओं के जैसी दिखाई देती हों। यानी डीपफेक एडिटेड या डिजिटली एडिटेड तस्वीरें या वीडियो। हालांकि, सामान्य संपादन (रूटिन एडिटिंग), सुलभता उपकरण (जैसे नेत्रहीनों के लिए टेक्स्ट-टू-स्पीच), शैक्षणिक सामग्री और सद्भावपूर्ण तकनीकी सुधारों को इन नियमों से बाहर रखा गया है, शर्त ये है कि वे सामग्री के अर्थ को न बदलें।

### यूजर्स की नई जिम्मेदारियां

- अनिवार्य घोषणा : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए अब यह जरूरी है कि वे यूजर्स से यह घोषणा लें कि उनके द्वारा अपलोड की गई सामग्री एआई से तैयार की गई है या नहीं।
- ईमानदारी की जरूरत : नई नियमावली के अनुसार, कंटेंट की प्रकृति के बारे में सच बोलने की जिम्मेदारी अब सीधे यूजर पर है। हालांकि प्लेटफॉर्म्स भी जांच करेंगे।
- लेबल और मेटाडाटा के साथ छेड़छाड़ पर रोक : यूजर्स को उन लेबल या स्थायी मेटाडाटा को हटाने, दबाने या उनके साथ छेड़छाड़ करने से स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है, जो प्लेटफॉर्म की तरफ से एआई की पहचान के लिए लगाए जाते हैं।
- कानूनी कार्रवाई को लेकर जागरूकता : प्लेटफॉर्म्स को अब हर तीन महीने में कम से कम एक बार यूजर्स को यह चेतावनी देनी होगी कि नियमों का उल्लंघन करने या एआई का गलत इस्तेमाल करने पर उन्हें सजा भुगतनी पड़ सकती है।

### प्लेटफॉर्म्स के लिए जिम्मेदारियां

- उपयोगकर्ता घोषणा : लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अपने उपयोगकर्ताओं से यह घोषणा लेनी होगी कि अपलोड की गई सामग्री सिंथेटिक है या नहीं।
- सत्यापन : प्लेटफॉर्म्स को तकनीकी उपकरणों के माध्यम से इन घोषणाओं की सटीकता की जांच करनी होगी।
- सुरक्षा उपाय : बाल यौन शोषण सामग्री, गैर-सहमति वाली अंतरंग तस्वीरें, धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होने वाले डीपफेक को रोकने को ऑटोमैटिक एआई फिल्टर लगाने होंगे।
- तीन घंटे में निष्कासन : सरकार या अदालत के आदेश के बाद, प्लेटफॉर्म्स को अवैध एआई सिंथेटिक सामग्री को 3 घंटे के अंदर हटाना होगा। पहले 36 घंटे दिया जाता था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पुणे में 19 झुग्गियां जलकर खाक

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे के हडपसर इलाके में बने राम मनोहर लोहिया उद्यान के पास एक श्रमिक बस्ती में कल देर रात भीषण आग लगने से 19 झुग्गियां और तीन दोपहिया वाहन जलकर राख हो गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह घटना पुणे-सोलापुर रोड पर उद्यान के पीछे स्थित अस्थायी बस्ती में तड़के करीब 2:30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि आग एक झुग्गी से शुरू हुई और तेजी से आसपास की झोपड़ियों में फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां और पानी के टैंकर मौके पर पहुंचे।

### हमलों में मारे गए तीन हिजबुल्लाह कमांडर

**बेरूत।** इज़राइल की ओर से लेबनान के पूर्व में किए गए हवाई हमलों में हिज़्बुल्लाह समूह के तीन कमांडर और आठ सैनिक मारे गए, जबकि 35 अन्य घायल हो गए। लेबनान की सरकारी नेशनल न्यूज़ एजेंसी ने शुक्रवार को शुरुआती आंकड़ों की रिपोर्ट दी, जिसमें कहा गया कि पूर्वी लेबनान के रियाक में एक बिल्डिंग पर हुए हवाई हमलों में 10 से ज़्यादा लोग मारे गए और 30 से ज़्यादा घायल हो गए। लेबनान नागरिक रक्षा के एक सूत्र ने शिन्हुआ को बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है।

### यूनान में प्रवासियों की नाव पलटने से 5 मरे

**एथेंस।** यूनान के सबसे बड़े द्वीप क्रीट के दक्षिण में शनिवार तड़के दर्जनों लोगों को ले जा रही एक लकड़ी की नाव के पलट जाने से पांच प्रवासियों की मौत की पुष्टि हो गई है और 20 अन्य अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब प्रवासी समुद्र के रास्ते यूरोप में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। यूनानी तटरक्षक बल द्वारा बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है ताकि लापता लोगों का पता लगाया जा सके। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नाव पर कुल कितने लोग सवार थे।

### शिमला के होटल में मृत मिला ब्रिटिश नागरिक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में लोअर कैथू क्षेत्र स्थित एक होटल में 86 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक मृत पाए गए। मृतक की पहचान इंग्लैंड के 46 रटलैंड रोड निवासी बैरी एल्विन मॉस के रूप में हुई है। दोपहर करीब 12 बजे कैथू स्थित चितकारा पार्क के पास रहने वाले स्थानीय निवासी सूर्यवंशी ने सूचना दी कि उनके होटल के कमरा संख्या 103 में ठहरे एक विदेशी अतिथि अचेत पड़े हैं।

# राष्ट्रपति ट्रंप बोले-ईरान पर सीमित सैन्य हमला करने पर कर रहे विचार

## ईरानी विदेश मंत्री ने कहा- कुछ ही दिनों में तैयार कर लेंगे परमाणु समझौते का मसौदा

- ईरान ने कहा-क्षेत्र में अमेरिकी सेना की अधिक तैनाती गैरजरूरी

**तेहरान/ वाशिंगटन, एजेंसी**

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ संभावित परमाणु समझौते का मसौदा दो-तीन दिन में तैयार कर लेगा, जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान पर सीमित सैन्य हमले करने पर विचार कर रहे हैं। अराघची ने एमएसएनबीसी चैनल को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि मेरा अगला कदम एक संभावित समझौते का मसौदा अपने अमेरिकी समकक्षों को सौंपना है।

यह मसौदा अगले दो से तीन दिनों में तैयार हो जाएगा। मसौदा पश्चिमी एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ़ को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक अच्छे निष्कर्ष की ओर काम करने से पहले एक और चर्चा के दौर की जरूरत होगी। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने मंगलवार को हुए अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर में कहा था कि ईरान ने अपने देश में यूरेनियम संवर्धन खत्म करने का प्रस्ताव नहीं रखा है, न ही अमेरिका ने ऐसी कोई मांग की है। अराघची ने कहा कि एक न्यायपूर्ण और बराबरी वाला समझौता हो सकता है, लेकिन पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सेना की बढ़ती उपस्थिति बिल्कुल अनावश्यक है। दूसरी ओर, ट्रंप ने कहा कि वह ईरान पर समझौता करने के लिए दबाव बनाने की खातिर सीमित हमला करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में कहा, ऐसा कह सकते हैं कि मैं इसपर विचार कर रहा हूं। अराघची ने ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के बारे में नवीनतम जानकारी देने के लिए अपने मिस्र और रूसी समकक्षों के साथ फ़ोन पर बातचीत की।



### रूस-मिस्र ने किया कूटनीतिक प्रक्रिया का स्वागत

मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने ईरान और अमेरिका के बीच चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया का स्वागत किया। उन्होंने आग्रह किया कि शामिल पार्टियों के लिए एक स्वीकार्य खाका हासिल करने के लिए बातचीत जारी रहें। एक अलग फ़ोन कॉल में, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि वह ऐसी बातचीत का समर्थन करते हैं, जिसका मकसद अप्रसार संधि के सिद्धांतों के तहत ईरान के वैध अधिकारों के सम्मान के आधार पर बराबर राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान ढूंढना है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि संरा ईरान के हालात को लेकर बहुत चिंतित है।

### जापान ने जारी की 50 से अधिक देशों के लिए यात्रा चेतावनी

**टोक्यो।** जापान ने शनिवार को पश्चिम एशिया में हाल के तनाव के मद्देनजर 50 से अधिक देशों और क्षेत्रों के लिए यात्रा पर सतर्कता चेतावनी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हालात में अचानक बदलाव होने की संभावना बनी हुई है और इससे अप्रत्याशित घटनाएं हो सकती हैं, न केवल पश्चिम एशिया बल्कि अमेरिका और यूरोप सहित अन्य भागों में भी। पश्चिम एशिया से बाहर, संयुक्त राज्य अमेरिका के क्षेत्र सहित अप्रत्याशित घटनाएं हो सकती हैं। यदि तनाव और बढ़ता है तो इससे हवाई मार्गों के बंद होने और हवाई अड्डों के अस्थायी रूप से बंद हो जाने की संभावना है।

# सर्वसम्मति पर आधारित होगा हिंद महासागर में संयुक्त समुद्री तंत्र

**पणजी, एजेंसी**

- गोवा समुद्री सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर बोले नौसेना प्रमुख

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने शनिवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में प्रस्तावित कोई भी संयुक्त समुद्री तंत्र भागीदार देशों के बीच आम सहमति पर आधारित होगा। एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने इसके साथ ही क्षमता निर्माण प्रयासों में भागीदार देशों के लिए भारत के समर्थन का आश्वासन दिया। एडमिरल त्रिपाठी ने गोवा समुद्री सम्मेलन (जीएमसी) 2026 के दौरान एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन के पहले सत्र में हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के संबंध में चर्चा हुई, जिसमें संयुक्त कार्य बल जैसी व्यवस्था की संभावना भी शामिल है।

उन्होंने कहा, जीएमसी आम सहमति पर आधारित है। सभी देशों के बीच आम सहमति होनी चाहिए। सभी देशों के बीच सहमति होना जरूरी है। हम सबकी क्षमताएं अलग-अलग हैं, इसलिए हर देश जो योगदान दे सकता है, उसे ध्यान में रखना होगा। नौसेना प्रमुख ने कहा कि नजदीकी परिचालन सहयोग का विचार सर्वमान्य है और संयुक्त कार्य बल के तौर तरीके पर सामूहिक रूप से काम करना होगा। उन्होंने एक पिछली पहल का उल्लेख करते हुए इंडियन ओशन शिप (आईओएस) एसएजीएआर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) का उल्लेख किया, जिसके तहत पिछले साल हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के 10 देशों के कर्मी एक भारतीय नौसैना के प्लेटफार्म पर सवार हुए और 41 दिनों तक एकसाथ सफर करते हुए पूरे क्षेत्र के बंदरगाहों का दौरा किया।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि विभिन्न देशों के समुद्री और राजनीतिक नेतृत्व सहित हमें जो अनुभव और प्रतिक्रिया मिली, वह बहुत सकारात्मक थी। इसी के आधार पर हमने इस वर्ष आईओएस एसएजीएआर 2.0 आयोजित करने का निर्णय लिया है। हम तिथि तय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल, जिसमें हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) देशों के अधिकारी और नाविक एक साथ नौकायन और काम करते हैं, समुद्री वातावरण की एक साझा समझ विकसित करने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि जब वे एकसाथ नौकायन करते हैं और मिलकर काम करते हैं, तो वे जिस समुद्री वातावरण को देखते हैं चाहे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से या अपनी आंखों से वह एक समान होता है। इसलिए, उनके बीच एक साझा समझ होती है, जिससे स्वाभाविक रूप से एक-दूसरे के विचारों की अधिक स्वीकृति होगी और सहभागी देशों के बीच अंतर-संचालनीयता बढ़ेगी।



### मादक पदार्थ ट्रेड बड़ी समुद्री चुनौती

क्षेत्र में उभरती चुनौतियों पर, एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि हिंद महासागर का विशाल विस्तार जो विश्व का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है, लगातार निगरानी को एक बड़ी चुनौती बनाता है। उन्होंने विशेष रूप से मादक पदार्थ के व्यापार, मानव तस्करी और समुद्री आतंकवाद जैसे मुद्दों से निपटने के लिए वास्तविक समय में सूचनाओं के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया।

## महाराष्ट्र में परीक्षा से पहले ही 12वीं का पेपर आउट

**नागपुर।** महाराष्ट्र बोर्ड द्वारा नागपुर में आयोजित 12वीं के रसायन विज्ञान की परीक्षा होने से पहले प्रश्नपत्र के कथित तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस पेपर लीक के एक संदिग्ध मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि परीक्षा में कदाचार का यह मामला बुधवार को एक माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में सामने आया। उनके मुताबिक, एक छात्रा के बार-बार शौचालय जाने से संदेह उत्पन्न हुआ। परीक्षकों ने छात्रा के फोन की जांच की तो पता चला कि परीक्षा शुरू होने से पहले ही एक व्हाट्सएप समूह पर प्रश्नपत्र साझा किया गया था। उसी समूह में संभावित उत्तरों को भी साझा किया गया था।

## नहर में गिरा सीआरपीएफ का वाहन, 7 जवान घायल

**श्रीनगर, एजेंसी**

- जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पास हुआ हादसा

जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पास शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वाहन के नहर में गिर जाने से सात जवान घायल हो गए। यह हादसा सुबह डागपोरा-उमरहेयर रोड पर अहमदनगर क्षेत्र में हुआ। बताया गया कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण गाड़ी सड़क से फिसलकर नहर में जा गिरी। घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया और सभी घायल जवानों को तुरंत श्रीनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी घायलों की हालत स्थिर है। घटना के बाद नहर से सीआरपीएफ वाहन को बाहर निकालने के लिए भी अभियान चलाया गया।

### गांदरबल में सुरक्षा बलों ने निष्क्रिय किया आईईडी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सुरक्षा बलों ने शनिवार को एक संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का पता लगाकर उसे नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि आईईडी को एक बैग में रखकर जिले के सफापोरा इलाके में कोहेस्तान कॉलोनी के पास गुलाब शेख मोहल्ले में सड़क किनारे रखा गया था।

## दक्षिणी नेपाल के रौतहट जिले में कर्फ्यू लागू

**काठमांडू।** दक्षिणी नेपाल में मधेस प्रांत के रौतहट जिले में दो गुटों के बीच हुई झड़पों के बाद तनाव बढ़ने पर कुछ हिस्सों में शनिवार को कर्फ्यू लगा दिया गया। गुरुवार शाम को एक विवाद के बाद दो समुदायों के बीच झड़पें शुरू हुईं, जिसके बाद शुक्रवार और शनिवार सुबह तक जारी रही हिंसा में आठ लोग घायल हो गए। मुख्य जिला अधिकारी दिनेश सागर भुसाल के अनुसार, शनिवार दोपहर एक बजे से जिला मुख्यालय गौर और अन्य हिस्सों में अगले आदेश तक कर्फ्यू लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि यह निर्णय रौतहट जिला सुरक्षा समिति द्वारा लिया गया है। जिला प्रशासन ने कर्फ्यू क्षेत्र में लोगों की आवाजाही, सभाओं, रैलियों और प्रदर्शनों पर रोक लगा दी है।

## अजित पवार विमान दुर्घटना मामले में साजिश की जांच हो

**मुंबई, एजेंसी**

- विधायक रोहित पवार ने पीएम मोदी और गृहमंत्री को भेजा पत्र

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के विधायक रोहित पवार ने शनिवार को आरोप लगाया कि बड़े व्यवसायी और नेता 28 जनवरी को पुणे के बारामती में हुए विमान दुर्घटना की जांच में विलंब और उसे नियंत्रित करने की साजिश कर रहे हैं जिसमें उनके चाचा एवं महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत हो गई थी।

दो बार के विधायक पवार ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखा है, जिसमें उनसे तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू को हटाने की अपील की गई है, जो सत्ताधारी भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रवादी जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की साझेदार है। रोहित पवार ने मीडिया से कहा, मैं मोदी जी से आग्रह करता हूं कि नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के मामले में तुरंत कार्रवाई करें। वीएसआर कंपनी और उनकी पार्टी के बीच रिश्तों पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इन रिश्तों की जांच एक स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी से होनी चाहिए। अगर ज़रूरी हो तो अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को भी शामिल किया जाना चाहिए। जांच होने तक राम मोहन नायडू को मंत्री पद से इस्तीफा देने को कहा जाए।


## विमान खरीदने पर मरियम नवाज पर साधा निशाना

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज अपने निजी इस्तेमाल के लिए 11.7 अरब पाकिस्तानी रुपये का एक आलीशान विमान खरीदने के मामले में कड़ी आलोचनाओं का सामना कर रही हैं। स्ट्रैटकॉम ब्यूरो के अनुसार, पंजाब सरकार ने वीआईपी परिवहन के लिए 2019 में निर्मित एक नया गल्फस्ट्रीम जी500 विमान खरीदा है। विमान की अनुमानित कीमत लगभग 4.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने कहा कि मरियम नवाज प्रशासन ने प्रस्तावित एयर पंजाब बेड़े के हिस्से के रूप में 19 सीट वाला वीआईपी विमान हासिल किया है। विपक्षी दलों ने मरियम नवाज की विलासितापूर्ण जीवन शैली की कड़ी आलोचना की है।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 22 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 11.09 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्विनी 17.54 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** - आज एकाग्र होकर अपनी परेशानियों के विषय में विचार करें। किंतु समस्याओं को किसी बाहरी व्यक्ति से शेयर न करें। आपका मन कुछ नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकता है। परिवार में आपको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृष** - आज आपके ऊपर काम का दबाव अचानक से बढ़ सकता है। उधार दिए हुए धन की वापसी को लेकर समस्या हो सकती है। व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार धन लाभ नहीं होगा। पेटदर्द की समस्या हो सकती है। प्रेम संबंधों में टकराव देखने को मिल सकता है।

**मिथुन** - आज अपनी सेहत को लेकर अत्यधिक सजग रहेंगे। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा। मित्रों की सलाह से लाभ होगा। आवश्यक कार्यों को कल पर न टालें। व्यवहार में विनम्रता के कारण लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** - आज महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पूर्वार्ध में कर लें। ऑनलाइन व्यवसाय से अत्यधिक लाभ मिल सकता है। राजनीति में आपका रुझान बढ़ सकता है। घर में मेहमान आ सकते हैं। निजी रिश्तों में दूरियां बढ़ने की संभावना है।

**सिंह** - आज निजी समस्याओं को लेकर आपको शुभचिंतकों से उत्तम सलाह मिल सकती है। व्यापार से आपको अपेक्षित लाभ मिल सकता है। सामाजिक कार्यक्रमों में आप अत्यधिक सक्रिय हो सकते हैं। मन में दूसरे कार्यों के कारण भटकाव हो सकता है।

**कन्या** - आज उच्च अधिकारियों से आपको प्रशंसा मिलेगी। आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी अच्छी रहने वाली है। दिखावे के चक्कर में आपको नुकसान हो सकता है। वित्तीय मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे।

**तुला** - आज आप कुछ नया सीखने को लेकर उत्साहित रहेंगे। कोई विरोधी आपकी प्रशंसा कर सकता है। मन का भय दूर होगा। आप किसी पुराने केस को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है।

**वृश्चिक** - आज आपको योजनाओं से हटकर काम करना पड़ सकता है। आपके नए मित्र बन सकते हैं। आपके व्यक्तित्व से लोग अत्यधिक आकर्षित होंगे। पारिवारिक कामों में आपको धन खर्च करना पड़ेगा। अपने शत्रुओं को नजरअंदाज न करें।

**धनु** - आज अपनी क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। अपने ज्ञान के दायरे को बढ़ाने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में अनुशासन कम हो सकता है। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा। संतान के व्यवहार से आपका मन आनंदित रहेगा।

**मकर** - आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक होने की संभावना है। संतान के व्यवहार से मन आनंदित रहेगा। कार्यशैली में बड़ा सुधार कर सकते हैं। उच्च शिक्षा की परेशानियां दूर होंगी। माता-पिता से सलाह लेकर नया काम शुरू करें।

**कुंभ** - आज आप दूसरों की परेशानियों को समझकर उनकी सहायता करेंगे। कारोबार में आयवृद्धि होगी। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मीन** - आज आपको धैर्य रखना होगा। कार्यक्षेत्र के वातावरण से असहज हो सकते हैं। परिजनों के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान झेलना पड़ सकता है। व्यवसाय में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।

## सुडोकू -69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | | | 7 | | |
| | | 2 | | 1 | 5 | 8 | | |
| | | 6 | | 9 | | | | |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| 6 | | 1 | | | | 3 | | 2 |
| | | 7 | | 4 | 8 | | | |
| | | 4 | | 6 | | 1 | | |
| | | | 8 | | | 2 | 3 | |
| | | 8 | | | 2 | | 5 | |

### सुडोकू - 68 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 |



> यह एक जबरदस्त मैच होने वाला है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका कोई आसान टीम नहीं है, वे पक्का मुकाबला करेंगे। और यह 2024 के वर्ल्ड कप फाइनल का रिपीट है, इसलिए हर कोई इसका इंतजार कर रहा है।
>
> – रवि शास्त्री

# स्टेडियम

अयोध्या, रविवार, 22 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| इंग्लैंड-श्रीलंका | दोपहर 3 बजे |
| भारत-दक्षिण अफ्रीका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### वीनस विलियम्स को इंडियन वेल्स में वाइल्ड कार्ड मिला

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को अगले महीने दक्षिणी कैलिफोर्निया में होने वाले बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल और युगल ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। यह 45 वर्षीय खिलाड़ी 2024 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। उस समय भी उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था लेकिन वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। वीनस तीन बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। उन्होंने 2001 की एक विवादित घटना के बाद 2002 से लेकर 2016 तक इस प्रतियोगिता का बहिष्कार किया था।

### संन्यास के नौ साल बाद वापसी करेंगे मेवेदर

**लॉस एंजिलिस।** दिग्गज मुक्केबाज फ्लॉयड मेवेदर ने कहा है कि वह नौ साल के अपने संन्यास को समाप्त करके इस साल गर्मियों में प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजी में वापसी करेंगे। मंगलवार को 49 वर्ष के होने वाले मेवेदर ने 2017 के बाद से कोई पेशेवर मुक्केबाजी मुकाबला नहीं लड़ा है। तब उन्होंने कॉनर मैकग्रेगर को हराया था। इस मुकाबले के बाद मेवेदर (50-0, 27 नॉकआउट) ने अपने करियर में तीसरी बार संन्यास की घोषणा की थी। पांच बार के पूर्व विश्व चैंपियन मेवेदर का रिंग में कोई सानी नहीं है। उन्होंने अब तक हर पेशेवर मुकाबला जीता है। संन्यास लेने के बाद भी वह प्रदर्शनी मुकाबलों में हिस्सा लेते रहे हैं।

### बांठिया-डोंस्की ने युगल का खिताब जीता

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सिद्धांत बांठिया और बुल्गारिया के अलेक्जेंडर डोंस्की की जोड़ी ने दिल्ली ओपन युगल खिताब जीत लिया। एकल ड्रॉ में पांचवीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के ओलिवर क्रॉफोर्ड का सामना यूनान के गैर वरीय स्टेफानोस साकेलारिडिस से होगा। बांठिया और डोंस्की ने दूसरी वरीयता प्राप्त भारत के निकी पूनाचा और इंडोनेशिया के प्रूच्या इसारो को 4-6, 6-4, 12-10 से हराया। यह बांठिया के कैरियर का दूसरा एटीपी चैलेंजर युगल खिताब है। उन्होंने दोनों खिताब डोंस्की के साथ ही जीते हैं।

### अर्जेंटीना के एचेवेरी सेमीफाइनल में

**रियो डी जेनेरियो।** अर्जेंटीना के आठवें सीडेड टॉमस मार्टिन एचेवेरी शुक्रवार को पुर्तगाल के जैमे फारिया को 7-6 (7-4), 6-4 से हराकर रियो ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए। एचेवेरी ने अपने पहले सर्व पर 80% पॉइंट जीते और नौ एस लगाकर जॉकी क्लब ब्रासीलीरो की आउटडोर क्ले कोर्ट पर दो घंटे और चार मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। वर्ल्ड नंबर 147 फारिया अपने पांच ब्रेक पॉइंट मौकों में से किसी को भी भुना नहीं पाए और 21 अनफोर्स्ड गलतियां कीं। एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में एचेवेरी का मुकाबला 87वीं रैंक के विट कोप्रिवा से होगा, जिन्होंने अर्जेंटीना के जुआन मैनुअल को 6-4, 6-4 से हराया।

# तिलक और सूर्यकुमार को संभालनी होगी जिम्मेदारी

## टी-20 विश्व कप : द. अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 का मैच आज



एडेन मार्करम (कप्तान)



सूर्यकुमार यादव (कप्तान)

**अहमदाबाद, एजेंसी**

ग्रुप चरण में अपने चारों मैच जीतकर खिताब बचाने की अपनी दावेदारी को मजबूत करने वाली भारतीय टीम को टी20 विश्व कप के सुपर आठ में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की बड़े शॉट खेलने के बजाय स्थिर बल्लेबाजी करने की बदली हुई रणनीति की परीक्षा होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम के पास कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन, केशव महाराज और एडन मार्करम के रूप में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है जो मौजूदा चैंपियन भारत की कड़ी परीक्षा लेने के लिए तैयार है।

दोनों टीमें पिछले दो महीनों में छठी बार एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी और यह देखना बाकी है कि रविवार को कौन सी टीम परिस्थितियों का बेहतर फायदा उठाएगी। भारतीय टीम को ग्रुप चरण में खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन वह इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि उसकी बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन (दो अर्धशतक और 202 का स्ट्राइक रेट) को छोड़कर शीर्ष चार में शामिल अन्य तीन बल्लेबाजों ने अभी तक कोई खास कमाल नहीं दिखाया है। अभिषेक शर्मा लगातार तीन मैच में शून्य पर आउट हो चुके हैं और उन्हें टूर्नामेंट में अपने पहले रन का इंतजार है। सूर्यकुमार और तिलक ने हालांकि सूत्रधार की भूमिका निभाई है लेकिन इन दोनों ने ऐसी पिचों पर सहज प्रदर्शन नहीं किया है जहां गेंद रुककर आ रही हो। भारत रन बनाने के लिए हार्दिक पंड्या (स्ट्राइक रेट 155) और शिवम दुबे (स्ट्राइक रेट 178) पर भी काफी हद तक निर्भर रहा है। टीम को इन दोनों ऑलराउंडर से फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अभिषेक के लगातार दो बार ऑफ स्पिनरों के हाथों आउट हुए हैं और इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्क्रम पावरप्ले में ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करने का फैसला करते हैं या नहीं। भारतीय टीम के लिए भले ही अभिषेक की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन पहले चरण में तिलक की लचर बल्लेबाजी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

### टीम मैनेजमेंट अभिषेक के लगातार कम स्कोर से परेशान नहीं : कप्तान

**अहमदाबाद।** भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ओपनर अभिषेक शर्मा का साथ दिया है, जो अभी चल रहे टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, क्योंकि टीम रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पहले सुपर 8 मैच की तैयारी कर रही है। सूर्यकुमार ने साफ किया कि टीम मैनेजमेंट अभिषेक के लगातार कम स्कोर से परेशान नहीं है। भारतीय कप्तान ने बाएं हाथ के इस बल्लेबाज की काबिलियत पर अपना भरोसा दोहराया और उम्मीद जताई कि टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ ही टॉप रैंक वाला टी20 बल्लेबाज जल्द ही अपनी फॉर्म में वापस आ जाएगा। सूर्या ने कहा मुझे उन लोगों की चिंता है जो अभिषेक के फॉर्म को लेकर परेशान हैं; मुझे उनकी चिंता है। वे अभिषेक के फॉर्म को लेकर इतने परेशान क्यों हैं? लेकिन मैं उन टीमों के बारे में सोचता हूं जो उसके खिलाफ खेलने वाली हैं।

- **दक्षिण अफ्रीका के पास है मजबूत गेंदबाजी आक्रमण, जो लेगा भारत की कठिन परीक्षा**

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकलटन, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, मार्को यानसन, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, केशव महाराज, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नार्किया, क्वेना मफाका, जॉर्ज लिंडे, जेसन स्मिथ।

### काली मिट्टी की पिच पर होगा मैच, स्पिन की उम्मीद कम

**अहमदाबाद।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को सुपर आठ चरण का मैच नियमित काली मिट्टी पर खेला जाएगा, जिससे स्पिनरों को शायद मदद नहीं मिले और इससे टीम प्रबंधन के सामने दुविधा हो गई है कि अतिरिक्त स्पिनर को चुने या तेज गेंदबाज का। अक्षर पटेल टीम में वॉशिंगटन सुंदर की जगह ले सकते हैं। डैथ ओवरों में अर्शदीप सिंह की उपयोगिता को देखते हुए भारतीय टीम तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को शामिल करने से पहले काफी सोच विचार करेगी। मोटेरा मैदान पर सभी तीन तरह की पिचें हैं, लाल मिट्टी, काली मिट्टी और मिश्रित मिट्टी की। इस मैच के लिये काली मिट्टी की पिच तैयार की गई है जिससे अच्छा उछाल मिलेगा। इससे घास पूरी तरह से छांट दी गई है। मोटेरा में क्रिकेट खेलते आये गुजरात के एक पूर्व कप्तान ने कहा कि इससे स्पिनरों को टर्न नहीं मिलेगी।

# सुपर-8 का पहला मुकाबला बारिश से रद्द

**पल्लेकल, एजेंसी**

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप दो का मैच शनिवार को बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया। इससे दोनों टीमों को एक एक अंक बांटना पड़ा। हल्की बूंदाबांदी के बीच पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया था। लेकिन अचानक तेज बारिश होने लगी जिससे मैच रद्द करने का फैसला लेना पड़ा।

पाकिस्तान ने टीम में ख्वाजा नफे की जगह फखर जमां को शामिल किया था। वहीं न्यूजीलैंड टीम में तीन बदलाव किये गए थे। कप्तान मिचेल सेंटनेर पेट के संक्रमण से उबरकर टीम में लौटे जबकि लॉकी फर्ग्यूसन और ईश सोढी को भी अंतिम एकादश में शामिल किया गया। अब पाकिस्तान को 24 फरवरी को इंग्लैंड से खेलना है। न्यूजीलैंड टीम 25 फरवरी को श्रीलंका से खेलेगी।

मैच रद्द होने से न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के लिए राह कठिन हो सकती है जिन्हें सुपर आठ में दो दो मैच और खेलने हैं। श्रीलंका के मौसम को देखते हुए अगर आगे कोई मैच रद्द होता है या हार का सामना करना पड़ता है तो सेमीफाइनल के रास्ते बंद हो सकते हैं।



टॉस के बाद बारिश शुरू होने के कारण मैदान को ढक दिया गया।

- **पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को मिला 1-1 अंक**

### एक हार पड़ सकती है दोनों टीमों के लिए भारी

अगर पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड की टीम अपने अगले दो मैच जीत जाती है तो वह सेमीफ़ाइनल में पहुंच जाएंगे लेकिन एक हार उन्हें तीन अंकों तक सीमित कर सकती है, जिससे उनपर बाहर होने का खतरा बढ़ जाएगा।

# श्रीलंका के खिलाफ पिछली शृंखला के प्रदर्शन से प्रेरणा लेगा इंग्लैंड

**पल्लेकल (श्रीलंका), एजेंसी**

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली इंग्लैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट से पहले शृंखला में क्लीन स्वीप करने के प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने इसी महीने की शुरुआत में श्रीलंका को टी20 शृंखला में 3-0 से हराया था और वह सुपर आठ के मैच में अपने इस प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेगा।

इंग्लैंड का टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन अभी तक प्रभावशाली नहीं रहा है। उसे एसोसिएट देशों के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था जबकि पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज से उसे हार मिली थी। सह-मेजबान श्रीलंका ने आयरलैंड और ओमान पर जीत के साथ शुरुआत की। उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उसे आठ विकेट से हराया। लेकिन गुरुवार को कोलंबो में अपने आखिरी ग्रुप मैच में जिम्बाब्वे से हारने के बाद श्रीलंकाई टीम की लय बिगड़ गई। दोनों टीमों के लिए यह एक नई शुरुआत होगी, जिसमें श्रीलंका घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। दूसरी तरफ इंग्लैंड उस स्थान पर अपनी लय वापस हासिल करने की कोशिश करेगा जहां उसने कुछ दिन पहले अच्छा प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड ने लीग चरण के अपने सभी मैच भारत में खेले हैं और श्रीलंका लौटकर खुश होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद शतक जड़ने वाले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। वह इस टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले तीन खिलाड़ियों में से एक हैं।





श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका और इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक।

### टीम

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रुक (कप्तान), टॉम बैंटन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, ल्यूक वुड।

**श्रीलंका :** दासुन शनाका (कप्तान), कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, पथुम निसांका, कुसल परेरा, पवन रत्नायके, चैरिथ असालंका, दुशान हेमंथा, जेनिथ लियानगे, कामिंदु मेंडिस, दुशमंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, प्रमोद मदुशन, महीश तीक्षाना, डुनिथ वेललागे।

# टी-20 शृंखला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक जीत

**एडिलेड, एजेंसी**

भारत ने उप कप्तान स्मृति मंधाना (82 रन) और करिश्माई बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स (59 रन) के बीच शतकीय साझेदारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत शनिवार को यहां निर्णायक तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 17 रनों से शिकस्त देकर इस मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक दशक में पहली द्विपक्षीय टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला अपने नाम की।

मंधाना (55 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के) और रोड्रिग्स (46 गेंद में चार चौके) ने मिलकर 121 रन की साझेदारी निभाकर भारत को छह विकेट पर 176 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। फिर भारतीय गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी की जिसमें युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल (22 रन देकर तीन विकेट) और तेज गेंदबाजी की अगुआई करने वाली रेणुका सिंह (29 रन देकर एक विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए स्कोर तीन विकेट पर 32 रन कर दिया।

इन शुरुआती झटकों ने भारत के दबदबे भरे प्रदर्शन की शुरुआत की और अंत में उसने मेजबान टीम को 20 आवेर में नौ विकेट पर 159 रन पर रोककर टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में 2-1 से यादगार जीत दर्ज की। इस तरह भारत ने 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला जीती। बाएं हाथ की युवा स्पिनर श्री चरणी (तीन विकेट) ने भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाते हुए तीन विकेट प्राप्त किए।



जीत का जश्न मनाती भारतीय महिला टीम।

### जेमिमा के रवैये से लय हासिल करने में मिली मदद: मंधाना

**एडीलेड।** भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि जेमिमा रौड्रिग्स के साहसी रवैये से उन्हें धीमी शुरूआत के बाद लय हासिल करने में मदद मिली जिसके दम पर भारत ने आस्ट्रेलिया को तीसरे टी20 मैच में शनिवार को 17 रन से हराया। मंधाना ने 82 रन बनाये जबकि जेमिमा ने 59 रन की पारी खेली और दोनों ने 121 रन की साझेदारी करके भारत को छह विकेट पर 176 रन तक पहुंचाया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने आस्ट्रेलिया को नौ विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। मंधाना ने मैच के बाद कहा जब वह आई तब मैं 16 गेंद पर 15 रन बनाकर खेल रही थी। उसने आकर तीन चार चौके लगाये और मुझे लय हासिल करने के लिये समय मिल गया। उन्होंने कहा ये छोटी छोटी चीजें हैं जिन पर ध्यान नहीं जाता।

**कलह**

**विश्व कप न खेलने का मलाल, बोले-तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया गया**

# पूर्व खेल सलाहकार पर भड़के बांग्लादेश के सहायक कोच

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने पूर्व खेल सलाहकार आसिफ नजरुल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया और मौजूदा टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी के संबंध में अपना रुख बदल दिया। सलाहुद्दीन ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के फैसले को स्वीकार करना बेहद मुश्किल था। उन्होंने दावा किया कि टीम के दो सदस्य मानसिक रूप से बुरी तरह टूट गए थे।

नजरुल ने शुरू में यह दावा किया था कि सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत की यात्रा न करने का फैसला सरकार ने लिया था। लेकिन अपने पद से इस्तीफा देने के बाद वह इससे मुकर गए और उन्होंने कहा था कि यह फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और खिलाड़ियों ने लिया था।



सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन।

सलाहुद्दीन ने पत्रकारों से कहा उन्होंने सरासर झूठ बोला। मैं भी एक शिक्षक हूं और शिक्षक आम तौर पर कम झूठ बोलते हैं। वह इस तरह खुलेआम झूठ बोलेंगे। मैं सचमुच इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता। मैं खिलाड़ियों को अपना चेहरा कैसे दिखाऊंगा। उन्होंने तो एकदम यू-टर्न ले लिया। सलाहुद्दीन ने कहा कि फैसला लेने में खिलाड़ियों की कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा, वह ढाका विश्वविद्यालय में शिक्षक हैं। मेरे देश के सर्वोच्च शिक्षण संस्थान का कोई व्यक्ति इस तरह का झूठ बोल रहा है। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। हम इसे कैसे स्वीकार कर सकते हैं। उन्होंने पहले कुछ कहा और बाद में अपने बयान से पलट गए। बांग्लादेश ने अपने मैच खेलने के लिए भारत आने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में उसकी जगह शामिल किया गया था। सलाहुद्दीन ने कहा कि टी20 विश्व कप से बाहर किए जाने के बाद खिलाड़ी बेहद निराश थे। उन्होंने कहा विश्व कप में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है और उनका सपना एक पल में चकनाचूर हो गया। मैं जानता हूं कि हमारे दो खिलाड़ी पांच दिन तक सदमे में रहे। वे पूरी तरह से टूट चुके थे।

### आईसीसी का राजस्व मॉडल है प्रतिकूल : नीदरलैंड्स

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड के सदस्य राशिद शाह का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का मौजूदा वाणिज्यिक मॉडल एसोसिएट देशों के प्रतिकूल है क्योंकि इसमें अधिकांश हिस्सा टेस्ट खेलने वाले देशों को दिया जाता है। वर्ष 2024 से 2027 तक के चक्र में आईसीसी के राजस्व का लगभग 40 प्रतिशत यानी अनुमानित 231 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष भारत को मिलेगा। आईसीसी अपने राजस्व का सबसे बड़ा हिस्सा भारत से हासिल करता है जिसमें मीडिया अधिकार प्रमुख हैं। शाह ने हालांकि बीसीसीआई की उपलब्धियों और योगदान की प्रशंसा की।